## संक्षिप्त खबरें

### एबीलिम्पिक्स प्रतियोगिता में शिक्षक मुकेश ने जीता सिल्वर मेडल

फतुहा। झारखंड के टाटानगर में आयोजित हुए ईस्ट जोन रीजनल एबीलिम्पिक्स प्रतियोगिता में जेठुली के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय के कम्प्यूटर शिक्षक मुकेश कुमार ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। यह मेडल उन्हें डाटाबेस प्रोसेसिंग की हुई प्रतियोगिता में दी गयी है। विदित हो कि नेशनल एबिलिम्पिक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया व टाटा पावर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। अब शिक्षक मुकेश कुमार हरियाणा के गुरुग्राम में हो रहे राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक कृष्ण ने विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षक मुकेश कुमार को बधाई दी है।

### हाइवा के धक्के से भाई-बहन घायल, सड़क जाम कर हंगामा



पटना सिटी, अगमकुआं थाना के बड़ी पहाड़ी के पास हाइवा की चपेट में आने से दस वर्षीय विराज घायल हो गया, जबकि आठ वर्ष की बहन देविका मामूली तौर पर चोटिल हो गई। इस घटना से गुस्साए लोगों ने फोरलेन को जाम कर आगजनी करते हुए हंगामा किया। इस दौरान शेखपुरा के निवासी और स्थानीय पोठिया के नवरायपुर का रहने वाला चालक सियाराम कुमार पिता उदय शंकर यादव को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने जख्मी चालक को भीड़ से बचा कर एनएमसीएच के इमरजेंसी में इलाज को भर्ती कराया है। परिवार के लोग घायल ने बच्चे विराज को इलाज के लिए पहले एनएमसीएच लेकर आए मगर चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मच ले जाने को कहा दरअसल इसका एक पैर का मांस बाहर निकला हुआ था और खून बह रहा था। चालक के पास अगम कुआं थाना के पुलिस पदाधिकारी और दो ट्रैफिक के जवान अपनी अभी रक्षा में लेजाना करवा रहे थे। चालक सियाराम का सिर फट गया है चेहरे पर खास सूजन है जबकि पीठ में चोट के निशान साफ दिख रहा था। घटनास्थल पर पहुंचे अगम कुआं थाना व बाईपास ट्रैफिक थाना की पुलिस के पहुंचने पर लोग आकर्षित हो गए और उनसे हाथापाई करने लगे स्थिति की व्यवस्था को देखते हुए आसपास के करीब आधा दर्जन से अधिक थाना की पुलिस बल को बुलाया गया इसके बाद लोगों ने पुलिस पर पथराव भी शुरू कर दिया गया हाईवे में तोड़फोड़ किया गया इसके अलावे ट्रैफिक पोस्ट को भी क्षति पहुंचाई गई तब पुलिस ने आक्रोशित लोगों को तीतर भीतर करने के लिए हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ दिया। एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि हाय वो शेखपुरा से छपरा को लेकर चालक सियाराम कुमार जा रहा था इसी दौरान ढाका लगने से दो बच्चे घायल हो गए इसी से लोग आकर्षित हो गए उन सबों की मांग थी कि यहां पर रोड क्रॉसिंग करने के लिए बनाया जाए कारण की आए दिन यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों भाई-बहन स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक की टक्कर से भाई जख्मी हो गया। इसके बाद आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आए और वाहनों में तोड़फोड़ व आगजनी करते हुए सड़क जाम कर दिया। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पहुंची अगमकुआं और यातायात थाना के साथ दूसरे आधा दर्जन थाना की पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा कर सड़क जाम हटवाया। इसी बीच पिटाई से जख्मी चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। यातायात थानाध्यक्ष रविकांत ने बताया कि मामले में जांच-पड़ताल की जा रही है। फोरलेन जाम होने के कारण एनएच 30 व गांधी सेतु पर भी वाहनों का परिचालन प्रभावित हो गया था। सड़क जाम हटाने के बाद वाहनों का परिचालन कुछ देर बाद सामान्य हो सका।

# एनएच पर लूट की घटना करने वाले चार गिरफ्तार

## तीन देसी पिस्तौल, 12 गोली, दो मोबाइल जब्त, सरगना कुंदन व चंदन फरार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



करीब 20 दिन पूर्व जेल से छूट कर बाहर निकले कुंदन कुमार उर्फ ब्लैक और चंदन कुमार अपने सहयोगियों के साथ एनएच 30 पर लूट की घटना को अंजाम देने वाला था। इसके पूर्व ही छोटी नगला में सभी इकट्ठा था कि पुलिस को गुप्त सूचना मिल गई। नतीजतन पुलिस ने आनन-फानन में टीम का गठन करते हुए कार्रवाई की और इस दौरान एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध करते हुए तीन अन्य को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि इस दौरान मुख्य सरगना चंदन कुमार और कुंदन कुमार उर्फ ब्लैक फरार होने में सफल रहा। दोनों का हत्या, डकैती, लूट, आर्म्स एक्ट आदि मामलों में संलिप्तता रही है और तीन थाना क्षेत्र में पांच से छह मामला दर्ज है। पुलिस ने इन सबों के पास से तीन देसी पिस्तौल, 12 गोली और दो मोबाइल जब्त किया है। यह जानकारी डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सोमवार को दी। इस संबंध में बताया गया कि दुगार्पूजा को लेकर वरीय पुलिस अधिकारियों के द्वारा सूचना संकलन एवं विधि-व्यवस्था संधारण की ड्यूटी को सख्ती और मुस्तैदी के साथ करने का निर्देश दिया गया था। इसी दौरान पुलिस निरीक्षक सह मालसलामी थाना के थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि छोटी नगला में जेल से छूट कर अपराधी चंदन कुमार, कुंदन कुमार और मुन्ना कुमार अन्य अपराधियों के साथ मिलकर लूट की बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए छोटी नगला में जुटा है। यह सब एनएच 30 पर लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों और बल के साथ कार्रवाई करते हुए उन सबों की घेरेबंदी की गई। इस दौरान पहले अपराधी मुन्ना कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसके द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ-30 पर लूटपाट करने के लिए हथियार जुटाने की बात कही गई। उसकी निशानदेही पर एक और अपराधी राजा कुमार को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने दो देसी पिस्तौल के साथ सात गोली बरामद किया गया। पकड़े गए उक्त दोनों अपराधी के बताए अनुसार एक और अपराधी अनिकेत कुमार एवं एक विधि विरुद्ध बालक को हिरासत में लिया गया। इसके निशानदेही पर फिर एक देसी पिस्टल एवं पांच गोली बरामद किया गया। पकड़े गए उक्त अपराधी के सरगना जेल से छूटे कुख्यात अपराधी कुंदन कुमार उर्फ ब्लैक और चंदन कुमार भागने में सफल हो गया। पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के कारण किसी बड़ी आपराधिक घटना को अपराधियों के द्वारा अंजाम देने के पूर्व रोका जा सका। इस तरह से पुलिस ने तीन देसी पिस्तौल, 12 गोली एवं दो मोबाइल के साथ तीन अपराधी को गिरफ्तार कर लिया एवं एक विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। इस संबंध में मालसलामी थाना में छह अक्टूबर को कांड संख्या 472/24 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व आपराधिक इतिहास के बारे में पता किया जा रहा है। गिरफ्तार लोगों में छोटी नगला आदर्श कॉलोनी बी का मुन्ना कुमार पिता स्व सतीश ठाकुर, गाड़ीवान टोला का अनिकेत कुमार पिता प्रेम कुमार मूल रूप से मुजफ्फरपुर जिला के पारू थाना के फतिहाबाद और वर्तमान में छोटी नगला आदर्श कॉलोनी स्थित संतोष प्रसाद के मकान में बतौर किराएदार रहने वाला राजा कुमार पिता शंभू शर्मा को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। वहीं फरार चंदन कुमार पिता बलिंदर साह पर मालसलामी, चौक और बहादुरपुर थाना में पांच कांड दर्ज है, जबकि फरार कुंदन कुमार उर्फ ब्लैक पिता बाढ़ु साह के खिलाफ दो थाना में आधा दर्जन मामला दर्ज है। दोनों करीब 20 दिन पूर्व ही जेल से छूट कर बाहर आया है। दोनों पर लूट, आर्म्स एक्ट, डकैती आदि मामले दर्ज हैं। डीएसपी डॉ गौरव कुमार ने बताया कि छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, एएसआई संजय कुमार, अनिरुद्ध कुमार राय, परि एसआई अमित कुमार, सिपाही मनोर कुमार, संतोष कुमार, संतोष कुमार यादव, संजीत कुमार और दीपक कुमार शामिल थे।

# पालीगंज में ट्रैक्टर और बाइक में हुई टक्कर बाइक सवार की हुई मौत

प्रात :किरण संवाददाता



पालीगंज के सिगोड़ी थाना अंतर्गत चंदोस बाजार में सोमवार को ट्रैक्टर तथा बाइक के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार को पटना जिले के सिगोड़ी थाना अंतर्गत चंदोस बाजार में एक ट्रैक्टर तथा बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत घटनास्थल पर हो गया। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गया। वही मृतक की पहचान सिगोड़ी थाना क्षेत्र के बहादुरगंज गांव निवासी सूर्यदयाल चौधरी के पुत्र बाबू नंद चौधरी के रूप में हुआ। वही घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिगोड़ी थाने की पुलिस शव को कब्जे में ले लिया तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

# 89 लीटर विदेशी शराब बरामद

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। सोमवार को फतुहा थाना की पुलिस ने गोविन्दपुर बाईपास रेलवे पुल के नजदीक स्थित एक करकटनुमा दुकान से 89 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। बरामद शराब में केन बियर समेत विभिन्न ब्रांड के शराब शामिल है। पुलिस को देखते ही धंधेबाज भागने में सफल हो गया। पुलिस की छापेमारी के समय दुकान बंद थी। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। बरामद विदेशी शराब की कीमत करीब 90 हजार रुपए बतायी जा रही है। थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज ने बताया कि धंधेबाज को चिन्हित कर लिया गया है, उसके लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एसजीजीएस अस्पताल में पांच माह से वेतन नहीं, हड़ताल पर गए सफाई कर्मी

## सिविल सर्जन से बात होने व संचिका देख साइन की बात कहने पर काम पर लौटे





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में 22 सफाई कर्मियों को करीब पांच माह से वेतन नहीं मिला है। यह सब आउटसोर्स पर काम कर रहे थे। आउटसोर्स एजेंसी का कहना था कि पिछले 5-6 माह से उसे भुगतान नहीं किया गया है जब सिविल सर्जन के पास फाइल हस्ताक्षर करने के लिए गया तब उनका कहना था कि पिछले अधीक्षक के कार्यकाल में किस तरह का अनुबंध हुआ है यह उन्हें पता नहीं है जब वह फाइल उनके पास आएगा तब उसे देखकर ही वह भुगतान के लिए हस्ताक्षर करेंगे। इस दौरान बकाया राशि की मांग को लेकर सोमवार को घंटों सफाई कर्मियों ने कार्य बाधित कर दिया। बाद में अस्पताल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

बाद में पहुंचे पूर्व पार्षद सह श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल सुधार समिति के महासचिव बलराम चौधरी ने कहा कि सफाई कर्मियों की मांग जायज है। आउटसोर्सिंग कंपनी को लगभग छह-सात महीना से भुगतान नहीं होने के कारण सफाई कर्मियों को भुगतान नहीं दिया गया है। दशहरा जैसे त्योहार में भी सफाई कर्मियों को भुगतान नहीं हो रहा है। इतने बड़े अस्पताल में इसी सफाई कर्मियों के द्वारा सफाई की जाती है। सुबह जब मरीज आउटडोर में इलाज के लिए पर्चा बनाने और इलाज के लिए पहुंचे, तो यत्र-तत्र गंदगी पसरी थी। बाद में मध्याह्न 12 बजे के बाद सिविल सर्जन से स्वास्थ्य प्रबंधक मो शब्बीर खां ने बात की। सीएस के द्वारा फाइल मांगे जाने के बाद देखकर ही भुगतान संचिका पर हस्ताक्षर करने की बात कही गई तब इसके बाद सफाई कर्मियों ने काम करना शुरू किया। प्रदर्शन में सफाईकर्मी रुपा देवी, गायत्री देवी, शीला देवी, हीरा राम, राजू राम, कौशल्या देवी, सुनीता देवी, मो पप्पू आदि शामिल थे।

# सीमा शुल्क द्वारा जब्त किए गए सिगरेट, जांच के बाद पाई गयी नकली

- एक पैसेंजर बस की छत से चार प्लास्टिक बैग में रखे 95000 स्टीक गोल्ड फ्लैक सिगरेट (9500 पॉकेट) को जब्त किया गया था
- जब्त सिगरेट का अनुमानित मूल्य नौ लाख रुपए है

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना। सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत सीमा शुल्क प्रमंडल मोतिहारी के अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए सिगरेट जांच के बाद नकली पाई गयी। सीमा शुल्क प्रमंडल मोतिहारी के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर 28.सितंबर 2024 को नकरडेरी, अदापुर रक्सौल रोड के समीप एक पैसेंजर बस की छत से चार प्लास्टिक बैग में रखे 95000 स्टीक गोल्ड फ्लैक सिगरेट (9500 पॉकेट) को जब्त किया गया था। जिसका कुल अनुमानित मूल्य नौ लाख रुपए है। सीमा शुल्क प्रमंडल मोतिहारी को यह गुप्त सूचना मिली थी कि बिना किसी वैध कागजात के भारत में निर्मित सिगरेट का निर्यात के लिए जा रहा था। तत्काल अधिकारीयों के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। जाँच में नकरडेरी, अदापुर रक्सौल रोड के समीप एक पैसेंजर बस के छत पे रखे चार प्लास्टिक बैग में 95000 स्टीक गोल्ड फ्लैक सिगरेट (9500 पॉकेट) पाया गया। इन सिगरेटों के स्वामित्व के बारे में पूछने पर में किसी भी व्यक्ति ने अपना दावा पेश नहीं किया। जिससे यह स्पष्ट होता है कि ये सभी सिगरेट बिना किसी कागजात के अवैध तरीके से निर्यात के लिए जा रहा था। जिसे सीमा शुल्क प्रमंडल मोतिहारी के अधिकारियों द्वारा जब्त कर लिया गया। जब्त की गई सिगरेटों पर मेक इन आई टी सी अंकित है। तत्पशात पुनः आगे जाँच में ये सभी सिगरेट नकली पाए गए।

पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क (निवारण) आयुक्ततालय पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान छेड़ा गया है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के निर्देश पर सीमा शुल्क प्रमंडल मोतिहारी के द्वारा की गई। डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण आयुक्त ने आगे बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले व्यक्तियों का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक अभियान में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सकेका इस सम्बन्ध में आयुक्त ने यह भी बताया की तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारीयों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है।

# नवजात शिशुओं को एसएनसीयू लाने-ले जाने को मिलेगी नि:शुल्क एम्बुलेंस सुविधा





प्रात :किरण संवाददाता

पटना- राज्य सरकार और राज्य स्वास्थ्य समिति मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) को नई-नई सुविधाओं से लैस कर रही है. ताकि, कमजोर और बीमार नवजातों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके. इस क्रम में अब एसएनसीयू में भर्ती करने व डिस्चार्ज के बाद नवजात शिशुओं घर पहुँचाने के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस की सुविधा मुहैय्या करायी जाएगी. शिशु स्वास्थ्य के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विजय प्रकाश राय ने राज्य के सभी सिविल सर्जन को इस सम्बन्ध में पत्र जारी कर निर्देश दिया है. उन्होंने बीमार नवजातों को एसएनसीयू में सरकारी एम्बुलेंस के माध्यम से रेफर करने एवं डिस्चार्ज के पश्चात उन्हें सरकारी एम्बुलेंस के माध्यम से वापस घर पहुंचाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। जीवित जन्म के लक्ष्य को करना है कम पत्र में बताया है कि एसआरएस 2020 के अनुसार, राज्य का नवजात मृत्यु दर 21/1000 जीवित जन्म है. एसडीजी का लक्ष्य 2030 तक नवजात मृत्यु दर 12/1000 जीवित जन्म तथा नेशनल हेल्थ पॉलिसी का लक्ष्य 2025 तक नवजात मृत्यु दर 16/1000 जीवित जन्म करना है. इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार सतत प्रयासरत है. पत्र में उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया है कि अप्रैल से अगस्त, 2024 में एसएनसीयू में बच्चों को रेफर करने के लिए कुल 8,378 बच्चों को एम्बुलेंस की सुविधा प्रदान की गयी जिसमें निजी एम्बुलेंस की सेवा लेने वालों की संख्या 5,025 है, जो चिंता का विषय है. राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राय ने बीमार नवजातों को एसएनसीयू रेफर करने के लिए जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत निःशुल्क एम्बुलेंस सुविधा प्रदान करने और इलाज के बाद बच्चों और अभिभावकों को निःशुल्क एम्बुलेंस की सुविधा प्रदान कराने का निर्देश दिया है।

# मच्छरहट्टा गली में प्रतिमाओं का साज, मुकुट, अस्त्र-शस्त्र, माला लेने की भीड़

## बिहार के विभिन्न जिलों से लेकर झारखंड में यहां से जाता है सामान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



दशहरा के अवसर पर भगवती दुर्गा देवी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं, तो विभिन्न पूजा समितियां उन प्रतिमाओं का मुकुट, अस्त्र-शस्त्र, साज-सज,जा बाल सुरखाब का पंख, राक्षस का बाल, कंठा, ताबीज, माला, नथिया, टीका, आशीवार्दी आदि की खरीदारी कर रहे हैं। साथ ही भगवती के साथ, अन्य प्रतिमाओं और राक्षस के लिए भी वस्त्र की खरीदारी की जा रही है। यहां के मच्छरहट्टा गली मुकुट, साज-सज्जा से लेकर बाल, राक्षस का कंठा, जेवर, आशीवार्दी, मोर पंख, सुर्खाब का पंख आदि बिक्री का प्रमुख केंद्र है। यहां विभिन्न पूजा समितियां के द्वारा खरीदारी करने की होड़ सी लगी है। बिहार के विभिन्न जिलों से लेकर झारखंड के विभिन्न शहरों से व्यापारियों ने यहां से माल खरीद कर बेचने के लिए ले जा चुके हैं। अब खरीदारी बिल्कुल स्थानीय स्तर पर रह गई है। यहां के विक्रेता प्रमोद कुमार, रमेश पटेल, आशीष कुमार और राजकुमार चंद्रवंशी ने बताया कि पूजा समितियां के द्वारा भगवती दुर्गा देवी के सिंगल मूर्ति के अलावा पांच मूर्ति का सेट का सामान भी ले जाते हैं। फिलहाल इसमें सिंगल मूर्ति और पांच मूर्ति का साज-सज्जा, मुकुट, अस्त्र-शास्त्र, बाल, क्रेप बाल, सुर्खाब का पंख, मोर पंख, सर का बाल, राक्षस का बाल, राक्षस का कंठा, ताबीज, माला, नथिया, टीका, राक्षस का गोखुला, आशीवार्दी, बांग्ला मुकुट सिंगल और पांच सेट का बिक्री जोरों पर है। यहां सिंगल प्रतिमा का मुकुट 250 से लेकर 3000 रुपया तक मिल रहा है, जबकि पांच मूर्ति का सेट 4000 से लेकर 8000 के बीच मिल रहा है। अस्त्र-शस्त्र स्पेशल 450 से लेकर 900 का सेट बिक रहा है। बाल स्पेशल 300 से 1200 प्रति ग्रुस, जबकि चालू बाल 200 से 600 प्रति ग्रुस बिक रहा है। क्रेप बाल 100 मुट्ठा है, जो 20 मीटर का आता है। सुर्खाब का पंख 240 रुपए दर्जन, तो मोर पंख 250 से 700 प्रति 100 पीस की दर से उपलब्ध है। सिर का बाल 130 से 170 प्रति किलो, राक्षस का बाल 90 से 120 प्रति किलो, राक्षस का कंठा 30 से 350 रुपए प्रति सेट, राक्षस का ताबीज 20 से लेकर 80 प्रति पीस है। विभिन्न प्रकार का माला फैंसी सहित 30 से लेकर 2400 रुपया प्रति पीस मिल रहा है। नथिया और टीका 10 से 150 रुपया पीस रोड्स में उपलब्ध है। राक्षस का गोखुला 275 से 325 रुपए प्रति दर्जन है। आशीवार्दी (जिसे बंगला में चांद माला भी कहते हैं) 225 से 1200 प्रति दर्जन है। बांग्ला मुकुट पांच का सेट 600 से 8000 प्रति सेट मिल रहा है।

# तत्कालीन जत्थेदार के मामले की सुनवाई श्री अकाल तख्त में नहीं करने को भेजा पत्र



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री पटना साहिब के सिंह साहिबानों ने पिछले दिनों बैठक कर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुवीर सिंह को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि रणजीत सिंह गौहर, जो तख्तश्री पटना साहिब के सम्मानित पंज प्यारे सिंह साहिबान द्वारा तनखैया घोषित और पंथ से निष्कासित व्यक्ति हैं। साथ ही उन पर जत्थेदार रहते हुए मयार्दा हनन के अनेक आरोप लगाए गए हैं। इसमें खासकर एक संगत के द्वारा दरबार साहिब में गुरु महाराज को दिए गए चढ़ावा को सोना बता कर दिया था। उस संगत पर उनके सेवादार के द्वारा थाना में मामला दर्ज कराया गया। दानदाता को उन्होंने अनन्य सेवक का प्रमाण पत्र देने का काम किया था। श्री अकाल तख्त साहिब को भेजे गए पत्र में श्री गौहर पर अनेक आरोप लगाए गए हैं। कहा गया कि वे दरबार साहिब में खुद हथियार लेकर आते थे और उनके सुरक्षा कर्मी भी हथियार के साथ प्रवेश करते थे। यह भी कहा गया कि जब से यह जत्थेदार बने थे, उनके अहंकारी मानसिकता, गंदी राजनीति और तख्त साहिब के मयार्दा का बार-बार उल्लंघन करने के कारण यहां का माहौल खराब हो गया। अभी भी वह यहां का माहौल खराब करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। पत्र में आग्रह किया गया है कि तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारे सिंह साहिबान की ओर से आपसे अपील है कि रणजीत सिंह गौहर के किसी भी मामले की सुनवाई श्री अकाल तख्त साहिब में नहीं की जाए। उनके मामले की सुनवाई केवल तख्तश्री पटना साहिब में ही की जाए। पत्र में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी भाई दिलीप सिंह, भाई गुरदयाल सिंह, वरीय मीत ग्रंथी भाई परशुराम सिंह और मीत ग्रंथी भाई अमरजीत सिंह के हस्ताक्षर किए गए हैं।

# न्याय पाने को अंतिम सांस तक लड़ेंगे: ज्ञानी रणजीत सिंह



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर ए मस्कीन ने कहा कि उन पर जिस व्यक्ति (दानदाता) के द्वारा उन आरोप लगाया गया, उसकी जांच के लिए तख्तश्री कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष (अब स्वर्गीय) अवतार सिंह हित के द्वारा एक हाई पावर जांच कमेटी का गठन दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आरएस सोढ़ी के नेतृत्व में किया गया था। जांच में कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया, जिसमें वह दोषी पाए गए हों।कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह ने जांच रिपोर्ट लेने से इनकार कर दिया था। यही नहीं उन्हें गलत ढंग से सेवा से बर्खास्त किया गया है, जिसके खिलाफ वे इंसाफ पाने को लड़ रहे हैं। यही नहीं, तख्तश्री पटना साहिब के सिंह साहिबानों ने उन्हें तनखैया घोषित किया था, मगर उनका पक्ष नहीं सुना एकतरफा निर्णय लिया गया था। इसके बाद पांच सिंह साहिबानों में से दो ज्ञानी दिलीप सिंह और ज्ञानी सुखदेव सिंह ने कमेटी के महासचिव को लिखित रूप में दिया था कि जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह के ऊपर कोई आरोप साबित नहीं हुआ और उन पर दबाव देकर जबरन हुकुमनामा पर हस्ताक्षर कराया गया है। ऐसे में तनखैया उन पर लागू नहीं होता है। तख्तश्री कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष (अब स्वर्गीय) अवतार सिंह हित के कहने पर उन पर आरोप लगाने वाले दाता को उन्होंने अनन्य सेवक का प्रमाण पत्र देने का काम किया था। यही नहीं, श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा 6 दिसंबर, 2022 को जारी हुकुमनामा में हाई पावर जांच कमेटी और तख्तश्री कमेटी से जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट उन्हें भी भेजने को कहा गया था। उन दोनों के द्वारा अब तक रिपोर्ट नहीं भेजा जा सका है, जबकि वह उक्त जांच कमेटी के द्वारा निर्दोष साबित किया जा चुके हैं। श्री मस्कीन ने कहा कि वह न्याय पाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और अंतिम दम तक न्याय मिलने तक वह इस मुहिम को जारी रखेंगे। उन्हें पूरा विश्वास है कि वह निर्दोष हैं और गुरु महाराज की कृपा से सच्चे दिल से सुनवाई करने वाले हर कोई उन्हें इंसाफ देने का काम करेंगे।

# आयुष का 170 ट्रीटमेंट पैकेज होगा आयुष्मान भारत योजना में शामिल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

होम्योपैथी चिकित्सा के माध्यम से एलर्जी, किडनी, चर्म रोग व कील मुहांसे समेत दस बीमारियों पर क्लिनिकल रिसर्च केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की ओर से मिले निर्देश के आलोक में किया जा रहा है। गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल के दूसरे तल्ले पर चलने वाले चिकित्सा सत्यापन इकाई होम्योपैथी में यह होगा। संस्थान के प्रभारी चिकित्सक डॉ कुमार केशव अविनाश ने बताया कि दस बीमारियों पर होने पर वाले अनुसंधान के लिए आठ की दवा उपलब्ध हुई है। एमएचपी प्रोग्राम के तहत चिकित्सा सत्यापन इकाई होम्योपैथी पटना सिटी में भी कार्य हो रहा है। प्रभारी ने बताया कि हड्डी से जुड़ी बीमारी में हड्डी में गैप होना और कमजोर होने के मामले में आयुष के तहत उपचार किया जाएगा। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुर्वेदिक पैकेज को शामिल किया जाएगा। इसके तहत 170 पैकेज को अंतिम रूप दिया गया है। जरूरत के अनुसार इसे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 1489 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का मूल्यांकन पूरा हो चुका है और इनमें से 1005 आयुष आरोग्य मंदिर को आयुष प्रवेश स्तर पर प्रमाणन के लिए प्रमाणित किया गया है। संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित जेडी मेमोरियल होम्योपैथ हॉस्पिटल के डॉ रजत द्विवेदी व पटना होम्योपैथ अस्पताल के डॉ शशि रंजन कुमार ने बताया कि बीमारियों पर अनुसंधान के लिए कार्य होगा। डॉ विभा कुमारी ने बताया कि मासिक धर्म से जुड़े बीमारी को लेकर पांच विद्यालय नारायणी कन्या मध्य व उच्च विद्यालय, गुरु गोविंद सिंह गर्ल्स हाई स्कूल, चरखा कन्या विद्यालय मोगलपुरा और एक निजी स्कूलों में जांच कर जागरुकता कार्यक्रम 10 से 19 वर्ष की बालिकाओं में चलाया गया। इसमें 400 छात्राओं का परीक्षण हुआ। इसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे इलाज किया जाएगा। यहां ओपीडी में ऑप्शन 90 से 100 मरीज इलाज करने आते हैं। उन्हें यहां से दवा भी प्रदान किया जाता है। डॉ केके अविनाश ने बताया कि यहां 17 केस रिपोर्ट जनरल में प्रकाशित हो चुका है। टाइफाइड डेलमेथीसिस (पेट का कीड़ा) दो यहां के लिए भविष्य का प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि बच्चों के पेट में कीड़ा होने पर उसे होम्योपैथी की दवा सीना और एंबेलिनिया दिया जा सकता है सरकार अब जन औषधि की तरह आयुष औषधि भी खोलने पर विचार कर रही है जहां लोगों को निर्धारित दर पर आयुर्वेद होम्योपैथी एवं यूनानी की दवा मिल सकेगी।

# मैथिली भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन मेरी शीर्ष प्राथमिकता रही है : संजय

## जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने की मैथिली के लिए शास्त्रीय भाषा के दर्जे की मांग

**बोलें- मांग को लेकर जल्द ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से करूंगा मुलाकात**



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सहयोगी जनता दल यूनाइटेड ने सोमवार को मैथिली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने की मांग की। यह मांग भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा मराठी, बांग्ला, पाली, प्राकृत और असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के फैसले के कुछ दिनों बाद आई है। जद यू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि वह इस मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए जल्द केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलेंगे। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में झा ने लिखा, मैथिली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिलाने के लिए मैं जल्द केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करूंगा। मैथिली भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन शुरू से मेरी शीर्ष प्राथमिकता रही है। इसे शास्त्रीय भाषा की श्रेणी में शामिल करने का आधार मैंने वर्ष 2018 में ही तैयार करवा दिया था। जद यू नेता ने दावा किया कि उनके प्रयासों से केंद्र सरकार द्वारा गठित मैथिली के विद्वानों की विशेषज्ञ समिति ने 31 अगस्त 2018 को पूर्ण की गई अपनी रिपोर्ट में 11 सिफारिशें की थीं। उन्होंने कहा,उनमें पहली सिफारिश थी- मैथिली भाषा लगभग 1300 वर्ष पुरानी है और इसके साहित्य का विकास स्वतंत्र रूप से अनवरत होता रहा है। अतः इसे शास्त्रीय भाषा की श्रेणी में रखा जाये। पिछले छह वर्षों में समिति की कुछ सिफारिशों पर काम हुआ है, लेकिन इसे (मैथिली को) शास्त्रीय भाषा का दर्जा नहीं मिल पाया है। मराठी, बांग्ला, पाली, प्राकृत और असमिया के अलावा छह भाषाओं झ तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और उड़िया को पहले ही शास्त्रीय भाषाओं की सूची में शामिल किया जा चुका है। झा ने यह भी लिखा, मुझे विश्वास है, केंद्र की राजग सरकार विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के अनुरूप मैथिली को भी शास्त्रीय भाषा का दर्जा देगी। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि मैथिली भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अब तक जितने भी काम हुए हैं, राज्य और केंद्र में राजग नीत सरकारों द्वारा ही किये गये हैं। झा ने कहा,मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने हम मिथिलावासियों की दशकों से लंबित मांग को पूरा करते हुए मैथिली भाषा को संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल किया था। झा ने कहा, बिहार में वर्ष 2005 में जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनी, तब उन्होंने मैथिली को पुनः बीपीएससी (बिहार लोक सेवा आयोग) के पाठ्यक्रम में शामिल किया, जिसे पूर्व की कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल गठबंधन की सरकार ने पाठ्यक्रम से हटा दिया था। उन्होंने कहा, मेरे बहुत से स्नेहीजनों को स्मरण होगा कि मैंने 19 मार्च 2018 को दिल्ली में तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर जी से उनके दफ्तर में मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें मैथिली लिपि के संरक्षण, संवर्धन और विकास के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने तथा उसके लिए स्थायी तौर पर कोष आवंटित करने का अनुरोध किया था। झा ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर लिखा, सौम्य स्वभाव के धनी जावड़ेकर ने मेरे ज्ञापन को सहर्ष स्वीकार करते हुए मैथिली लिपि के संरक्षण, संवर्धन और विकास के लिए मैथिल विद्वानों को आमंत्रित कर विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश जारी कर दिये थे और इसके लिए नाम सुझाने का जिम्मा मुझे ही सौंप दिया था। उन्होंने कहा कि गहन विचार-विमर्श के बाद समिति ने अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया और मंत्री को सौंप दिया।

# सुशासन और सिद्धान्त पीएम मोदी की लोकसेवा की पहचान : विजय

## कहा-लोकसेवा में मोदी के 23 साल बेमिसाल



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकसेवा में 23 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि 21 वीं सदी के प्रारंभिक वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युग परिवर्तन के वाहक के रूप में लोकसेवा में पदार्पण किया। लोकसेवा के अपने विगत 23 वर्षों में उन्होंने देश और दुनिया के सामने सुदृढ़ सुशासन की एक मिसाल पेश की है। बतौर मुख्यमंत्री अपने साढ़े बारह वर्ष के कार्यकाल में गुजरात में जो काम किया उसे देश और दुनिया में सर्वांगीण विकास के गुजरात मॉडल के रूप में जाना गया। न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन की अपनी कार्यशैली से उन्होंने जो काम किये वह गुजरात ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों के लिए एक प्रतिमान बन गया। 2002 के भूकंप के बाद आपदा प्रबंधन से लेकर शत-प्रतिशत विद्युतीकरण की पहल, किसानों तथा मत्स्य-पालकों से जुड़ी योजनाएं, विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास और निवेशकों के लिए बेहतर निवेश माहौल सुनिश्चित कराने जैसे उनके काम आज भी देश के किसी भी लोकसेवक के लिए प्रेरक हैं। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि आदरणीय मोदी जी विगत साढ़े 10 वर्षों से भारत के प्रधानमंत्री हैं। इन वर्षों में भी उन्होंने नई सोच और संकल्प के साथ अच्छी नीति पर आधारित राजनीति का उदाहरण पूरी दुनिया के सामने रखा है । यही कारण है कि कई सर्वेक्षणों में वे दुनियाभर के तमाम नेताओं को पीछे छोड़ते हुए आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं में शुमार किये जाते हैं । अनुच्छेद 370 हटाने से लेकर सर्जिकल स्ट्राइक तक और स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण तक तथा राम मंदिर के निर्माण से लेकर वित्तीय समावेशन, संसदीय राजनीति में महिला आरक्षण, डिजिटल क्रांति, इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र तक उनके नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने जो काम किये हैं, वे आने वाले कई वर्षों तक याद किये जाएंगे। भ्रष्टाचारमुक्त और बेदाग सुशासन के साथ सिद्धांत की राजनीति के मामले में दुनिया उनका लोहा मानती है। इतने लंबे समय तक प्रशासन की बागडोर उनके हाथों में रही है लेकिन परिवारवाद और लालफीताशाही का आरोप कभी उनपर नहीं लगा। आज भी वे प्रधानसेवक बनकर सबका साथ सबका विकास के अपने संकल्प में जुटे हैं।

# लालू परिवार को मिली जमानत बेगुनाही का प्रमाणपत्र नहीं : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि लालू प्रसाद अपने भ्रष्टाचार को राजनीतिक कवर देने की लाख कोशिश करें मगर कानून के शिकंजे से बच नहीं पाएंगे। चारा घोटाले के पांच मामलों में सजायाफ्ता लालू प्रसाद देश के इकलौते ऐसे राजनेता हैं जिनके परिवार के आधा दर्जन सदस्य भ्रष्टाचार के मामले में आरोपित है। लैंड फॉर जॉब स्कैम में सोमवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेशी के बाद मिली जमानत इन सबके बेगुनाही का प्रमाणपत्र नहीं है। श्री पाण्डेय ने कहा कि चार्जशीट में जांच एजेंसी ने स्पष्टतौर पर बताया है कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार ने रेलवे में नौकरी देने के नाम पर लोगों से रिश्वत के तौर पर जमीन के प्लॉट लिए थे। आरोप है कि अपराध से अर्जित जमीन पर लालू प्रसाद यादव के परिवार का कब्जा है। यही नहीं लालू प्रसाद ने घोटाले की साजिश इस तरह रची कि अपराध से अर्जित जमीन पर कंट्रोल तो उनके परिवार का हो, लेकिन जमीन सीधे इनसे और परिवार से लिंक ना हो पाए।प्रोसीड ऑफ क्राइम यानी अपराध से अर्जित आय और सम्पत्ति को खपाने के लिए कई इकाइयां (शेल कंपनियां) खोली गईं और उनके नाम पर जमीन दर्ज कराई गई। उन्होंने कहा कि ईडी के मुताबिक, सीबीआई द्वारा साजिश की जांच के दौरान खुलासा हुआ कि रेलवे में नौकरी के नाम पर 6 फरवरी 2008 को पटना के किशुन देव राय ने अपनी जमीन काफी कम कीमत पर राबड़ी देवी के नाम कर दी। यानी 3,375 वर्ग फीट जमीन सिर्फ 3.75 लाख रुपए में राबड़ी देवी को बेच दी। साथ ही इसी साल परिवार के 3 लोगों राज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार और अजय कुमार को मध्य रेलवे मुंबई में ग्रुप डी के पद पर नौकरी मिल गई। इसी प्रकार फरवरी 2008 में पटना के महुआबाग के संजय राय ने भी सिर्फ 3.75 लाख रुपए में 3,375 वर्ग फीट जमीन राबड़ी देवी को बेच दी। संजय राय के अलावा परिवार के 2 अन्य सदस्यों को रेलवे में नौकरी मिल गई। श्री पाण्डेय ने कहा कि पटना की रहने वाली किरण देवी ने नवंबर 2007 में सिर्फ 3.70 लाख रुपए में अपनी 80,905 वर्ग फीट जमीन लालू यादव की बेटी मीसा भारती को बेच दी। इसके बाद 2008 में सेंट्रल रेलवे मुंबई में किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को नौकरी मिल गई।

# पूरे बिहार में मनाया गया फिलिस्तीन एकजुटता दिवस : भाकपा

पटना। वामदलों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत सोमवार को बिहार के सभी जिलों में फिलिस्तीन के गाजापट्टी पर पिछले एक वर्ष से जारी इजरायली हमले के प्रतिरोध में फिलिस्तीन एकजुटता दिवस मनाया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता और कार्यकताओं ने जुलुस, प्रदर्शन, धरना, सभा आदि के आयोजन कर फिलिस्तीनी जनगन के प्रति एकजुटता प्रदर्शित की। भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से अमेरिका की युद्धोन्मादी साम्राज्यवादी नीतियों के साथ-साथ भारत की मौजूदा मोदी सरकार द्वारा उसे प्रत्यक्ष व परोक्ष समर्थन दिये जाने का प्रतिरोध किया गया। इस आयोजन में महिला, छात्र-युवा एवं सांस्कृतिक-बौद्धिक संगठनों भाग लिया। केन्द्र की मोदी सरकार ने विगत दस वर्षों से जारी अपने शासन काल में सिलसिलेवार ढंग से हमारी चिर-परीक्षित गुटनिरपेक्षता की विदेशनीति और फिलिस्तीनी के समर्थन की नीति को तिलांजलि दे दी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में, जब एक प्रस्ताव रखा गया जिसमें इजराइल से 12 महीने के भीतर कब्जे वाले क्षेत्रों से हटने का आह्वान किया गया, तो भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान नहीं किया। सरकार भारत में निर्मित हथियारों और विस्फोटकों को इजराइल को निर्यात करने की अनुमति दे रही है। इन हथियारों का इस्तेमाल गाजा में इजरायली सशस्त्र बलों द्वारा किया जा रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इसराइल को हथियारों के निर्यात पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग करती है।

# सूबे में हरित आवरण 17 प्रतिशत अच्छादित करने का लक्ष्य : मंत्री

## 2024-25 में अब तक 3.54 करोड़ पौधों का रोपण



पटना। बिहार राज्य के भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 15 प्रतिशत हरित आवरण से अच्छादित है। चतुर्थ कृषि रोड मैप में इसे बढ़ाकर 17 प्रतिशत किये जाने का लक्ष्य है। जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत विभाग के द्वारा वन एवं वन से बाहर भूमि पर व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण कराया जा रहा है। किसानों के माध्यम से कृषि वानिकी के तहत पौधारोपण एवं जीविका दीदियों के सहयोग से उनकी भूमि पर पौधारोपण किया जा रहा है। चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत वर्ष 2023-28 के अवधि में 20 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। वर्ष 2023-24 में 3.68 करोड़ पौधें जबकि 2024-25 में 4.68 करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 3.54 करोड़ पौधे लगाये जा चुके हैं। उक्त जानकारी सोमवार को सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने दी। इस अवसर पर मंत्री ने विभागीय उपलब्धियों को साझा किया। बताया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत 30 सितंबर 2024 तक बिहार राज्य द्वारा 2.80 करोड़ पौधे लगाये जाने थे, जिसके अंतर्गत समय से पूर्व लक्ष्य की प्राप्ति की जा चुकी है। वर्ष 2024-25 में कृषि वानिकी योजना अंतर्गत अभी तक किसानों के द्वारा 41.5 लाख के लक्ष्य के विरूद्ध 29 लाख पौधों का रोपण किया जा चुका है। वहीं जीविका दीदियों के द्वारा 80 लाख पौधों के रोपण के रोपण के लक्ष्य के विरूद्ध 68.35 लाख पौधों का रोपण किया गया है। पौधों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये राज्य में 246 पौधशालायें स्थापित है, जिनकी उत्पादन क्षमता 08 करोड़ से अधिक है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री निजी पौधशाला योजना के अंतर्गत 192 किसान एवं 302 जीविका पौधशालायें स्थापित है, जहां से 01 करोड़ पौधे प्रति वर्ष उत्पादित होते है। हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना के अंतर्गत कुल-99 स्थलों पर इस विभाग द्वारा योजना का क्रियान्वयन किया जाना है। ये कार्य अक्टूबर से मार्च के बीच किये जायेंगे। योजनाओं से स्थानीय तौर पर जल की उपलब्धता लंबे समय तक सुनिश्चित होगी तथा इससे वन, वन्यप्राणी एवं आम जन एक साथ लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर बन्दना प्रेयषी, सचिव, कँवल तनुज, विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, अरविन्द कुमार सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, सुरेन्द्र सिंह, मुख्य वन संरक्षक, एस चन्द्रशेखर, मुख्य वन संरक्षक एवं विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रवण कुमार ने यूपी में सदस्यता अभियान की समीक्षा की



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू उत्तर प्रदेश के प्रभारी पार्टी के संगठनात्मक कार्य के सिलसिले में रविवार को चंदौली पहुंचे। चंदौली जिला के पी डब्लू डी गेस्ट हाउस में मंत्री ने पार्टी संगठन के सभी स्थानीय वरीय पदाधिकारियो एवं कार्यकताओं के साथ बैठक में पार्टी के संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान के समीक्षा की। इस बैठक में काफी अधिक संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्रवण कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड के संगठनात्मक कार्य को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया तथा वहां उपस्थित पदाधिकरियों एवं कार्यकताओं का भी विचार जाना। स्थानीय तौर पर निचले स्तर पर दल की नीति एवं विचारों को जनता के बीच प्रसारित प्रचारित करने पर बल दिया गया तथा जनता की बातों सुनकर स्थानीय स्तर पर ही लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विचार किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से राकेश मौर्या, संतोष पटेल, जयप्रकाश पटेल, राम अवध सिंह, अभिषेक मौर्य , सुशील पटेल, संजय पटेल, अरविंद पटेल, अभय पटेल, कृष्णा विश्वकर्मा, दीनानाथ यादव, विजय पटेल, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# करंट से प्रभावित लोगों से मिले लोजपा आर अध्यक्ष



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी पीएमसीएच पहुंचे जहां पिछले दिनों पटना जिले के पालीगंज प्रखंड अंतर्गत करकटबीघा गांव में विद्युत करंट लगने से दो व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी और अन्य 18 व्यक्ति घायल हुए थे जो इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती किए गए थे। श्री तिवारी इस घटना में प्रभावित सभी घायलों से पीएमसीएच जाकर मुलाकात किया और उनका कुशल-छेम पूछे और उनके परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि इस अवसर पर श्री तिवारी के साथ पार्टी के प्रदेश महासचिव सुनील यादव और प्रदेश सचिव चंदन पासवान समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

# जदयू प्रदेश कमिटी का हुआ विस्तार, सूची जारी

## 12 प्रदेश महासचिव व 14 प्रदेश सचिव बनाए गए

पटना। जदयू प्रदेश कमिटी का विस्तार किया गया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बिहार प्रदेश कमिटी का विस्तार किया। विस्तारित कमिटी की अधिसूचना जारी की गई है। नई कमेटी में रंजीत कुमार झा, ओम प्रकाश सिंह सेतु समेत 12 नेताओं को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं,14 नेताओं को प्रदेश सचिव बनाया गया है। प्रदेश प्रवक्ता की लिस्ट में दो नए जाम जोड़े गए हैं। पूर्व विधान पार्षद रणविजय सिंह, लोक प्रकाश सिंह, सौरभ निधि, रंजीत कुमार झा, संजय मालाकार, अंजनी कुमार सिंह, राजेश पाल, किरण रंजन, प्रतिभा सिंह, पवन देव चंद्रवंशी, ओम प्रकाश सिंह सेतु और बनारसी ठाकुर को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। वहीं,नवल शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। अभिषेक झा भी प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए हैं।प्रदेश सचिव की सूची में प्रवीण कुमार, परशुराम ततवा, राज किशोर ठाकुर, शमशाद साईं, रबेल रविदास, विनीता स्टेफी पासवान, रिंकू सिंह, नीलू पटेल, संजय राम, कमला कांत भारती, ईश्वर मंडल, इंजीनियर संतोष यादव, कुंदन किशोर सिंह और बालकृष्ण शामिल हैं।

# पर्यटन विभाग 22-23 अक्टूबर को आयोजित करेगा ट्रैवेल और टूरिज्म फेयर

- पर्यटन सचिव ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को दिए बेहतर आयोजन के निदेश
- मेरा प्रखंड-मेरा गौरव तथा बिहार पर्यटनः एक इन्फ्लूएंसर की नजर से प्रतियोगिता की भी समीक्षा हुई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना के ज्ञान भवन में पर्यटन विभाग के द्वारा आगामी 22-23 अक्टूबर को ट्रैवेल और टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह ने सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय पदाधिकारियों को टीटीएफ, पटना के बेहतर आयोजन के निदेश दिए। उन्होंने कहा कि टीटीएफ का बेहतर आयोजन हो, जिसमें विभाग के सभी पदाधिकारी व कर्मी अपनी सहभागिता व्यक्त करते हुए इसे सफल बनाएं। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों को इसे लेकर सभी जरूरी कार्यों को समय से पूर्ण करने के निदेश दिए ताकि आयोजन में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। पटना में पहली बार ट्रैवेल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) का आयोजन गत वर्ष सात तथा आठ अक्टूबर को ज्ञान भवन, सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर, गांधी मैदान में हुआ था। इस दो दिवसीय मेले में देश-विदेश के कई प्रतिनिधि शामिल हुए थे, जिसमें बिहार के पर्यटन स्थलों का बेहतर तरीके से प्रचार-प्रसार के साथ ही पर्यटन उद्यम को बढ़ाने की संभावनाओं पर मंथन हुआ था। समीक्षा बैठक में बजट के वार्षिक व्यय का 45 फीसदी नवंबर माह तक खर्च हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को लक्ष्य दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान में विभाग द्वारा चलाए जा रहे दो प्रतियोगिताओं मेरा प्रखंड-मेरा गौरव तथा बिहार पर्यटनः एक इन्फ्लूएंसर की नजर से प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागियों की सहभागिता हेतु सोशल मीडिया के जरिए सतत प्रचार-प्रसार के निदेश दिए। बैठक में प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम नंद किशोर, निदेशक विनय कुमार राय, उपसचिव इंदु कुमारी सहित सभी वरीय पदाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# रामलीला महोत्स्व : भगवन राम और परशुराम का संवाद



पटना। नागाबाबा ठाकुरबाड़ी में निरंजन लाल व्यास के नेतृत्व में 10 दिवसीय रामलीला का मंचन, पांचवें दिन रामलीला महोत्सव का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव एवं दशहरा कमिटी के अध्यक्ष अरुण कुमार, संयोजक मुकेश नंदन, सह संयोजक राकेश कुमार, बी आई ए अध्यक्ष केपीएस केसरी, रामलाल खेतान एवं अन्य ने किया। इसके बाद आरती हुई। उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि नन्दकिशोर यादव ने कहा कि धार्मिक आयोजन में मैं कुछ नही बोलता हूँ। मैं समस्त कलाकारों और आयोजन समिति को रामलीला के सफल आयोजन के बधाई देता हूँ। आज के रामलीला मंचन में कई महत्वपूर्ण घटनाओं का जीवंत चित्रण किया गया। आज के कार्यक्रम में दिखाया गया कि मुनि परशुराम जी पर्वत पर तप कर रहे थे तभी उन्हें धनुष के टूटने की आवाज सुनाई दी, जिससे उनकी समाधी भांग हो गई। वे आक्रोशित हो गए और तुरंत वे जनकपुर आये। उनके आते ही राजाओं में भगदड़ मच गई। सभी राजाओं ने आकर उन्हें प्रणाम किया उसके पश्चात महाराज विदेहराज से मिले। विदेहराज ने उन्हें बताया कि धनुष का खंडन हो गया है। यह जानकर परशुराम जी को बड़ा ही क्रोध आया। तभी राम जी वहां आये और उनसे कहा कि धनुष को तोड़ने वाला आपका कोई सेवक ही होगा। लक्ष्मण से भी उनकी वार्ता हुई। इसके पश्चाम परशुराम जी स्वयं अपना धनुष और फरशा वहां देकर मंदराचल पर्वत पर तप करने के लिए चले गए। इधर महाराज विदेहराज ने लगन पत्र अवधपुरी भेजी। वहां से अवध नरेश दशरथ जी बारात सजाकर लाये। तत्पश्चात चारों भाइयों का विवाह कराकर अपने साथ ले गए।


बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-2, पटना।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-18 वर्ष 2024-25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या-2 भवन निर्माण विभाग, पटना।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 21.10.2024 2:00 बजे अप0 तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 22.10.2024 3:00 बजे अप0 तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 24.10.2024 (3:30 बजे अप0)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या-2, पटना। विद्युत कार्य अवर प्रमंडल, दानापुर एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, पटना
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिणाम विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Patch repairing and replacement of cable etc to E.I in 6 Court building at Civil Court Barh Distt Patna. | 2,80,924.00 | 5,700.00 | 750.00 | 10 Days |
| 2 | S/R with addition to E.I in Qtr No 502/800 at LBS Nagar, Patna. | 97,937.00 | 2,000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 3 | Replacement & Patch work with addition & alteration to E.I in Judicial Qtr No A-4 & D-3 at Danapur, Patna. | 2,02,826.00 | 4,100.00 | 500.00 | 10 Days |
| 4 | S/R with addition to E.I in Qtr No 447/800 at LBS Nagar, Patna. | 97,937.00 | 2,000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 5 | Patch repairing work to E.I iin the residence of ADJ-IV, ADJM-I, ADJ-I Exise special judge etc at Premises of Civil Court Barh Distt Patna. | 1,23,570.00 | 2,500.00 | 500.00 | 10 Days |
| 6 | S/R with addition to E.I in Qtr No 356/800 at LBS Nagar, Patna. | 97,937.00 | 2,000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 7 | S/R with addition & alteration to E.I in Judicial Qtr No B/4 at Danapur, Patna. | 2,17,207.00 | 4,400.00 | 500.00 | 10 Days |
| 8 | S/R with addition to E.I in Qtr No 570/800 at LBS Nagar, Patna. | 97,937.00 | 2,000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 9 | Patch & repair & replacement work to E.I in A.C.J.M office, Herritage building 3Court building, 2Court building etc at Civil Court Barh Distt Patna. | 3,44,907.00 | 6,900.00 | 750.00 | 10 Days |
| 10 | S/R with addition to E.I in Qtr No 463/800 at LBS Nagar, Patna. | 97,937.00 | 2,000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 11 | Replacement & patch work with addition & alteration to E.I in Police Barrack & Different Judicial Qtr. Building in the Campus of Civil Court Danapur, Patna. | 1,45,555.00 | 3,000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 12 | Replacement of Generator Cable of 16 Court building in the Campus Civil Court, Danapur, Patna. | 2,67,369.00 | 5,400.00 | 500.00 | 10 Days |
| 13 | S/R with addition to E.I in Qtr No 354/800 at LBS Nagar, Patna. | 97,937.00 | 2,000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 14 | S/R with addition & alteration to E.I in Judicial Qtr No C/2 at Danapur, Patna. | 2,04,914.00 | 4,100.00 | 500.00 | 10 Days |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 09960 ( B C D ) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-2, पटना।


# दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षित बिजली आपूर्ति की तैयारियों की हुई समीक्षा

# दुर्गा पूजा के दौरान पूरे प्रदेश में निर्बाध होगी बिजली आपूर्ति

- बिजली आपूर्ति को लेकर सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन हो : पाल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



दुर्गा पूजा के दौरान पटना सहित पूरे बिहार में निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति की जाएगी। इस संबंध में तैयारी को लेकर विद्युत भवन में ऊर्जा विभाग के सचिव व बिहार स्टेट पावर होल्डिंग डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने

पंडालों और उसके आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति को लेकर सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन करने का निर्देश दिया। वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पंडालों का स्वंय दौरा करें और पंडाल संचालकों से बात करके सुनिश्चित करें कि सुरक्षा मानक का कड़ाई से पालन हो। श्री पाल ने खासतौर से किसी भी अवांछित घटना से निपटने के लिए एक आपातकालीन टीम गठित करने की हिदायत दी। उन्होंने बैठक में शामिल दोनों डिस्कॉम कंपनियों के एमडी महेंद्र कुमार और निलेश देवरे को खुद तैयारियों की समीक्षा करते रहने को कहा।

### विसर्जन से संबंधित मार्गों की बिजली आपूर्ति बंद हो :

बैठक में दोनों डिस्कॉम कंपनियों के निदेशक (ऑपरेशन), चीफ इंजीनियर (मुख्यालय) के अलावा फिल्ड से विद्युत अधीक्षण अभियंता वर्चुअल मोड में शामिल थे। श्री पाल ने सुरक्षा के लिहाज से विर्सजन के दौरान विसर्जन वाले सभी मार्गों पर विद्युत आपूर्ति को बंद रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि विसर्जन वाले दिन इस बात का खास ख्याल रखा जाये कि विसर्जन से संबंधित मार्गों की बिजली आपूर्ति बंद रहे। किसी के भी दबाव में नहीं आना है। लोगों की सुरक्षा से किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता है। विसर्जन पूरा होने के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल की जाये। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही छठ को लेकर भी बिजली निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति की तैयारियां शुरू कर देनी है।

### 250 ट्रांसफारर्मरों की घेराबंदी का काम अंतिम चरण में

पेसू ईस्ट और पेसू वेस्ट में पंडालों और इसके आसपास के क्षेत्रों में पड़ने वाले लगभग 250 ट्रांसफारर्मरों की घेराबंदी का काम अंतिम चरण में है। गांधी मैदान और इसके आसपास स्थित क्षतिग्रस्त व जर्जर विद्युत तारों को व्यवस्थित किया जा रहा है ताकि दुर्घटना की संभावना शून्य रहे। इसके साथ ही वितरण ट्रांसफार्मर का आवश्यक रखरखाव भी किया जा रहा है। त्योहार के दौरान अचानक लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर जलने या खराब होने की स्थिति में उसके स्थान पर ज्यादा क्षमता वाले ट्रांसफार्मर अविलंब लगाने की भी तैयारी की गई है। इसके लिए ट्रांसफार्मर, ऑयल, ट्रांसफार्मर ढोने वाली ट्राली सहित सभी जरूरी सामग्रियों की व्यवस्था कर ली गई है। सभी 33 केवी तथा 11 केवी लाइनों के अलावा डिस्ट्रीब्यूशन सब स्टेशन का समुचित अनुरक्षण एवं मेंटेनेंस का काम नवरात्रि से पहले पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही रोड क्रॉसिंग अथवा भीड़ भाड़ वाले जगहों में गार्ड वायर लगाए जायेंगे।

**जर्जर तारों को किया जा रहा दुरुस्त :** विभाग की टीम द्वारा पूजा पंडाल के आसपास के इलाकों में घूम कर बिजली के ढीले एवं जर्जर तारों को दुरुस्त किया जा रहा है। जहां कवर वायर नहीं है, वहां पर तार में सेपरेटर लगाया जा रहा है, ताकि किसी कारणवश तार टूटने की स्थिति में कोई अप्रिय घटना न हो। इसके अलावा पंडाल के संचालकों से वे अपने क्षेत्राधिन प्रत्येक पंडाल को अस्थाई विद्युत संबंध नियम के अनुसार देना सुनिश्चित करेंगे।

**अलग से छोटा सुंदर बॉक्स**

हेल्पलाइन 24 घंटे चालू रहेगा

ऊर्जा विभाग के सचिव पाल ने कहा कि समस्त ऊर्जा परिवार सुरक्षित दुर्गा पूजा के लिए तैयार है। विद्युत संबंधित इमरजेंसी की स्थिति में सभी पंडालों में अभियंताओं के नंबर उपलब्ध रहेंगे। हमारा हेल्पलाइन 24 घंटे चालू रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से बिजली संबंधित सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु अनुरोध किया।

## संक्षिप्त खबरें

### कटरा प्रखंड को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग

मुजफ्फरपुर।भाकपा-माले और आरवाईए की टीम ने आज मुजफ्फरपुर जिला के औराई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कटरा के खंगुरा गांव और इस्लामपुर एवं चंगेल पंचायत के डुमरी वार्ड नंबर दस,ग्यारह और बारह के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और लोगों से समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा है कि बिहार सरकार व केंद्र सरकार बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को नजरअंदाज कर ही है। बाढ़ के पानी में डूबने के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है।किसानों की फसल क्षति के मुआवजे को लेकर सरकार गंभीर नही है।पशुओं के लिए पशुचारा की व्यवस्था भी नही की गई है।.क्षतिग्रस्त सड़कों को कोई देखने वाला नही है। उन्होंने मांग की है कि कटरा प्रखंड को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जाए. इस अवसर पर पुर्व विधायक प्रत्याशी आफताब आलम,नवल मांझी, मोहम्मद निराले, मोहम्मद अंजार, आइसा नेता मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद असगर, आरवाईए नेता शफीकुर्रहमान और मोहम्मद शाहिद मौजूद थे।

### आधार सेंटर और चुनाव कार्यालय पर किन्नरों ने किया जमकर हंगामा

विभूतिपुर/समस्तीपुर क्षेत्राधिकार विवाद को लेकर किन्नरों के दो गुटों के बीच चार दिनों से चल रहे विवाद आज उस वक्त उग्र रूप धारण कर लिया जब किन्नरों ने प्रखंड कार्यालय स्थित पुस्तकालय भवन में संचालित आधार सेंटर और चुनाव कार्यालय पर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। किन्नरों के इस हंगामे को देखते हुए आधार सेंटर से आधार बनवाने आए सभी लाभार्थी और आधार बनाने वाला और चुनाव कार्यालय में कार्यरत सभी पुस्तकालय से बाहर निकल गए। तत्क्षण इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। थाना से आई पुलिस ने किन्नरों की इस हंगामा को शांत करने का प्रयास किया। कुछ देर तक तो शांत रहे पुनः किन्नरों ने पुस्तकालय गेट पर बैठकर ताली पीट कर हंगामा करने लगे। फलतः आधार बनवाने आए लाभार्थी को वापस घर लौटना पड़ा।वही आधार बनानेवाला भी अपना लैपटॉप व अन्य सामग्री समेट लिया। हंगामा कर रहे किन्नरों का आरोप था कि पिटाई करने वाला किन्नर इसी कार्यालय में छुपा है। उसे निकालने की मांग को लेकर करीब 2 घंटे तक किन्नरों ने पुस्तकालय गेट पर ताली पीट पीट कर हंगामा करते रहे। बाद में जब पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की सूचना मिली तब जाकर के वे शांत हुए। तब तक कार्यालय में काम करने का समय भी समाप्त हो चुका था। किन्नरों कि इस हंगामा को देखने काफी संख्या में भीड़ जुट गई थी।

### शराबी और वारंटी गिरफ्तार

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के डीह टभका से पुलिस ने शराब के नशे में धूत उमानंद ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया हु। थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया की प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने पटपारा उत्तर से न्यायालय के वारंटी मुकेश कुमार उर्फ मुन्ना को भी गिरफ्तार कर लिया है, उसे भी पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# एसडीएम डीएसपी के द्वारा दुर्गा मंदिरों व पूजा पंडालों का निरीक्षण कर जायजा लिया

● पूजा समिति के सदस्यों को दिए आवश्य दिशा निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर अनुमण्डल क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित हो रहे शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा महोत्सव के आयोजन को लेकर क्षेत्र स्थित दुर्गा मंदिरों व पूजा पंडालों का एसडीएम वीरेद्र कुमार और डीएसपी विप्लव कुमार के द्वारा विधि व्यवस्था सुरक्षा सुविधाओं के मद्देनजर निरीक्षण जायजा लिया गया।पूजा समिति सदस्यों के साथ बैठक कर पूजा महोत्सव मेला सांस्कृतिक कार्यक्रम शोभायात्रा जुलुश के आयोजन एवं दर्शन पूजा पाठ करने आ रहे और खोइच भरने आने वाले श्रद्धालु भक्त जन के सुविधा हेतू भीड़ भाड़ को लेकर स्वयं सेवको की तैनाती व प्रतिमा विसर्जन के समय रूट चार्ट की विस्तृत जानकारी ली। एसडीएम डीएसपी ने पूजा समिति सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि मंदिर परिसर पूजा पंडाल मेला परिसर मे और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थलो पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाये,डीजे का उपयोग नहीं करेगे, लाईट बिजली रौशनी की व्यवस्था करने नंगे तार वायर नही लगाने उन्हे दुरुस्त रखने,पीने पानी और आग बुझाने वाले यन्त्र लगाने, मेडिकल किट उपलब्ध रखने किसी भी प्रकार आपत्ति जनक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन न हो भड़काऊ पोस्ट नारा स्लोगन नहीं लगायेगे । आस्था पूर्वक भक्ति भाव के साथ आपसी सौहार्द माहौल में हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक पूजनोत्सव मनाने की अपील करते हुए पूजनोत्सव शोभायात्रा जुलूश प्रतिमा विसर्जन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है वही सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पूर्व जानकारी देनी होगी अनुमति लेनी होगी। किसी भी प्रकार का अश्लील सांस्कृतिक नाच गान आयोजन नहीं होगा। डीजे पर पूर्णतः रोक है साउंड बजाने को ले निर्देश के तहत नियम और गाईड जारी है। भड़काव स्लोगन नारा गीत संगीत विवादित झांकि नहीं लगायेगे जिससे किसी के भावना को ठेस पहुचे।प्रतिमा विसर्जन को लेकर रूट चार्ट देने जिससे सड़क व आवागमन बाधित न हो और किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। पूजा परिसर और मेला पंडाल एवं समिति के सदस्यो और स्वयं सेवकों एवं वोलियेन्टर की तैनाती करने और सभी को समिति के द्वारा निर्गत परिचय पत्र के साथ बैच लगा कर रहेंगे और श्रद्धालुओ को सहयोग कर भीड़ भाड़ को नियंत्रित करेगे।सीसीटीवी लगाना अनिवार्य है। पंडाल में आग से बचाव को लेकर साधन उपलब्ध रखेंगे। प्रशासन के दिशा निर्देश का पालन करेगे। अफवाह फैलाने वालों सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट करने पर चिन्हित कर कानूनी करवाई होगी,असमाजिक तत्वो पैनी नजर रहेगी। किसी प्रकार की सूचना प्रशासन को दे।पुलिस बल की तैनाती रहेगी पुलिस व प्रशासन क्षेत्र में गस्ती लगाते रहेगे।निर्देश का पालन नही करने वालो पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।आम जनो से आपसी सौहार्द शांति पूर्वक माहौल के पर्व त्योहार मनाने की अपील की गई। निर्देश का पालन करने की अपील की गई। निर्देश का पालन नहीं करने पर कानूनी करवाई की जायेगी। विधिव्यवस्था बनाये रखने में सभी से सहयोग की अपील की गई।

## कॉटी विकास संघर्ष समिति ने मनाया प्रतिरोध दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।कॉटी- केवीएसएस के तत्वाधान में प्रतिरोध दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष पिनाकी झा ने कहा कि 2011 में 2 अक्टूबर से आमरण अनशन कॉटी थर्मल के चौतरफा 5 किलोमीटर की जनता को फ्री निर्वाण बिजली सहित 7 सूत्री मांग के लिए आमरण अनशन किया गया था। छठे दिन स्थानीय नेताओं व एनटीपीसी प्रशासन के मिली भगत से कॉटी के सैकड़ो लोगों को पीट-पीट कर जेल भेज दिया गया साथी 500 से अधिक लोगों पर झूठा मुकदमा कर लोगों को फसाने की कोशिश की गई। 2012 में जब नीतीश कुमार कांटी थर्मल पावर में बॉयलर के उद्घाटन के लिए आए तब उन्होंने कहा था कि एनटीपीसी कॉटी थर्मल के चौतरफा 5 किलोमीटर क्षेत्र की जनता को बिजली देने के साथ कॉटी का विकास करेगा। साथ ही कॉटी कोठियां मन में जाने वाली छाई से होनेवाली परेशानी व अन्य समस्या का समाधान करेगा लेकिन 12 वर्ष बीतने के बाद भी अब तक एनटीपीसी नेताओं से मिलकर कॉटी की का शोषण कर रहा है, जिसके खिलाफ फिर से एक बार आंदोलन का शंखनाद किया जा रहा है। केस में फंसाए गए लोग ने कहा कि सरकार को निष्पक्ष जांच करके जांच करके झूठे केस में फंसाए गए लोगों को केस से हटा देना चाहिए। साथ ही एनटीपीसी द्वारा कांटी थर्मल के चौतरफा 5 किलो मीटर क्षेत्र की जनता को फ्री बिजली के साथ एनटीपीसी या औद्योगिक विकास योजना के तहत मिलने वाली सभी विकास कार्य को करना चाहिए।आयोजित कार्यक्रम में ही बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और समिति के संरक्षक रहे हिंद केसरी यादव जी को श्रद्धांजलि देकर पुण्यतिथि पर याद किया मौके पर। गौतम सिंह,विजय मिश्रा, अशोक झा, महेश सहनी, सौरव झा, नगर वार्ड अध्यक्ष सम्भु राम, गणेश पासवान, विनय माहात्मा, ने भी अपने विचार रखे

## अवैध धंधे में संलिप्त रहने के आरोप में 3 किसान सलाहकार बर्खास्त

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने अवैध धंधे में पकड़े जाने के आधार पर तीन किसान सलाहकार को बर्खास्त कर दिया है। बर्खास्त किए गये किसान सलाहकारों में दो मुशहरी प्रखंड के तथा एक पारू प्रखंड के बताए गए हैं। मुशहरी के नरौली तथा तरौरा गोपालपुर के किसान सलाहकार शराब बिक्री के अवैध धंधे में संलिप्त पाए गए थे। किसान भवन मुसहरी में बड़ी मात्रा में शराब होने की गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा बीते 4 मार्च को छापेमारी की गई थी जहां पोर्टिको में खड़े वाहन से शराब की जब्ती की गई थी । मौके पर उपस्थित किसान सलाहकार एवं वाहन चालक सहित 10 लोगों से पूछताछ की गई तथा पूछताछ में उनकी संलिप्तता पायी गई। तदुपरांत मौके पर उपस्थित दोनों किसान सलाहकार सहित कुल 10 व्यक्तियों को गिरफ्तारी कर मुशहरी थाना में उत्पाद एवं मद्यनिषेध की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। मामला मुशहरी प्रखंड अंतर्गत नरौली पंचायत में कार्यरत किसान सलाहकार लव कुमार एवं तरौरा गोपालपुर पंचायत के किसान सलिहकार धर्मेंद्र कुमार का है।दोनों दोषी किसान सलाहकार 4 मार्च से 14 मई तक कुल 72 दिनों तक जेल में रहे। मामले की जांच अनुमंडल कृषि पदाधिकारी पूर्वी द्वारा करायी गई जिसमें मामला सही पाया गया। दोनों किसान सलाहकार से कारण पृच्छा भी की गई ।उनका जवाब असंतोषजनक पाया गया। जिला पदाधिकारी ने दोनों किसान सलाहकार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।अन्य मामला पारू प्रखंड अंतर्गत मोहजामा पंचायत के किसान सलाहकार अंशु कुमार, का है। इन पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई-केवाईसी के सत्यापन हेतु किसानों से अवैध राशि की वसूली करने का आरोप था। इस संबंध में परिवादी द्वारा सी डैशबोर्ड पर परिवाद दिये गये थे ,जिसकी जांच कृषि निदेशालय द्वारा गठित टीम द्वारा कराई गई तथा मामला सही पाया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी को अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया था। तदनुसार दोषी किसान सलाहकार से इस मामले में स्पष्टीकरण किया गया तथा जवाब असंतोषजनक पाया गया। जिला पदाधिकारी ने मोहजामा पंचायत के किसान सलाहकार पर कठोर कार्रवाई करते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

## माले और आरवाईए ने बाढ़ पीड़ितों के बीच बांटी राहत सामग्री



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के औराई विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ की त्रासदी ने लोगों की जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित किया है। ऐसे विकट समय में औराई विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित भाकपा-माले के पूर्व विधायक प्रत्याशी व इंकलाबी नौजवान सभा ( अरवाईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम के नेतृत्व में माले और आरवाईए के कार्यकर्ता लगातार राहत अभियान में जुटे है हुए हैं।इसी राहत वितरण के इसी अभियान के तहत औराई विधानसभा क्षेत्र के कटरा प्रखंड के चंगेल पंचायत के डुमरी वार्ड नंबर दस, ग्यारह और बारह के सौ से अधिक बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा-जदयू और स्थानीय सांसद और विधायक पर निशाना साधते हुए आफताब आलम ने कहा कि सरकारों, सांसद और विधायक का कर्तव्य होता है जनता की रक्षा करना,लेकिन यह केवल वादों और चुनावी भाषणों तक सीमित रह जाती हैं। औराई विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों की स्थिति देखकर ऐसा लगता है कि इस सरकार को जनता की पीड़ा से कोई लेना-देना नहीं है। न तो कोई ठोस योजना है, न ही राहत कार्यों में तेजी। उन्होंने कहा ,नीतीश-मोदी सरकार को याद रखना चाहिए- कि जनता की अनदेखी करना उनकी राजनीतिक उम्र को कम करने का काम करेगा। अब वक्त आ गया है कि वे सिर्फ प्रचार-प्रसार के खेल से बाहर आएं और जमीनी हकीकत को समझें। मोहम्मद अरमान, मोहम्मद जाकीर, मदन राम,नवल मांझी, मोहम्मद निराले, मोहम्मद अंजार, आइसा नेता मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद असगर, आरवाईए नेता शफीकुर्रहमान और मोहम्मद शाहिद मौजूद थे।

## भूमि पूजन के साथ चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव की विधिवत शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा में चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव के आयोजन हेतु भूमि पूजन का आयोजन किया गया। शुभारंभ के साथ नवग्रहों की शांति के लिए विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिससे महोत्सव के सफल और निर्विघ्न संचालन की कामना की गई। इस पवित्र कार्य को स्वागत समिति के अध्यक्ष कुमार कपिलेश्वर सिंह ने विधिवत रूप से संपन्न किया। पूजा के दौरान धार्मिक अनुष्ठान और मंत्रोच्चारण से वातावरण आध्यात्मिकता से भर गया। इस अवसर पर रविशंकर जी प्रांत प्रचारक, उत्तर बिहार, राजेंद्र गुप्ता उप नेता, विधान परिषद, संयोजक चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव, सुझीत सिंह (आयकर आयुक्त), अरुण कुमार भगत (सदस्य, बीपीएससी), और प्रो लक्ष्मी निवास पांडे,कुलपति केएसडीएसयू दरभंगा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। सह संयोजक राजेश कुमार झा ने बताया कि आयोजन में लोगों की उपस्थिति अत्यधिक उत्साहजनक रही। बड़ी संख्या में लोग पूजा स्थल पर एकत्र हुए और कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। उन्होंने कहा कि दरभंगा के सांस्कृतिक और साहित्यिक परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव का उद्देश्य भारतीय साहित्य, संस्कृति और इतिहास की समृद्ध धरोहर को पुनर्जीवित करना है। महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन 18 अक्टूबर को बिहार के राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। इस आयोजन में देशभर से विद्वान, लेखक और विचारक शामिल होंगे, जो विभिन्न सत्रों में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जनसमुदाय और साहित्य प्रेमियों से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है।

## पुलिस ने हथियार के साथ एक को हिरासत में लिया



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के रसीदपुर हाई स्कूल परिसर वैष्णवी दुर्गा पूजा के मेला के दौरान बीती रात को पूजा समिति के सदस्यो के द्वारा राजनगर थाना क्षेत्र बलहा दक्षिण ब्रह्मस्थान वार्ड 15 निवासी सुमित कुमार मंडल को रिवाल्वर के साथ पकड़ कर खजौली पुलिस को हवाले कर दिया गया. अपर थानाध्यक्ष राम कुमार ने बताया कि अपराधी सुमित कुमार मंडल के विरोध में दुर्गा पूजा समिति के सदस्य विलम कुमार दास के लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया. अपर थानाध्यक्ष ने कहा की बीती रात अपराधी लगभग दो बजे रात्रि में कमर में रिवाल्वर खोस कर रसीदपुर हाई स्कूल परिसर मेला में पहुंच कर बड़ी घटना देने का फिराक में था.तभी मेला का सुरक्षा में लगे मेला समिति के लोगो को अपराधी के कमर में रिवाल्वर पर नजर पड़ते ही पूजा समिति के लोगो ने दबोच कर बाइक सहित रिवाल्वर एवं अपराधी को पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया.इस मौके पर अपर थाना ध्यक्ष राम कुमार एवं पुलिस बल मोजूद थे।

## जीविका कर्मियो के द्वारा मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

● जीविका दीदियों कर्मियो के मांगों का किया समर्थन

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी जयनगर बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ के आह्वान पर मांगो को लेकर संघ के बैनर तले जीविका दीदियों व कर्मियो के द्वारा सोमवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर मे दस सूत्री मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। मांगो के समर्थन में कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष बसंत कुमार मंडल ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जीविका कैडर की मांग जायज है। सरकार को अविलंब इस मांग को पूरा करना होगा। सरकार जीविका दीदियो से काम ले रही है लेकिन अब तक इन्हें नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया। जीविका समूह से दलित, पिछड़ा एवं शोषित समाज की महिलाएं जुड़ी हुई है। सभी महिलाएं शिक्षित है। बावजूद सरकार द्वारा नियुक्ति पत्र नही दिया गया। जीविका दीदियों के मांगों के समर्थन देते हुए कहा कि इन दीदियों के मांग के लिए समर्थन में आंदोलन करेगें। दस सूत्री मांगों में कैडरों को जीविका की ओर से नियुक्ति पत्र एवं पहचान मिले मानदेय कंट्रीब्यूशन सिस्टम पर अविलम्ब रोक लगाने मानदेय कम से कम 25 हजार देने और नियमित करने कार्य से हटाने की धमकी और मनमानी पर रोक और धमकी देने वाले पर जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने क्षेत्र भर्मण भता कम से कम तीन हजार देने महिला विकास निगम डब्लू डी सी के अस्तित्व को बरकरार रखते हुए मानदेय वृद्धि हो, सभी अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को क्रमशः संकुल सी.एलए.फ. स्तर पर पांच सौ ग्राम संगठन वी.ओ. तीन सौ स्वयं सहायता समूह एस. एच. जी .स्तर पर दो सौ रुपये बैठक भता मिले, पांच वर्ष पुराने सभी जीविका दीदियों का ऋण माफ हो, परियोजना में तीन वर्ष पूरा करने वाले कैडरों के लिए स्टाफ के रूप में पदोन्नति की व्यवस्था हो एवं सभी कैडरों को समाजिक सुरक्षा का लाभ, अवकाश, महिला कैडरो को विशेष अवकाश एस. एल .मातृत्व अवकाश, दो लाख मेडिक्लेम और पांच लाख डेथ क्लेम मिले शामिल है।धरना कार्यक्रम को राजद पूर्व विधायक सीताराम यादव, जिप सदस्य अंजली कुमारी,भाकपा माले प्रखण्ड सचिव भूषण सिंह, राजद जिला महासचिव गंगा प्रसाद चौधरी, राजद के युवा नेता धर्मेंद्र कुमार, जीविका कैडर संघ के जिला महासचिव अमरेश कुमार पूर्वे, राम ललित शर्मा, संतोष कुमार, राखी देवी , विनीता देवी, राखी देवी, लीला देवीं, गुरुदेव सिंह समेत धरना मे शामिल कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जीविका कैडर संघ के लोगों ने भाग लिया जनप्रतिनिधियो ने भी सर्मथन किया।धरना स्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी प्रोग्राम पदाधिकारी कृष्ण कुमार चौधरी को मांग पत्र ज्ञापन सौंपा गया ।

## क्षेत्र विवाद को लेकर किन्नर के बीच मारपीट, जख्मी किन्नर के बयान पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर क्षेत्र विवाद को लेकर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में गत 4 अक्टूबर को किन्नरों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मामले को लेकर थाना क्षेत्र के सिरसी वार्ड एक निवासी सुमन किन्नर के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें दलसिंहसराय सरदारगंज के करिश्मा किन्नर उर्फ सुरेन्द्र शर्मा, आलिया किन्नर, आरती किन्नर, वीणा किन्नर, राधा किन्नर, जीया किन्नर, हसीना किन्नर, प्रिया भारती किन्नर को नामजद एवं 10 अज्ञात को आरोपित किया गया है। प्राथमिकी के माध्यम से सुमन किन्नर ने बताया है कि 4 अक्टूबर की संध्या मैं अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत कल्याणपुर में दीपावली के लिए बख्शीश मांगने गया। जहां दूसरे ग्रुप दलसिंहसराय के किन्नर मेरे क्षेत्र में घुसकर बक्शीश मांग लिया।मना करने व समझाने पर मेरे और मेरे ग्रुप के ऊपर लोहे की रॉड से हत्या करने की नियत से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें मेरा सिर फट गया और हाथ टूट गई।वे लोग प्लान बनाकर चार चक्का वाहन से 10 अज्ञात लड़का को लेकर आया था। बीच बचाव करने मेरे गुरु एवं शिष्य व ग्रूप के लोग आए तो उपर्युक्त नामित सभी वेनग्न कर लात घूस्सा से मारा। सभी नामित हथियार से लैस था। वे लोग मेरे दोनों कान का सोने का टॉप,चैन,पायल, बैग में रखा रेडमी, ओप्पो मोबाइल एवं15000 नगद तथा दूसरे बैग से 5000 छीन लिया। थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि जख्मी किन्नर के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की अनुसंधान जारी है।

## जिसमें भारत नहीं, वह हमें स्वीकार्य नहीं : बीआर शंकरानंद




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षण मंडल, उत्तर बिहार के संयुक्त तत्वावधान में प्रांत स्तरीय शोधार्थी सम्मेलन विविभा प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विश्वविद्यालय परिसर स्थित जुबली हॉल में आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए प्रो चौधरी ने भारतीय शिक्षा और संस्कृति की सराहना की। उन्होंने गौ संरक्षण की सलाह दी। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता, अखिल भारतीय संगठन मंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल बी आर शंकरानंद ने सभा को संबोधित करते हुए अपने बौद्धिक में कहा कि प्रत्येक देश में राजा और गुरु दोनों होते हैं और देश को जीवंत रखने में दोनों की भूमिका निर्णायक होती है। राजा के बिना देश नहीं बढ़ सकता और गुरु के बिना समाज नहीं बढ़ सकता। विश्व की सबसे जीवंत संस्कृति भारतीय संस्कृति है। भारत अजन्मा है अतः मृत्युंजयी है। हजारों सालों के आक्रमण के बाद भी हम जीवंत हैं, क्योंकि जो हार नहीं मानता, वह मर नहीं सकता। अमरत्व भारतीय संस्कृति, संस्कार, सभ्यता के कण- कण में व्याप्त है। आज अवाश्यक्ता है की शिक्षकों को क्षरण से बचाया जाए। सभी शिक्षक चाणक्य बनेंगे, तभी छात्र एकलव्य बन सकेंगे। शिक्षकों के उन्नयन हेतु शोध आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि आहार, विहार, विचार, व्यवहार सभी में भारत झलकना चाहिए। जिसमें भारत नहीं, वह हमें स्वीकार्य नहीं। भारत को विश्वगुरु बनाने की ओर अग्रसर होने के लिए चार तत्व नीति निमार्णों को लागू करना है एकात्मता, संवेदनशीलता, न्यूनतम आवश्यक्ता और कर्म योग। भारतीय शिक्षण मंडल शोध से बोध की कड़ी है। बतौर मुख्य अतिथि, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा जीवन यापन का साधन मात्र नहीं है, वह अपने अर्थ को चरितार्थ तब करता है, जब परहित भाव उसमें निहित हो। हमें अपने जीवन को शोध समझते हुए अपने जीवन के अर्थ की तलाश करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग, बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी ने वक्तव्य देते हुए कहा कि शोध उपाधि के लिए नहीं, राष्ट्रहित में हो, यह जरूरी है। जय प्रकाश नारायण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रमेंद्र कुमार वाजपेयी ने उद्घाटन सत्र में नई शिक्षा नीति के निर्माण में भारतीय शिक्षण मंडल के कार्यों की सराहना करते हुए शोध के महत्व व प्रविधि पर अपनी बात रखी। कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडे ने भारतीय शिक्षा के भारतीयकरण के निमित प्रयास की आवश्यक्ता को महत्वपूर्ण माना।

## लोक नृत्य में चैपमैन स्कूल की बालिकाओं ने मारी बाजी




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के निदेशानुसार आज दिनांक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में जिला स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की शुरूआत प्राचार्य अनामिका कुमारी, वरीय व्याख्याता डॉ सरिता शर्मा , मनीष कुमार पांडे समेत सभी व्याख्याताओं ने दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए सभी अभ्यास विद्यालयों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें चैपमैन राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, . हरिहर नारायण कन्या मध्य विधालय, क्लब रोड. . राजकीयकृत म.वि नई तालिम, कन्हौली , संलग्न अभ्यास पाठशाला डायट, राम बाग, रा.म. वि. मिठनपुरा (हिन्दी नगर क्षेत्र), राजकीय म० वि मिठनपुरा नगर क्षेत्र,राजकीय मध्य विद्यालय कनहौली डीह , राजकीय म० वि गोखलपुरी एव राजकीय जिला स्कूल ने भाग लिया।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. मीरा कुमारी, सुजीत कुमार, अर्जुन कुमार गिरी, दीपिन्ती कुमारी थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान (लोकनृत्य) चैपमैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ने प्राप्त किया।द्वितीय पुरुस्कार रिजकीय कृत म.वि नई तालिम खादी भंडार को एवं तृतीय स्थान राजकीय मध्य विद्यालय गोखुलपुरी को मिला। रोल प्ले में राजकीय जिला स्कूल प्रथम स्थान पर रहा। इसमें द्वितीय पुरुस्कार चैपमैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ने प्राप्त किया। इस अवसर पर पीपल इंडिया के समन्वयक के साथ-साथ डी. ई. एल. ई. डी. के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## वृक्ष सभी जीव जन्तुओं को मुफ्त में जीने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करती है : जिला न्यायाधीश




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 75 वां वनमहोत्सव वन क्षेत्र दरभंगा के सौजन्य से एक पेड़ माँ के नाम रोपने के लिए आयोजित कार्यक्रम के तहत सिविल कोर्ट दरभंगा के प्रांगण में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार तिवारी समेत सभी न्यायिक दण्डाधिकारियों और बार एशोसिएशन के सदस्यों ने नये पेड़ रोपने का कार्य सोमवार को किया। प्रधान जिला जज श्री तिवारी ने मौके पर मौजूद लोगों से अपील किया कि एक माँ बच्चे को जन्म देकर इस पावन धरती पर लाती है। उसका पालन पोषण करती है। लेकिन यह बृक्ष सभी जीव जन्तुओं को मुफ्त में जीने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करती है। माँ के विना मानव या कोई भी जीव- जन्तु इस भूमि पर नहीं आ सकते हैं। लेकिन उन सभी को जीने के लिए वायु की आवश्यकता है। जिसे पेड़ ही पूरा करती है। माँ के नाम एक पेड़ लगाने का यह कार्यक्रम माँ को भी याद दिलाती है तथा माँ की आत्मा इस पुणित कार्य के लिये आशीर्वचन देगी। सिविल कोर्ट प्रांगण में दरभंगा वन क्षेत्र के वन क्षेत्र पदाधिकारी अर्जुन प्रसाद गुप्ता, बार एशोसिएशन के अध्यक्ष रविशंकर प्रसाद, महासचिव कृष्ण कुमार मिश्रा, न्यायिक पदाधिकारी प्रोतिमा परिहार, एडीजे शेलेन्द्र कुमार, रामाकांत श्रीराम झा, रविशंकर कुमार, नागेश प्रसाद सिंह, आरती कुमारी, प्रिया कुमारी, वृजनाथ, समेत सभी न्यायिक पदाधिकारी और वकिलों ने 75 वां वन महोत्सव के सौजन्य से माँ के नाम एक पेड़ लगाने के जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा के कार्यक्रम में भाग लिये।इस अवसर पर फोरेस्टर तारकेश्वर, काजल, वनरक्षी विकास और विवेक मुस्तैद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भीड़ एवं ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने चौक चौराहे पर तैनात रहेगी पुलिसः अंचल अधिकारी

संग्रामपुर मुंगेर। दुर्गा पूजा को लेकर नगर पंचायत में तैयारियां शुरू हो चुकी है परंतु प्रत्येक साल अष्टमी नवमी एवं दशमी मैं श्रद्धालुओं एवं मेले में आने वालों की भीड़ की वजह से पूरे बाजार में जाम की समस्या लगी रहती है। इस वजह से परिवार के साथ मेला देखने आए लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।कुछ समय पहले संग्रामपुर थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में ही नगर पंचायत के लोगों के द्वारा मेले में ट्रैफिक और बेवजह जहां-तहां गाड़ी खड़ी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मेले को जाम मुक्त रखने पर भी चर्चा की गई।। नगर पंचायत में हटिया परिसर, डाक बंगला परिसर दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर मेले का आयोजन होता है। मेले में भीड़ की वजह से एवं खासकर टोटो चालक के मनमानी रवैया की वजह से अक्सर जाम लगी रहती है। वैसे तो टोटो का कहीं भी वैध पड़ाव नहीं रहने की वजह से टोटो चालक जहां-तहां अपनी गाड़ी खड़ी कर देते हैं।

# संजय हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, पिता और दो भाई निकला हत्यारा

## संजय और उसके भाई में आमलेट बनाने को लेकर हुआ था विवाद



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सोमवार को हत्याकांड का खुलासा को लेकर झाझा थाना में एसडीपीओ राजेश कुमार के द्वारा पीसी किया गया जिसमें हत्या में संल्पित तीनो गिरफ्तार आरोपी के संदर्भ में पूरी जानकारी दी। बीते 3 अक्टूबर को धोबियाकुरा गांव के समीप खेत में मिले गोंगाकुरा गांव निवासी संजय मांझी के शव मामले में पुलिस ने 72 घंटे में हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसडीपीओ ने घटना के दिन संजय मांझी और उसके भाई में घर में आमलेट बनाने को विवाद हुआ था जिसके बाद संजय की हत्या उसके भाई ने कर दिया और घटना को दूसरा रूप देने के लिए उसके शव को दूसरे जगह पर फेंक दिया था। एसडीपीओ ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन किया और उसके बाद पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर मेरे नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया जिसमें एसएचओ संजय सिंह के अलावे अन्य पुलिस पदाधिकारी डीआईयू टीम को शामिल किया गया। हत्याकांड को लेकर घटना के दिन आसपास के लोगों से पूछताछ में यह बात सामने आई थी कि घरेलू विवाद में संजय की हत्या हुई है। जिसके बाद पुलिस अनुसंधान करते हुए हत्याकांड में संलिप्त मृतक के पिता द्वारिका मांझी और उसके दो भाई संदीप कुमार और अजय मांझी को गिरफ्तार किया गया। जिसके निशानदेही पर हत्या में उपयोग किए जाने वाले तलवार को जो घर से कुछ दूरी पर छिपाकर रखा हुआ था उसे बरामद किया तथा खून लगा कपड़ा को जब्त किया गया।

## भाड़ा में बढ़ोतरी का निर्णय लेते हुए वाहन चालक मालिकों ने कि बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा चैती दुगार्मंदिर के समीप वाहन चालक एवं मालिकों के द्वारा एक बैठक आयोजित कि गयी। चालकों एवं मालिकों ने कहा कि बढ़ती मंहगाई में हमलोगों को कम भाड़ा मिल रहा है जिसके कारण हमलोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैठक में चालक, मालिकों ने अलग अलग दिशाओं में अलग अलग भाड़ा भी तय किया। बैठक में भाड़ा बढ़ोतरी सहित अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। वाहन चालक, मालिकों ने निर्णय लिया कि नगर क्षेत्र में छोटे वाहन से लेकर बड़े वाहनों को जिसमें माल ढुलाई कि जाती है उन सभी वाहनों का भाड़ा में बढ़ोतरी कि जाए। इसके अलावे दुकानदारों के द्वारा ओवरलोड भी कर दिया जाता है। इसलिए अब वाहनों पर ओवरलोडिग नही होगा और झाझा से देवघर, जमुई या अन्य कई जगहों पर जो थोक विक्रेता अपना सामान वाहनों पर लोड कर भेजते है उनलोगों से अब कम भाड़ा नही लिया जाएगा। बैठक में मनोज कुमार दीपक कुमार, चंदन कुमार, मनोज कुमार सहित कई चालक, मालिक मौजूद थे।

## गिद्धौर के कोल्हुआ गांव में देर रात्रि चोरों ने गेट का ताला तोड़ कर हजारों रुपये के संपत्ति को उड़ा ले गए चोर

- पुलिस मामले की कर रही छानबीन



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। खैरा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ पंचायत अंतर्गत कोल्हुआ गांव में देर रात्रि चोरों ने एक घर में मेन गेट का ताला तोड़ कर लगभग दो लाख रुपये के चोरी कर ली। जानकारी अनुसार खैरा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ निवासी गृहस्वामी नरेश राम के घर चोरों ने देर रात्रि गेट तोड़ कर घर के प्रवेश कर अलमीरा में रखे सोने चांदी के आभूषण बर्तन बेशकीमती सामान साहित चौतीस हजार रुपए नगदी की चोरी कर ली। पीड़ित नरेश राम की बहन सरिता देवी ने जानकारी देते हुए बताया हमारे भाई नरेश राम के परिवार कही बाहर गये हुए थे।इसी का फायदा उठते हुए चोरों ने घर के कमरे में रखे अलमीरा में आठ ग्राम सोना,पाँच ग्राम के अंगुठी,15 पीस चाँदी का सिक्का,स्टेट बैक का एटीएम,क्रेडिट कार्ड,जीएसटी का पेपर,जमीन के सभी कागजात, 34 हजार रुपये नकदी सहित कई जरूरी सामानों की चोरी कर ली हम सबों को कुछ पता नही चल सका। इधर चोरी के इस घटना की सूचना खैरा पुलिस को पीड़ित परिजनों द्वारा थाने को दी गयी है। वहीं मामले को लेकर थानाध्यक्ष ने कहा है कि पीड़ित द्वारा आवेदन दिया गया है छानबीन जारी है, जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले चोर पुलिसिया गिरफ्त में होंगे।

## नगर क्षेत्र में चलाया गया पुलिस प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च

### पूजा पंडालों का निरीक्षण करते हुए एसडीपीओ ने दिया आवश्यक दिशा निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सोमवार को एसडीपीओ ने नगर क्षेत्र के चारो ओर फ्लैग मार्च करते हुए लोगों को पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी कोई झूठी अफवाह पर ध्यान नही देने का अपील किया। फ्लैग मार्च के दौरान एसडीपीओ एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी रेलवे इंडियन इंस्टीच्यूट, बारोवारी दुगार्मंदिर, सार्वजनिक दुगार्मंदिर, एवं मुख्य बाजार स्थित बड़ी दुगार्मंदिर पहुंचकर पूजा समिति को कई तरह के गाइडलाइन को फिर से दुहराया।दुगार्पूजा में शांति व्यवस्था कायम रखने के साथ पूजा समिति को विभिन्न प्रकार का दिशा निर्देश देने को लेकर झाझा पुलिस प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाली गई जिसमें एसडीपीओ राजेश कुमार, एसएचओ संजय सिंह, बीडीओ रविजी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे। हर पूजा पंडाल में पूजा समिति के सदस्यों के साथ सादे लिबास में पुलिस भी मौजूद रहेगे ताकि असामाजिक तत्व के लोगों पर नजर बनाया जा सके ।एसडीपीओ ने बताया कि लगातार पुलिस प्रशासन पूजा में शांति व्यवस्था को कायम रखने को अपने कार्यो को कर रहे है। पूजा पंडाल का भी निरीक्षण किया और पूजा समिति को दिशा निर्देश देते हुए पूजा पंडाल में आवश्यक नंबर, पूजा समिति के सदस्यों का नंबर लिखा हुआ रहने की बात कि इसके अलावे पूजा पंडाल में स्टेज की मजबूती भी देखा गया ताकि किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो। सीसीटीवी कैमरा भी पूजा पंडाल में लगा है या नही इसकी भी जांच कि गई। एसडीपीओ ने बताया कि पूजा के दौरान ट्रेफिक व्यवस्था दुरूस्त रहेगी इसको लेकर शहर में 12 जगहों पर बेरिकेटिग भ लगाया जाएगा और पुलिस प्रशासन की नियुक्ति भी कि जाएगी।

## घर के बाहर से हुई बाइक की चोरी



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर/जमुई। गिद्धौर में इन दिनों चोरी की वारदात बड़े पैमाने पर बढ़ रही है। ताजा मामला गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पतसंडा पंचायत निवासी स्व. मोहन रावत के पुत्र रंजन कुमार की बाइक चोरी का है। पीड़ित ने गिद्धौर थानाध्यक्ष को आवेदन देते हुए बताया है कि रविवार, 6 अक्टूबर की रात घर के बाहर अपनी बजाज डिस्कवर बाइक (गाड़ी संख्या बीआर 46 ए 8737) हर दिन की तरह खड़ी किया। सुबह जब घर से निकला तो देखा की बाइक वहां नहीं थी। इधर उधर बहुत ढूंढने के बाद भी गाड़ी का थाह पता नहीं लगा। जिसके बाद थाना में आवेदन दे रहा हूं। पीड़ित रंजन कुमार ने गिद्धौर पुलिस से आग्रह किया है कि मामले में कानूनी कार्रवाई करते हुए चोरी की गई गाड़ी ढूंढने की कृपा की जाए।

## भाकपा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला बंदोबस्त पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरपुर ।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल आज जिला बंदोबस्त पदाधिकारी को स्मार-पत्र देकर विशेष भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्य पर फिलहाल रोक लगाने तथा भू-धारियों के समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। स्मार पत्र में कहा गया है कि भूस्वामियों को जमीन संबंधी दस्तावेज नहीं रहने, जमाबंदी तथा परिमार्जन सुधार नहीं होने, दाखिल-खारिज के मामले लंबित रहने से भूमि सर्वेक्षण कार्य में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बिचौलिए इन्हीं परिस्थिति का लाभ उठाते हुए नाजायज पैसे की उगाही कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने भूधारको को दस्तावेज उपलब्ध करने एवं अपलोड करने के लिए पर्याप्त समय देने, अंचल कार्यालय में लंबित म्यूटेशन तथा परिमार्जन के मामले का अभियान चलाकर निष्पादन करने, जमाबंदी सुधार के आवेदनों को प्राथमिकता देकर निदान करने एवं पर्चा धारियों को जमीन पर कब्जा तथा कब्जा वाली जमीन का शीघ्र पर्चा देने की मांग की।

## मुख्यमंत्री द्वारा एक साथ कई योजनाओं की राशि का किया हस्तांतरण

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभुकों की स्वीकृति के पश्चात लाभुकों को एक साथ प्रथम किस्त का भुगतान, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत शौचालय निर्माण के उपरांत प्रोत्साहन राशि का भुगतान,सत्त जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत लाभार्थियों को जीविकोपार्जन संवर्धन हेतु राशि का हस्तांतरण, जीविका अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण की राशि का विभिन्न बैंकों के माध्यम से सोमवार 07 अक्टूबर को अपराह्न 4:00 बजे हस्तांतरण माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। जिला स्तर पर ठक्ष में जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के 04 लाभुकों की स्वीकृति पत्र दिया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत शौचालय निर्माण के उपरांत 03 लाभुक को प्रतीक चिन्ह एवं जीविका के तत्वावधान में सत्त जीविकोपार्जन योजना अन्तर्गत लाभार्थियों को जीविकोपार्जन संवर्धन, स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि, सहायता समूहों को बैंक ऋण की राशि के संकेतिक रूप से चेक का वितरण किया गया। जिला स्तर से इस कार्यकम हेतु सन्नहित राशि : स्तत जीविकोपार्जन योजना अन्तर्गत 562 दीदियों को 1.9266 करोड़ । स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत 323 समूहों को 3.2835 करोड़ रू० दिया जायेगा। स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण के रूप में कुल 183 समूहों को 4.905 करोड़ रू० दिया जायेगा। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत कुल 2141 लाभुकों को 2. 5692 करोड़ रू० दिया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कुल 911 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि 3.644 करोड़ रू० की राशि दिया जायेगा

## ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जिलाधिकारी ने राशि से संबंधित चेक वितरण किया




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सोमवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा राशि से संबंधित चेक तथा आवास का स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक सहित अन्य उपस्थित थे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 996 लाभार्थियों को प्रथम कि स्त की 3.48 करोड़ की राशि जमालपुर प्रखंड के इन्द्ररूख पूर्वी पंचायत की तेतरी देवी, पे०-झकसू साह, रिंकी देवी, पे० भूपेन्द्र मंडल, नीलू देवी, पे०-उमेश तांती, सुलोचना देवी, पे०- ईश्वर चौधरी, पाटम पूर्वी पंचायत की निर्मला देवी, पे०-अर्जुन साव, शोभा कुमारी, पे० ललीत नारायण यादव, लक्ष्मी देवी, पे०-दिनेश यादव तथा बांक पंचायत की काशमीरी बेगम, पे०-मो० गुलाम नवी, लाडली खातून, पे०-मो० आरजू रेन, सोनी खातून, पे०- मो ० मुशताक को स्वीकृति पत्र वितरित किया। इसके अलावा सतत जीविकोपार्जन के तहत 631 अत्यंत गरीब परिवारों को 2.09 करोड़ की सहायता राशि, जीविका अंतर्गत एसएचजी क्रेडिट लिंकेज के 170 समूह के लाभार्थियों को 4.80 करोड़, जीविका अंतर्गत एसएचजी पराक्रमी एवं सामुदायिक निधि के 167 लाभार्थियों के समूह को 2.04 करोड़ की राशि, एलएसबीए अंतर्गत शौचालय निर्माण हेतु 2042 लाभार्थियों को 2.45 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रही है। पदाधिकारी अथवा कर्मियों द्वारा संबंधित योजनाओं के लाभार्थियों के आवेदन के आधार पर जांचोपरांत चिन्हित कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जा रही है। जिले में संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लाभार्थियों को दिलाया जा रहा है। उन्होंने सभी लाभार्थियों से कहा के आप सभी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी अवश्य रखें। समाचार पत्रों तथा सभी सरकारी कार्यालयों में जा कर आप योजनाओं की जानकारी लें और उसका लाभ अवश्य उठाएं।

## विभिन्न सनातनी संगठन की और से सनातन धर्म को बढ़ावा देने को लेकर हुई बैठक




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] भाजपा सहित अन्य विभिन्न संगठनों की एक बैठक नगर क्षेत्र स्थित सोमवार को बरनवाल धर्मशाला में आयोजित कि गई।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष सूरज सिंह। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री शंकर प्रसाद साह उपस्थित हुए। बैठक में आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल सहित अन्य सनातनी संगठन के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में चर्चा सनातन धर्म को बढ़ावा देने पर विशेष रूप से चर्चा कि गई और लोगों ने कहा कि सनातन धर्म का हमसभी लोग पूरी आस्था के साथ सम्मान करे।

पूर्व जिला महामंत्री ने सनातन संस्कृति और सभ्यता के बारे में बाते हुए कहा कि भारत की संस्कृति और सभ्यता विकास का मुख्य आधार है। बैठक में अन्य कई सनातन धर्म से जुड़ी अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। मौके पर विजय अग्रहरी, बिंदेश्वरी साह, सत्यनारायण तुरी, कंचन देवी, उषा देवी, आरएसएस का श्रीकुमार कर्ण सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## रतनपुर- नयागांव रेलवे फाटक पर जान जोखिम में डाल रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहे लोग




प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। आम जनों के सुरक्षा के लिए बनाए गए रेलवे फाटकों की अहमियत को दरकिनार कर लोग फाटक बंद होने पर दोपहिया वाहन चालक जान जोखिम में डालकर फाटक को पार करते है। इन लोगों को न अपनी जान की परवाह है ना सुरक्षा का। गिद्धौर प्रखंड के रतनपुर- नयागांव सड़क मार्ग रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन इस प्रकार का नाजारा देखने को मिलता है। रेलवे के कर्मचारी रेल आने पर फाटक को बंद तो कर देते है। लेकिन दोपहिया वाहन जल्दबाजी में अपनी जान को जोखिम में डालकर बंद फाटक के नीचे से रेलवे लाईन पार करने से बाज नहीं आते। लोग अपनी जान व नियमों को ताक पर रखकर बिना किसी भय के बंद फाटक को पार करते रहते है। कई बार तो रेल बिलकुल समीप होने पर भी वे फाटक को पार करने से परहेज नहीं करते। लेकिन दिन भर नियमों को ताक पर रखकर कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ न ही स्थानीय प्रशासन कुछ करने के मूड में नजर आ रहा है और न ही रेलवे प्रशासन की ओर से कोई कदम उठाएं जा रहे है। रेलवे विज्ञापन इत्यादि के जरिए तो लोगों को बंद फाटक पार न करने के लिए जागरुक करता है और ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी की बात कही जाती है। लेकिन जमीनी हकीकत देखी जाए तो उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर रेल आने पर जब फाटक बंद करने के बाद दिनभर दर्जनों दोपहिया वाहन नियमों का उल्लंघन कर फाटक को पार करते हैं और इस दौरान उन्हें कोई रोकने-टोकने वाला नहीं होता है। जिसके कारण एक दूसरे की देखा देखी रेल आने तक फाटक बंद होने के बाद भी लोगों के रेलवे लाइन से गुजरने का सिलसिला जारी रहता हैं। यदि स्थानीय प्रशासन, रेलवे प्रशासन ने समय रहते इस पर संज्ञान नहीं लिया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से जमालपुर व सफियाबाद थाना में जनप्रतिनिधि के साथ की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद द्वारा रविवार को दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय माहौल में संपन्न कराने को लेकर विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित बैठक जमालपुर तथा सफियाबाद थाना में सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह तत्पर है, परंतु इस पूरे पर्व को संपन्न कराने में आमजन सहित स्थानीय जन प्रतिनिधियों के सहयोग भी अपेक्षित हैं। उन्होंने सभी एसएचओ से कहा कि अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बैठक कर पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे के संधारण सहित श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस टीम द्वारा लगातार अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी पूजा पंडालों का लगातार निरीक्षण अथवा गश्ती करने की भी बात कही। उन्होंने दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय माहौल में संपन्न कराने की अपील की।

## डीएम और एसपी ने दुर्गा महारानी मंदिर परिसर का विधि व्यवस्था संधारण को लेकर किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर ।जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद द्वारा रविवार को बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर परिसर का विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य दुर्गा पूजा के दौरान मंदिर परिसर में उमड़ने वाली भीड़ के नियंत्रण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने वहां मंदिर के अध्यक्ष, सचिव सहित सभी कार्यकताओं के साथ बैठक कर मेले में उमड़ने वाली भीड़ के नियंत्रण हेतु नियंत्रण कक्ष बनाने, श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास द्वार बनाने,

दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए पड़ाव स्थल बनाने सहित पंडाल के अंदर पूरी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल सहित संस्था के कार्यकताओं की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया।

उन्होंने कहा कि पूरे मेला अवधि के दौरान मंदिर परिसर सहित मुख्य चौक चौराहों पर भी ड्रोन कैमरों सहित सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी। पुलिस गश्ती भी लगातार किए जाने को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

इसके अलावा उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए सभी से अपील की है कि मेले में जिला प्रशासन द्वारा संचालित विधि व्यवस्था संधारण में अपना सहयोग दें और मेले का भरपूर आनंद उठाएं।

उन्होंने कहा कि जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम पूरे मेला अवधि की पल पल निगरानी रखेगी। उन्होंने कहा कि असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

# आदि शक्ति माता जगदम्बा की जय हो




महामाया ब्रह्म का ही स्वरूप हैं। इसलिए, यह ब्रह्म माया के रूप में विद्यमान हैं। ब्रह्म की समस्त क्रिया भाव महामाया के ही अधीन है और यह तमोगुण की अधिष्ठिता है तथा त्रयी गुण विशेष हैं। दुष्टों का संहार करने वाली तथा अपने भक्तों को कल्याण प्रदान करती है। समस्त जीव में ब्रह्म जो आत्मा रूप में विद्यमान है, वह जीवात्मा सर्वप्रथम बुद्धि का निर्माण करता है, फिर अहंकार, मन आदि चौबीस तत्वों का निर्माण करता है। जोकि प्रकृति का भाव है। ब्रह्म और प्रकृति के मध्य ही महामाया क्रियाशील रहती हैं, वह समस्त माया की मूल हैं। इन्ही से जगत मोहित होता रहता है। इनकी इच्छा से ही आत्म दर्शन संभव है। क्योंकि, यह ब्रह्म स्वरूप का आवरण की तरह हैं। लेकिन, जो पुरुष आत्म स्थित है, उस पर माया का प्रभाव नहीं होता है। इसी संदर्भ में एक प्रसंग है; सृष्टि के आरंभ में जब भगवान विष्णु शेषनाग के शैया पर शयन कर रहे थे। उसी समय उनके कान से मधु - कैटभ नाम के दो राक्षस तमोगुण के प्रभाव से प्रकट हुआ और भगवान विष्णु के नाभि कमल में विराजमान ब्रह्मा जी को खाने के लिए दौड़ा तब ब्रह्मा जी अपने ब्रह्म स्वरूप श्री नारायण की सहायता प्राप्त करने के लिए; उनके पलकों पर स्थित महामाया की स्तुति किए और भगवान को जागृत करने हेतु आग्रह किया। भगवती महामाया प्रसन्न हुई और भगवान को जगाईं तथा भगवान जागे और मधु कैटभ का संहार किए और इस प्रकार से सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय का आरंभ हुआ। वास्तव में, क्षीर सागर ही ह्वब्रह्म सागरह्न है जो अनंत कोटि में स्थित है और शेषनाग सपाकार सृष्टि है तथा उसपर परब्रह्म परमात्मा श्रीहरि अपने स्वरूप स्थिति में स्थित हैं महामाया इस ब्रह्म सम्पूर्ण सृष्टि चक्र में व्याप्त होकर सृष्टि क्रम का संचालन कर रही हैं। यही भगवती ब्रह्मा की माया ब्राह्मणी है, नारायण की नारायणि और शिव की शिवा, गौरी आदि हैं।

सर्वमङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते॥

नारायणी! तुम सब प्रकार का मंगल प्रदान करने वाली मंगलमयी हो। कल्याणदायिनी शिवा हो। सब पुरुषार्थों को सिद्ध करने वाली, शरणागतवत्सला, तीन नेत्रों वाली एवं गौरी हो। तुम्हें नमस्कार है। मां जगदम्बा समस्त मंगल प्रदान करने वाली हैं तथा सभी अमंगलो का नाश करने वाली है। सभी प्रकार के भय, दुःख, रोग, व्याधि आदि हरने वाली हैं। दुषित बुद्धि में से दुष्टता हर लेती हैं। सभी हिंसात्मक प्रवृतियों का नाश कर देती हैं और सद्बुद्धि प्रदान करती हैं।

सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते।
भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते ॥

सर्वस्वरूपा, सर्वेश्वरी तथा सब प्रकार की शक्तियों से सम्पन्न दिव्यरूपा दुर्गे देवि! सब भयों से हमारी रक्षा करो; तुम्हें नमस्कार है। ब्रह्मांड, ब्रह्म का स्थूल शरीर है। इसमें, ब्रह्म के अतिरिक्त कुछ नहीं है। उसी तरह से हमारा यह शरीर ब्रह्म मंडल ही है। अर्थात ब्रह्म से ही निर्मित है और ब्रह्म में ही स्थित है तथा ब्रह्म से ही संचालित है। इस संचालन में जो शुभ और सुंदर वह ब्रह्ममाया का ही प्रतिफल है। वह महामाया सर्वस्वरूप हैं अर्थात अनंत कोटि रूपों में हैं। लेकिन, उनका वास्तविक स्वरूप महामाया की है, जो अपनी माया से जग को मोहित कर रखी हैं। संसार की समस्त कामनाओं की पूर्ति कर अंत में जीव को इसी माया से मुक्ति दिलाकर आत्म स्वरूप की प्राप्ति करवाती हैं। माता सर्वेश्वरी हैं तथा सभी ईश्वर में जो शक्ति है और सभी ईश्वरीय शक्ति का स्त्रोत माता ही हैं। माता आदि, अनादि और सनातन हैं। लेकिन, इनकी अवस्था हमेशा नित्य यौवन की ही हैं। इसलिए, माता देवी के रूप में विद्यमान हैं। क्योंकि, माता हमेशा ब्रह्म स्थिति में ही रहती हैं और ब्रह्म किसी भी अवस्था से परे है तथा उसकी अवस्था कभी क्षीण नहीं होता है। वह सभी शक्तियों से संपन्न हैं और शक्ति ही जिनकी श्रृंगार है, वह दिव्य स्वरूप माता हमारी सभी भय का नाश करती हैं। वास्तव में, आत्म स्थिति से जगत स्थिति और जगत से ब्रह्म स्थिति में जो अनंत काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय और अहंकार आदि माया का जो बाधा है, उससे रक्षा माता ही करती हैं। उस माता को कोटि कोटि नमन है।

ॐ ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा।
बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति ।।

वे भगवती महामाया देवी ज्ञानियों के भी चित्त को बलपूर्वक खींचकर मोह में डाल देती हैं। महामाया जो सम्पूर्ण सृष्टि को अपनी माया से मोहित कर रखी हैं। उनका ही प्रभाव समस्त चरा चर में व्याप्त है। माता ज्ञानियों के चित्त में मोह उत्पन्न करती हैं। इसका तात्पर्य है कि ज्ञान का दो स्वरूप है। एक बुद्धि जो आत्मोन्मुख है वह आत्मज्ञान या ब्रह्मज्ञान में ही स्थित रहता है तथा दूसरा ज्ञान जो इंद्रिय द्वारा संग्रहित और बुद्धि द्वारा विस्तार किया जाता है, वह संसार का ज्ञान है। सांसारिक ज्ञान से जो मोह उत्पन्न होता है, उससे अनंत संसार का निर्माण होता है। इसलिए, माता संसार की इच्छा रखने वाले को अनंत संसार प्रदान करती है और ब्रह्म की इच्छा रखने वालों का समस्त मोह का नाश कर स्वरूप की स्थिति प्रदान करती है। जिसका जो स्वरूप स्थिति है, उस स्थिति में रखना ही माता की महामाया की माया है। यह स्थिति ब्रह्म, अब्रह्म या मोह वश भ्रम की स्थिति होती है।

# मध्य पूर्व में होता समुद्र-मंथन

पूरा विश्व गोया इस समय बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है। सामने से तो यही नजर आ रहा है कि एक तरफ कल तक सोवियत संघ के रूप में साथ रहने वाले दो देश रूस व यूक्रेन युद्धरत हैं तो दूसरी तरफ इस्राईल बनाम ईरान-हमास -लेबनान व हूती के बीच युद्ध चल रहा है। परन्तु दरअसल इन दोनों ही खूनी संघर्षों के पीछे उसी अमेरिका की मुख्य भूमिका है जो दुनिया में सबसे अधिक अमन पसंदी, शांति, मानवाधिकार, लोकतंत्र और आतंकवाद को कुचलने जैसी बातें करता है। परन्तु जहाँ अमेरिका को अपने राजनैतिक हित साधने होते हैं वहां उसके यह सभी आदर्श धरे के धरे रह जाते हैं। इस समय अमेरिकी शह और उसी के भरोसे पर जहां यूक्रेन, रूस जैसी महाशक्ति से टकरा कर स्वयं को तबाह कर बैठा है वहीँ इस्राईल भी अमेरिका की ही सरपरस्ती में खूनी खेल खेलने में लगा हुआ है। पश्चिमी देशों की शह पर ही वह इस्राईल जिसने कभी रहम की भीख मांगकर अरब की सरजमीं पर अपने अस्तित्व को बचाया था। वह इस्राईल जिसे लेकर पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने यह निर्णय दिया है कि फिलिस्तीनी कब्जे वाले क्षेत्रों में इस्राईल की उपस्थिति गैर कानूनी है। जिसके बारे में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने कहा है कि इस्राइल ने पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में कब्जा करने, स्थायी नियंत्रण लगाने और बस्तियां बनाने की नीतियों को लागू करके, वहां कब्जा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने यह भी कहा है कि इस तरह की हरकतें कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इस्राईल की मौजूदगी को गैर कानूनी ह्व बनाती हैं। इस क्षेत्र में इस्राईल की निरंतर मौजूदगी अवैध है और इसे जितनी जल्दी हो सके समाप्त किया जाना चाहिए। वही अवैध राष्ट्र आज उन्हीं अरब क्षेत्र के लोगों की जान का न केवल दुश्मन बना हुआ है बल्कि अमेरिकी शह और अपनी सैन्य शक्ति के बल पर इसी धरती पर ग्रेटर इस्राईल के गठन का सपना भी संजोये बैठा है। इन हालात को पैदा करने के लिये अमेरिका ने दशकों से एक बड़ी साजिश रची है। अमेरिका व इस्राईल ने शिया-सुन्नी विवाद का फायदा उठाकर अरब देशों के सामने ईरान का हौव्वा खड़ा करने का एक सफल चक्रव्यूह रचा। अरब देशों के सामने ईरान को विलेन के रूप में पेश किया और अमेरिकी संरक्षण में उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया। इसके बदले में अमेरिका सऊदी अरब सहित मध्य पूर्व के और भी कई तेल उत्पादक देशों से ईरान से सुरक्षा के नाम पर अपनी मर्जी की कीमत पर तथा मनचाही मात्रा में तेल दोहन किया करता है। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका के इन पिछलग्गू अरब देशों को अपने अपने देश में लोकतंत्र का गला घोंटने, किसी भी तरह का दमन चक्र चलाने, मानवाधिकारों का हनन करने अपनी बादशाहत चलाने व तानाशाही की भी खुली छूट है। मध्य पूर्व के अनेक देश ऐसे भी हैं जिनकी पूरी अर्थव्यवस्था अमेरिका के हाथों गोया गिरवी रखी हुई। अब इस क्षेत्र में कोई बड़ी ताकत सर न उठा सके अपने इसी षड्यंत्र के तहत अमेरिका ने पहले तो इराक को तबाह किया फिर ईरान को आतंकी देश और शैतान की धुरी तथा इसे समूचे अरब जगत के लिये खतरा बताना शुरू कर दिया। पूरी दुनिया के विभिन्न देशों में आतंक की इबारत लिखने व करोड़ों बेगुनाहों की मौत का जिम्मेदार अमेरिका ही अब खुद यह तय करता है कि कौन सा देश आतंकी है, कहाँ की सेना आतंकी है, और कहाँ का शासक आतंकवाद का संरक्षक है।

# भारत के पोषण लाभ और प्रगति को और मजबूत करने और निरंतरता बनाए रखने की दिशा की ओर

डॉ. राजन शंकरः डॉ. राजन शंकर एक चिकित्सक और सेना मेडिकल कोर से चिकित्सा और एंडोक्रिनोलॉजी में सेवानिवृत्त वरिष्ठ सलाहकार हैं। उन्होंने इससे पहले टाटा ट्रस्ट में पोषण निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। टाटा ट्रस्ट में अपनी भूमिका से पहले, डॉ. शंकर ग्लोबल एलायंस फॉर इम्प्रूव्ड न्यूट्रिशन (जीएआईएन) में दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय प्रतिनिधि थे, जहाँ उन्होंने भारत में कार्यक्रम विकास और अनुदान प्रबंधन में योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारत में यूनिसेफ के बाल विकास और पोषण अनुभाग में एक परियोजना अधिकारी के रूप में काम किया। डॉ. शंकर ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 100 से अधिक वैज्ञानिक पत्र प्रकाशित किए हैं।



समग्र कल्याण के लिए अच्छा पोषण बेहद जरुरी है और राष्ट्र के स्वास्थ्य और विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। पर्याप्त पोषण मिलने से, खासकर गर्भावस्था के दौरान, जन्म लेने वाले शिशु स्वस्थ होते हैं और उनकी जीवनभर बेहतर स्वास्थ्य के साथ जीवन का आनंद लेने की संभावना ज्यादा होती है। बचपन में उचित पोषण प्राप्त होने का असर बच्चों की बेहतर आईक्यू, उत्पादकता में वृद्धि और वयस्क होने पर बेहतर धन संग्रह पर भी पड़ता है। गभार्धान के पहले 1,000 दिनों के दौरान पोषण को प्राथमिकता देना, किसी भी पीढ़ी में कुपोषण के चक्र को तोड़ने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पिछले साल कोपेनहेगन सहमति की एक रिपोर्ट के अनुसार, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पोषण में निवेश करना सबसे प्रभावी रणनीति है। 7वां राष्ट्रीय पोषण माह 1 सितंबर से 30 सितंबर, 2024 तक मनाया गया। इस संदर्भ में, यह जानना बेहद जरुरी है कि शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा भी कुपोषण के दीर्घकालिक प्रभाव देखे जाते है, जो खासकर सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को भी प्रभावित करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में पीएम-पोषण योजना, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) जैसे विभिन्न मंत्रालयों के सहयोगात्मक प्रयास इसी समझ को दशार्ते हैं। पोषण में आत्मनिर्भरः आंगनवाड़ी और पोषण वाटिका महिला और बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) के नेतृत्व में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 जैसे कार्यक्रम, पोषण परिणामों में सुधार लाने और बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और नर्सिंग माताओं में कुपोषण की चुनौतियों का समाधान करने के मकसद से संस्थागत समर्थन का एक अनूठा मॉडल पेश करते हैं। सक्षम आंगनवाड़ी पहल के तहत, आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) बुनियादी पोषण सहायता के इतर भी व्यापक सेवाएं प्रदान करते हैं। इन सेवाओं में स्वस्थ भोजन, प्रसवपूर्व और प्रसव के बाद की देखभाल, स्तनपान की प्रक्रिया और पूरक आहार के महत्व पर मार्गदर्शन देना शामिल हैं। अपने नियमित स्वास्थ्य जांच अभ्यासों के जरिए, यह कुपोषण और अन्य स्वास्थ्य मुद्दों के लिहाज से बच्चों का मूल्यांकन करता है और उचित सहायता प्रदान करता है। आंगनवाड़ी केंद्रों को बचपन के समय में ही प्रारंभिक विकास को बढ़ावा देते हुए मातृ एवं बाल पोषण प्रयासों में सहायता करके, देखभाल की निरंतरता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कुपोषण से निपटने के लिए नीति निर्माण में डेटा-संचालित समाधान सुनिश्चित करने में होने वाली प्रगति ही पोषण ट्रैकर की शुरूआत है। यह बेहद सक्रिय मंच, पोषण सेवाओं की योजना, निष्पादन और निगरानी में सहायता करता है ताकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित बच्चों की पहचान कर सकें और सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाया जा सके। इस योजना के तहत एक अन्य पहल पोषण वाटिका (पोषण उद्यान) की भी शुरूआत की गई है। आमतौर पर आंगनवाड़ी केंद्रों में स्थापित इन किचन गार्डन का मकसद ताजा, स्थानीय रूप से उगाई गई सब्जियां और फल प्रदान करके बच्चों और महिलाओं के पोषण को बेहतर बनाना है। यह पहल न केवल सबसे जरुरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता में सुधार करती है बल्कि आत्मनिर्भरता और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देकर समुदायों को सशक्त भी बनाती है। यह खाद्य योजनाओं को स्थानीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप बनाने की अनुमति देता है, आहार विविधता और सतत भोजन लेने की विचारधारा का समर्थन करता है। जलवायु परिवर्तन के बीच खाद्य प्रणालियों की संवेदनशीलता के संदर्भ में भारत ने बाजरा को बढ़ावा दिया है, जो जलवायु के लिहाज से बेहतर और ज्यादा पौष्टिक हैं। वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मान्यता प्राप्त, ये फसलें प्रोटीन,जरुरी फैटी एसिड, फाइबर, विटामिन बी और प्रमुख खनिजों से भरपूर हैं, जो खासकर महिलाओं और बच्चों में एनीमिया जैसी कमियों को दूर करने में मदद करती हैं। बाजरा पोषण अभियान का एक प्रमुख भाग है और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से किशोर लड़कियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं और छोटे बच्चों को प्रदान किए जाने वाले पूरक पोषण में शामिल है। कमजोर लोगों तक पहुंच बनानाः ज्यादा कुपोषण वाले वर्ग का सामुदायिक प्रबंधन पोषण एक बहुक्षेत्रीय मुद्दा है, जिसके लिए बहु-क्षेत्रीय समाधानों की जरुरत है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से, कुपोषित बच्चों के प्रबंधन के लिए हाल ही में शुरू किया गया प्रोटोकॉल, बच्चों, खासकर गंभीर रुप से कुपोषण वाले बच्चों में कुपोषण की पहचान करने और उनका प्रबंधन करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। सामुदायिक सक्रियता, नियमित स्क्रीनिंग और निगरानी जैसी जरुरी कार्यनीतियों को रेखांकित करते हुए, ये दिशा-निर्देश न केवल एक समग्र दृष्टिकोण को दशार्ते हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर कुपोषण के प्रबंधन को कारगर बनाने के लिए, लागत के लिहाज से अनुकूल उपाय भी प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम में जब गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) वाले बच्चों का चिकित्सा संबंधी समस्याओं के लिए मूल्यांकन किया जाता है, तो ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) को लेकर अतिरिक्त जांच की जाती है। जटिलताओं या कम भूख लगने की समस्या से ग्रसित बच्चों को पोषणिक पुनर्वास केन्द्रों(एनआरसी) या कुपोषण उपचार केन्द्रों (एमटीसी) भेजा जाता है, जबकि चिकित्सीय जटिलताओं से रहित बच्चों का उपचार आंगनवाड़ी केन्द्रों में किया जाता है। कई राज्यों में, सामुदायिक प्रणाली में गंभीर तीव्र कुपोषण के जटिल मामलों के प्रबंधन पर फोकस करने के लिए ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस के दौरान फ्रंटलाइन कार्यकताओं झ आंगनवाड़ी कार्यकताओं, आशा और एएनएम के बीच बैठकें भी आयोजित की जाती हैं। सुधार के अवसर कुपोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमने एक लंबा सफर तय किया है, लेकिन फिर भी चुनौतियां बरकरार हैं। मौजूदा कार्यक्रमों ने बच्चों में मध्यम और गंभीर तीव्र कुपोषण दर में सुधार और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण संबंधी परिणामों को बढ़ाते हुए एक ठोस नींव रखी है। हांलाकि, विशेष रूप से गैर-गर्भवती और गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं, खासकर ऐनीमिया जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से पीड़ित किशोरियों के लिए निरंतर कोशिशें होना जरुरी है। इस समूह के लिए समर्पित हस्तक्षेप और मंचों की आवश्यकता है। पोषण से जुड़े परामर्श कई पहलों का अभिन्न अंग है। समुदाय के नेताओं और समुदाय को शिक्षित और प्रशिक्षित करना, स्थानीय सांस्कृतिक संदर्भों के अनुसार संदेशों को तैयार करना और कार्यक्रम के विकास में समुदायों को शामिल करना, पोषण की आदतों में सुधार लाने के लिए बेहद जरुरी है। रणनीतियों को खाद्य उपलब्धता, आर्थिक स्थितियों और सामाजिक कारकों को भी संबोधित करना चाहिए, ताकि पोषण सेवाएं सुलभ और व्यावहारिक हो सकें।

# नवरात्र में छठे दिन होती है मां कात्यायनी की पूजा

मां कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है। वह इस लोक में स्थित रहकर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से युक्त हो जाता है। मां कात्यायनी को जो सच्चे मन से याद करता है उसके रोग, शोक, संताप, भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं। जन्म-जन्मांतर के पापों को विनष्ट करने के लिए मां कात्यायनी की शरणागत होकर उनकी पूजा-उपासना के लिए तत्पर होना चाहिए। मां कात्यायनी की उपासना से अद्भुत शक्ति का संचार होता है और दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती हैं। इनका ध्यान गोधुली बेला में करना होता है।





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा,**
**लेखक**

चैत्र नवरात्र और शारदीय नवरात्र के रूप में नवरात्र वर्ष में दो बार मनाई जाती है। शारदीय नवरात्र सतयुग में शुरू हुई थी और आज भी इसे उतनी ही श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया जाता है। भक्त अपनी इच्छानुसार मां दुर्गा का 9 दिन का व्रत रखते हैं। नवरात्र पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की अलग-अलग दिन पूजा होती हैं। मां दुर्गा शक्ति स्वरूपा है और इस व्रत को करने वाले को भी शक्ति की प्राप्ति होती है। शारदीय नवरात्र का पांच पूजा तक में मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा और मां स्कंदमाता की आराधना हो चुकी है। अब छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा - आराधना होगी। मां कात्यायनी की उत्पत्ति या प्राकट्य के बारे में वामन और स्कंद पुराण में अलग-अलग बातें बताई गई है। मां कात्यायनी देवी दुर्गा का ही छठा रूप है। स्कंद पुराण में कहा गया है कि मां कात्यायनी की उत्पत्ति परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से हुई थी। वहीं वामन पुराण के अनुसार सभी देवताओं ने अपनी ऊर्जा को बाहर निकालकर कात्यायन ऋषि के आश्रम में इकट्ठा किया और कात्यायन ऋषि ने उस शक्तिपुंज को एक देवी का रूप दिया जो देवी पार्वती द्वारा दिए गए सिंह (शेर) पर विराजमान थी। चूकि कात्यायन ऋषि ने देवी का रूप दिया था इसलिए देवी मां कात्यायनी कहलाई और मां कात्यायनी ने ही महिषासुर का वध की। कालिका पुराण जैसे ग्रंथों में अन्यत्र, यह उल्लेख किया गया है कि ऋषि कात्यायन ने सबसे पहले उनकी पूजा की थी, इसलिए उन्हें कात्यायनी के नाम से जाना जाने लगा । किसी भी स्थिति में, वह दुर्गा का एक प्रदर्शन या स्वरूप है और उसकी पूजा नवरात्र उत्सव के छठे दिन की जाती है । संस्कृत में देवी महात्म्य, शक्तिवाद का केन्द्रीय पाठ, दिनांक 11 ई.पू. वामन पुराण में उनकी रचना की कथा का विस्तार से उल्लेख किया गया है : ह्नजब देवताओं ने अपने संकट में विष्णु की खोज की, तो उन्होंने और उनके आदेश पर शिव, ब्रह्मा और अन्य देवताओं ने अपनी आंखों और चेहरे से ऐसी ज्वालाएं निकाली कि चमक का एक पहाड़ बन गया। जिससे मां कात्यायिनी प्रकट हुई, हजारों सूर्यों के समान देदीप्यमान, तीन आंखें, काले बाल और अठारह भुजाएं। शिव ने उन्हें अपना त्रिशूल, विष्णु ने सुदर्शन चक्र या चक्र, वरुण ने एक शंख, अग्नि ने एक तीर, वायु एक धनुष, सूर्य एक तीरों से भरा तरकश, इंद्र एक वज्र , कुवेर एक गदा , ब्रह्मा एक माला और जल-पात्र, कला एक ढाल और तलवार, विश्वकर्मा एक युद्ध-कुल्हाड़ी और अन्य हथियार। इस प्रकार देवताओं द्वारा सशस्त्र और सम्मानित किया गया। मां कात्यायनी मैसूर की पहाड़ियों की ओर बढ़ीं। वहां, असुरों ने उन्हें देखा और उनकी सुंदरता से मोहित हो गए, उन्होंने अपने राजा महिषासुर से उनका इतना वर्णन किया कि वह उन्हें पाने के लिए उत्सुक हो गए। कात्यायनी ने उनसे हाथ मांगा, तो उन्होंने कहा कि उन्हें जीतना ही होगा। लड़ाई में। उसने महिष, बैल का रूप धारण किया और युद्ध किया। अंत में मां दुर्गा अपने सिंह से उतरी और महिष की पीठ पर चढ़ गई, जो एक बैल के रूप में था और अपने कोमल पैरों से उसके सिर पर इतनी भयानक ताकत से प्रहार किया कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। फिर उसने अपनी तलवार से उसका सिर काट दिया और तब से उसे महिषासुर का वध करने वाली महिषासुरमर्दिनी कहा जाने लगा। इस कथा का उल्लेख वराह पुराण और शक्तिवाद के शास्त्रीय पाठ , देवी-भागवत पुराण में भी मिलता है। स्कंद पुराण का एक अन्य संस्करण है, जहां कात्यायनी दो भुजाओं वाली देवी के रूप में प्रकट होती हैं और बाद में 12 भुजाओं वाली देवी के रूप में विस्तारित होती हैं। कार्तिकेय के तेज के कारण ही इनका यह नाम पड़ा। इस संस्करण में पार्वती अपना शेर उपहार में देती हैं। कात्यायनी द्वारा महिष को क्षमा करने का यह अनूठा संस्करण है अमरकोष में पार्वती को ही कात्यायनी कहा गया है, संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, हेमवती एवम ईश्वरी कहा गया है। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमे भद्रकाली और चंडिका भी शामिल है, में भी प्रचलित के हैं। स्कन्द पुराण में उल्लेख है कि मां कात्यायनी परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थीं, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दी गई सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया। मां कात्यायनी शक्ति की आदि रूपा है, जिसका उल्लेख पाणिनि पर पतञ्जलि के महाभाष्य में किया गया है, जो दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में रचित है। उनका वर्णन देवी भागवत पुराण, और मार्कंडेय ऋषि द्वारा रचित मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य में किया गया है, जिसे 400 से 500 ईसा में लिपिबद्ध किया गया था। बौद्ध और जैन ग्रंथों और कई तांत्रिक ग्रंथों, विशेष रूप से कालिका पुराण (10वीं शताब्दी) में उनका उल्लेख है, जिसमें उद्यान या उड़ीसा में देवी कात्यायनी और भगवान जगन्नाथ का स्थान बताया गया है। परम्परागत रूप से देवी दुर्गा की तरह वे लाल रंग से जुड़ी हुई हैं। नवरात्र उत्सव के षष्ठी को मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। उस दिन साधक का मन ह्यआज्ञा चक्रह्न में स्थित होता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं। ऐसी भी कथा मिलती है कि ये महर्षि कात्यायन के यहां पुत्री रूप में मां कात्यायनी उत्पन्न हुई थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्त सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी तक तीन दिन कात्यायन ऋषि की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था।

# अब नहीं चलेगा जेल में जातिवाद

**मनोज कुमार अग्रवाल**

यह नितान्त दुखद और विस्मित करने वाली खबर है कि हमारे लोकजीवन में जाति कहीं भी पीछा नहीं छोड़ती। यहां तक कि जेल में अभिरक्षा में होने के बाद भी जाति पांति कायम रहती है। देश की आजादी के 77 साल बाद भी जेलों के अंदर कैदियों के साथ जातिगत भेदभाव होना दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ ही शर्मनाक भी हैं। हाल ही में चीफ जस्टिस ने इस बात पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हुए एक आदेश दिया है। हमारे यहां जेलों में जाति के आधार पर कैदियों को काम पर लगाया जाता रहा है। इस का सीधा तात्पर्य यह है कि यदि निम्न कही जाने वाली जाति से है तो उन कैदियों को सफाई कर्मी जैसे काम पर लगाया जाता है और यदि उच्च जाति से है तो खान पान यानि की मैस का काम दिया जाता है। यह भेदभाव बताता है कि जाति का जहर हमारे तंत्र की जड़ों को आज भी दूषित किए है। औपनिवेशिक काल में अंग्रेजों के समय से चली आ रही इस कुप्रथा को पहले ही बंद होना चाहिए था, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण घटिया जातिवादी सोच आज भी बरकरार है। सजा के बाद कैदियों को जेल में रखने का उद्देश्य उनको सुधारना और समाज की मुख्यधारा में वापस लाने में मदद करना होता है, ताकि जेल से छूटने के बाद वे समाज के साथ फिर से जुड़ सकें। लेकिन अगर जेलों में ही कैदियों से जातिगत स्तर पर भेदभाव होता है, तो समझना मुश्किल नहीं है कि उनकी मानसिक स्थिति पर क्या असर पड़ता होगा। मगर अच्छी बात है कि देश की सबसे बड़ी अदालत ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में जेलों में जातिगत भेदभाव के साथ श्रम विभाजन पर रोक लगाने की दिशा में अहम फैसला दिया है। शीर्ष न्यायालय ने भारत की जेलों में बंद कैदियों के बीच जाति के आधार पर भेदभाव करने को गैर कानूनी तथा असंवैधानिक करार देते हुए स्पष्ट तौर पर कहा है कि देश की किसी भी जेल में जाति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। जेल नियमावली में मौजूद ऐसे सभी प्रावधानों को हटाया जाना चाहिए, जो इस तरह के भेदभाव को बढ़ावा देते हैं। कोर्ट ने इसे संविधान के आर्टिकल 15 का सरासर उल्लंघन बतलाया है और साफतौर पर कहा है कि रसोई व सफाई का काम जाति के आधार पर बांटा जाना अनुचित है। दरअसल एक महिला पत्रकार द्वारा दायर जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जेल नियमावली जाति के आधार पर कामों के बंटवारे में भेदभाव करती है। खाना बनाने का काम ऊंची जाति के लोगों को देना व सफाई का काम निचली जातियों के कैदियों को देना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है, जो जेलों में जातिगत भेदभाव को बढ़ाता है। कोर्ट का कहना था कि जाति के आधार पर कामों का बंटवारा औपनिवेशक सोच का पर्याय है, जिसे स्वतंत्र भारत में जारी नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि यह बात स्पष्ट है कि जेल नियमावली साफतौर पर भेदभाव करती है। साथ ही कहा कि नियमावली में जाति से जुड़ी डिटेल्स का उल्लेख असंवैधानिक है। कोर्ट ने खरी-खरी सुनाते हुए सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के जेल मैन्युअल में तुरंत बदलाव करने को कहा है। साथ ही राज्यों को इस फैसले के अनुपालन की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। दरअसल एक पत्रकार सुकन्या शांता ने सबसे पहले यह मामला उठाया था। उनका कहना था कि देश के 17 राज्यों की जेलों में कैदियों के साथ यह भेदभाव हो रहा है। उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने तीन महीनों में नियमों में बदलाव करने को कहा है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने कहा है कि सम्मान के साथ जीने का अधिकार कैदियों को भी है। कैदियों को सम्मान प्रदान न करना औपनिवेशिक काल की निशानी है, जब उन्हें मानवीय गुणों से वंचित किया जाता था। संविधान- पूर्व युग के सत्तावादी शासन ने जेलों को न केवल कारावास के स्थान के रूप में देखा, बल्कि वर्चस्व के उपकरण के रूप में भी देखा। इस अदालत ने संविधान द्वारा लाए गए बदले हुए कानूनी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए माना है कि कैदियों को भी सम्मान का अधिकार है। फैसले में कहा गया है कि मानव गरिमा एक संवैधानिक मूल्य और संवैधानिक लक्ष्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या कांड मामले में फरार अभियुक्तों के घर मांझी पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

प्रातः किरण संवाददाता

माँझी। सोमवार को मांझी थाना पुलिस ने हत्याकांड में फरार चल रहे आठ अभियुक्तों के घर पहुंच कर घर पर इश्तेहार चस्पा किया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मुबारकपुर में पिछले वर्ष आपसी रंजिश में तीन युवकों को मुर्गा फार्म में बन्द कर बेरहमी के साथ मारपीट की गई थी। जिसमे से दो युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में कांड संख्या 38/23 दर्ज कर करीब एक दर्जन लोगों के विरुद्ध मांझी थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। हत्याकांड में कई अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। तथा फरार चल रहे आठ नामजद अभियुक्तों के घर पर इस्तिहार चस्पा किया गया है। समूह में पहुँची माँझी थाना पुलिस द्वारा अभियुक्तों के मुहल्ले में डुगडुगी बजाकर उनके दरवाजे पर इस्तेहार चस्पा किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्तों द्वारा आत्मसमर्पण नही किये जाने पर उनके घर पर 21 अक्टूबर को कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### बाढ़ पीड़ितों में दिल्ली की युग संस्कृति न्यास संस्था ने खाद्य सामग्री का वितरण किया

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा में युग संस्कृति न्यास दिल्ली की संस्था ने जरूरतमंद सैकड़ों बाढ़ पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया है। दरअसल दो हफ्ते पूर्व नेपाल के जल अधिग्रण क्षेत्रों में भारी बारिश होने के बाद गंडक नदी में रिकॉर्ड 6 लाख 40 हजार क्युसेक पानी छोड़ा गया था। जिसके बाद दर्जनों निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। इसी बीच इंडो नेपाल सीमा पर अवस्थित लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के चकदहवा, झंडू टोला, कान्ही टोला और बिन टोली के गांव भी बाढ़ से जलमग्न हुए थे। नतीजतन झंडू टोला और बिन टोली के सैकड़ों बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच राशन का वितरण किया गया। पीड़ितों को रोहुआ टोला एसएसबी कैंप के पास युग संस्कृति न्यास के सदस्यों ने चावल,दाल,सब्जी , तेल और मसाला का वितरण किया। इस कार्य में एसएसबी जवानों ने भी मदद की। पीड़ितों ने बताया की हमारे गांव में बाढ़ आया था , जिसमें हमलोग का अनाज और राशन भींग कर खराब हो गया है। हमलोग को अभी मदद की बहुत जरूरत थी और संस्था ने हमको अनाज देकर मदद किया है।

### वन जीव संरक्षण सप्ताह दिवस पर विद्यार्थियों ने किया वीटीआर का भ्रमण

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बिहार सरकार पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय के तहत वन जीव सप्ताह के आखिरी दिवस के दिन आज वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के बैनर तले विद्यार्थियों को एक दिवसीय नेचर ट्रिप,जंगल सफारी व पर्यावरण गोष्ठी करने का सुनहरा अवसर प्राप्त मिला।जिसमें कक्षा अष्टम व नवम के छात्र एवं छात्राओं ने बड़े ही दिलचस्पी से भाग लिया। गोष्ठी के दौरान सभी विद्यार्थियों ने नेचर गाइड से अपने अपने प्रश्नों को पूछा और प्रकृति को समझने का प्रयास किया।इस दौरान विद्यालय परिवार के साथ साथ वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के प्रशिक्षु डीएफओ,रेंजर,वनपाल,वनरक्षी,इतयादि मौजूद थे।अंत में कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को जंगल सफारी कराके किया गया। बतादें की वन विभाग इस अवसर को जागरुकता के रूप तरह तरह के इवेंट्स के जरिये वन जीव संरक्षण का संदेश दे रही है।

### स्कूल में आयोजित तिथि भोज में शामिल हुए बीईओ

प्रातः किरण संवाददाता

आदापुर। दरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत यूएमएस बीएमसी पीपरा उर्दू में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन के सौजन्य से तिथि भोज का आयोजन किया गया। भोज में बच्चों ने सुस्वादु भोजन का आनंद लिया।भोज की शुरूआत बाल सांसदों ने की। बता दें कि सरकार ने हर विद्यालय में तिथि भोज आयोजित करने के लिए अभिभावकों से अपील की है। अभिभावकों को जन्मदिवस, सालगिरह, पुण्यतिथि आदि के अवसरों पर पोषक क्षेत्र के विद्यालयों में तिथि भोज का आयोजन करना है। उक्त बाबत उक्त विद्यालय में पहुंचे छौड़ादानों प्रखंड के बीईओ राकेश मिश्र को बाल सांसदों ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट की।तिथि भोज में बच्चों को खीर, पूड़ी, सब्जी आदि परोसा गया। बच्चों ने आनंदित होकर भोजन का आनन्द लिया।बाल संसद की पीएम सानिया अंजुम ने भोजन से संतुष्टि व्यक्त की। मौके पर शिक्षक इजहार हुसैन, प्रवेज आलम,शिव शंकर गिरि, चन्दन कुमार, मुंतजिर आलम, सद्दाम हुसैन, अंजु सहित प्रसून कुमार गिरि, गोपाल बैठा, अमन कुमार, अरविंद कुमार, शहनवाज हुसैन, साबीर मियां, अरमान आलम, नूरसाबा खातून, प्रियांशु कुमारी, शबनम खातून, गुलनाज आदि थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय की हुई बैठक

## कार्यों की प्राथमिकताओं को किया गया निर्धारित, इसके अनुरूप ही पदाधिकारी करें कार्य, होगी समीक्षा:डीएम

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विभागों/कार्यालयों से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर प्राथमिकता का निर्धारण किया गया। निर्धारित प्राथमिकता के अनुरूप कार्य प्रगति की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जायेगी।

न्यायालय से संबंधित मामले, भूमि विवाद के मामले, आपदा से संबंधित मामले, आरटीपीएस के एक्सपायर मामले, आधार केन्द्रों के संचालन, क्षेत्र भ्रमण के दौरान कार्यालयों/योजनाओं की जाँच आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।

आपदा प्रबंधन के संदर्भ में गंगा नदी के तटवर्ती प्रखंडों में विगत माह में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति के आलोक में सभी बाढ़ प्रभावित पीड़ितों को नियमानुसार सहाय्य अनुदान की राशि का भुगतान किया जा रहा है। ऐसे सभी पीड़ितों की सूची को आपदा संपूर्ती पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निदेश सभी संबंधित अंचलाधिकारियों को दिया गया। गंडक नदी बेसिन के निकटवर्ती प्रखण्डों में फसल क्षति से संबंधित रिपोर्ट अविलंब भेजने का निदेश कृषि विभाग के पदाधिकारियों को दिया गया।

नीलाम पत्र से संबंधित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने के लिए प्रत्येक सप्ताह दो दिन मामलों की सुनवाई सुनिश्चित करने का निदेश सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को दिया गया। वर्तमान में जिला में 37 नीलाम पत्र पदाधिकारी अधिकृत हैं। 28 अन्य पदाधिकारियों को नीलाम पत्र पदाधिकारी के रूप में शक्ति प्रत्यायोजित की जा रही है।

सभी अंचलों में म्युटेशन एवं परिमार्जन के आवेदनों का निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर पेयजल एवं शौचालय की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिये सरकारी जमीन चिन्हित कर अनपात्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं राजस्व कर्मचारी साथ बैठकर जमीन चिन्हित कर सीओ को जानकारी देंगे तथा सीओ इस संबंध में नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करेंगे।

सभी पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण के क्रम में हर घर नल का जल, ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट, अस्पतालों में निःशुल्क दवा वितरण/उपलब्ध जनसुविधा आदि की जाँच करने का निदेश दिया गया। वरीय अधिकारियों को प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों की जाँच सुनिश्चित करने को कहा गया।

गृह विभाग से संबंधित मढ़ौरा उपकारा, थाना भवन, ट्रैफिक थाना, साइबर थाना आदि के निर्माण हेतु भूमि चयन की प्रक्रिया को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, भवन/विद्युत विभाग के अभियंताओं, अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों को सभी पूजा पंडालों का भ्रमण कर सेफ्टी ऑडिट सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

बैठक में उपविकास आयुक्त, नगर आयुक्त, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।

# अधिकारियों ने पूजा पंडाल का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



माँझी प्रखंड के मियापट्टी, पकड़ी बाजार ,थाना बाजार सहित क्षेत्र के अन्य टोलों में बन रहे पूजा पंडालों का सीओ अभिषेक सौरभ ने निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। सीओ मौके पर पहुँच सभी पूजा पंडाल का बारीकी से निरीक्षण किया। समिति के सदस्यों के साथ मिलकर सभी के साथ बैठक कर जरूरी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने ने आपसी समन्वय से पूजा संपन्न कराने को। पंडाल में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। अग्निशामक यंत्र व पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा। पंडाल में दर्शन के लिये महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग लाइन लगाने, पंडालों के चारों तरफ खुले रखने, पंडाल कम से कम 3 मीटर ऊंचा बनाने, बिजली के तार को नीचे नहीं रखना, तार खुला न रखने आदि निर्देश दिया गया। पूजा एवं जुलूस के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, नदी में मूर्ति विसर्जन नही करने की बात कही उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं होने पर कार्रवाई होगी।

## रावण पुतला दहन एवं भरत मिलाप के आयोजन को ले डीएम व एसपी ने की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। दुगार्पूजा के अवसर पर रावण पुतला दहन एवं भरत मिलाप कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर आज जिलाधिकारी श्री अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक श्री कुमार आशीष ने सभी संबंधित आयोजकों, शांति समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से एक एक कर अयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई तथा महत्वपूर्ण सुझाव लिया गया।

सदस्यों द्वारा कहीं कहीं खराब स्ट्रीट लाइट, जल जमाव आदि को दुरुस्त कराने को कहा गया। सारण जिला में 32 स्थलों पर रावण दहन तथा 62 स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी प्राप्त हुई है। बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाइट को ठीक कराया जा रहा है। सड़कों की भी मरम्मती कराई जा रही है। साफ सफाई हेतु भी कार्रवाई की जा रही है। बिजली के लटकते तारों भी दुरुस्त कराया जा रहा है। भीड़ प्रबंधन के लिये राजेन्द्र स्टेडियम छपरा सहित अन्य आयोजन स्थलों पर भी दर्शकों के लिये सेक्टर बनाकर बैठने की व्यवस्था की जायेगी ताकि भीड़ को नियंत्रित रखा जा सके। सभी सड़कों/गलियों में मोटरसाइकिल पर पुलिस की गश्ती की जायेगी। सिविल ड्रेस में पुरुष एवं महिला पुलिस बल भी तैनात रहेंगे। लहेरियाकट बाइक चलाने वालों एवं किसी भी तरह का उपद्रव करने वालों के विरूद्ध पुलिस काफी सख्ती से निपटेगी। ड्रोन कैमरे से भी सभी जगहों पर नजर रखी जायेगी। सोशल मीडिया पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह के आपत्तिजनक संवाद फैलाने वाले के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में अपर समाहर्त्ता, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, सभी पुलिस उपाधीक्षक, शांति समिति/अयोजन समिति के सदस्य, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं स्थानीय शांति समिति के सदस्यगण जुड़े थे।

# पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाना जरुरी : जनक

प्रातः किरण संवाददाता

इसुआपुर । पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है । प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए। तभी पर्यावरण की रक्षा तथा प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। ये बातें बिहार विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के उप मुख्य सचेतक सह तरैया के बीजेपी विधायक जनक सिंह ने डोईला बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। जिस पकार मां दुर्गा हमारी रक्षा करती हैं, उसी प्रकार धरती माता तथा पेड़ पौधे भी हमारे जीवन की रक्षा तथा पोषण करते हैं। आज पर्यावरण दूषित होते जा रहा है। जिसके गुनहगार हम स्वयं हैं । हम पेड़ों को तो धड़ल्ले से काटते जा रहे हैं। लेकिन उसकी जगह नए पौधे नहीं लगा रहे हैं । जिससे हमारे पर्यावरण पर संकट उत्पन्न हो रहा है। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद जनप्रतिनिधियों,सामाजिक कार्यकताओं तथा गणमान्य लोगों को विधायक ने पेड़ पौधे लगाने का संकल्प भी दिलाया। ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी स्वस्थ व खुशहाल जिंदगी बिता सके । विधायक ने सैकड़ो लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर जिला पार्षद छविनाथ सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, बीडीसी सदस्य हरेराम राम, सूरजलाल श्रीवास्तव, मुकेश चौरसिया, सरपंच संजय ओझा, ऊधो तिवारी, ललन ओझा ,भोला ओझा, महेश पड़ित,पूर्व मुखिया अच्छेलाल राय, सुनील श्रीवास्तव समेत सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन महेश पंडित द्वारा किया गया था।

## जेल अधीक्षक पर न्यायाधीश ने लगाया पांच हजार का अर्थ दंड

छपरा, प्रातः किरण। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ संजीव कुमार राय ने सत्र वाद संख्या 373/ 2005 में न्यायालय द्वारा बार-बार अभियुक्तों को न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया था। परंतु जेल अधीक्षक द्वारा काराधीन अभियुक्त बिनोद सिंह तथा सत्यनारण सिंह को न्यायालय में पेश नहीं किया गया। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए जेल अधीक्षक पर पांच हजार रुपए का अर्थ दण्ड लगाया है । साथ ही 19 अक्टूबर 2024 को अभियुक्त को न्यायालय में अपने साथ प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया है। बताते चलें कि न्यायालय द्वारा जेल अधीक्षक को पूर्व में बार-बार पत्र निर्गत किया गया। सत्र वाद में गवाही चल रही है और गवाह न्यायालय में उपस्थित हो रहा है परंतु अभियुक्त के नहीं रहने के कारण गवाही नहीं हो पा रही है ।जेल अधीक्षक द्वारा कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर काराधीन अभ्युक्तों को न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। कोर्ट ने पूर्व में कारा डीआईजी पटना को भी पत्र भेजा था ।परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई ।तब कोर्ट ने कठोर कदम उठाते हुए जेल अधीक्षक पर जुमार्ना लगाते हुए अर्थ दंड की राशि को जिला विधिक प्राधिकार में जमा कराने का आदेश दिया है।

## फायर सेफ्टी को लेकर आयोजकों को दी जा रही है सलाह

छपरा कार्यालय, प्रातः किरण। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा अबतक सारण जिला अंतर्गत कुल 109 पंडालों का निरीक्षण किया गया है। चिन्हित पूजा पंडालों में बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली के अनुसार अग्नि सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराने हेतु प्रपत्र द में सुझाव दिया गया। जिसमें 82 पंडाल प्रबंधकों द्वारा कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त इस जिला में अग्नि प्रवणता के दृष्टिकोण से कुल 8 पंडाल संवेदनशील पाया गया जिसकी अग्नि से सुरक्षा हेतु अग्निशमन वाहनों की प्रतिनियुक्ती की गई है। इसके आलावा पंडालों के प्रबंधकों का वाट्सएप ग्रुप बनाया गया है ताकि अगलगी कि धटना होने पर अविलंब अग्निशमन का कार्य किया जा सके।



## कोपा में नवविवाहिता की गला घोंट कर हत्या

कोपा / कोपा, प्रातः किरण। थानाक्षेत्र के देवरिया गांव के उजियार दास के टोला में रविवार की बीती रात एक नवविवाहिता की दहेज के लिए गला घोंट कर हत्या कर देने का मामला सामने आया है ।मृतका ( 24 ) वर्षीय पूजा देवी शैलेश कुमार यादव की पत्नी बताई गई है ।इस मामले में नवविवाहिता के पिता तथा सिवान जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी भृगुनाथ यादव ने कोपा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। नवविवाहिता मृतका पूजा की शादी हिन्दू रीती रिवाज के साथ इसी साल मई में ही उजियार दास के टोला के शैलेश कुमार यादव के साथ हुई थी ।शैलेश कुमार यादव अपने छोटे भाई के सग गुजरात के वापी में किसी प्राइवेट कम्पनी में कार्य करता है। रविवार को रात एक बजे ही घटना की जानकारी परिजनों ने 112 नम्बर पर फोन कर दिया ।कोपा थाना एसआई विजय कुमार शर्मा ने पहुँच कर मामले की छानबीन की ।विवाहिता के बूढे सास ससुर ही घर पर रहते है ।कोपा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है ।वही हत्या के खिलाफ आक्रोशित परिजनों ने सोमवार को सदर अस्पताल के समीप सड़क को जाम किया। परिजनों ने बताया कि हत्या के 12 घंटा बाद भी कोपा थानाध्यक्ष द्वारा प्राथमिकी दर्ज नही की गई।

## भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने छपरा में निकाला फिलिस्तीन एकजुटता मार्च

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा सदर। फिलिस्तीन में एक साल से जारी जनसंहार और तबाही के खिलाफ वाम दलों के देशव्यापी फिलस्तीन एकजुटता दिवस के तहत भाकपा माले के कार्यकताओं ने सोमवार को छपरा में निकाला फिलिस्तीन एकजुटता मार्च जो नगरपालिका चौक से शुरू हो कर थाना चौक के रास्ते पुनः नगरपालिका चौक पर सभा के साथ संपन्न हुआ। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव सभा राय ने कहा 7 अक्टूबर 2024 को फिलिस्तीन पर लगातार जारी इजरायली हमले के एक साल पूरे हो रहे हैं. अब तक 42 हजार से ज्यादा बेगुनाह जानें जा चुकी हैं और करीब 1 लाख घायल हैं जिनमें ज्यादातर बच्चे व महिलाएं शामिल हैं. प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल द लैंसेट के अनुसार इस साल के 6 अगस्त तक इन हमलों में कुल मरने वालों की तादाद 1,86,000 से ज्यादा हो सकती है.

अमरीका समेत अन्य साम्राज्यवादी देशों की मदद से आत्मरक्षा के नाम पर किया जा रहा यह एक खुला जनसंहार है। एक समूचे देश के वजूद को मिटा देने की कोशिश है। युद्ध व मानवाधिकार से जुड़े तमाम अंतरराष्ट्रीय नियम , मान्यताएं व शांति अपील की धज्जियां उड़ती रही हैं. अब पेजर और संचार के अन्य तकनीक का भयानक इस्तेमाल करते हुए इजरायल ने लेबनान तक इस हमले का विस्तार कर दिया है. कुल मिलाकर जुल्म और अन्याय के एक भयानक दौर के हम गवाह हैं।

ऐसे में दुनिया भर में लाखों लोग सड़कों पर आकर न सिर्फ.इसका विरोध करते हुए तत्काल शांति की मांग करते रहे हैं बल्कि अपनी सरकारों पर फिलिस्तीनी अवाम के पक्ष में खड़े होने का दबाव भी बनाते रहे हैं.

वाम दलों ने पूरी ताकत से सड़कों पर उतरकर इस जुल्म का विरोध दर्ज करते हुए इसे तत्काल रोकने की मांग करने का देशव्यापी आह्वान किया है। साथ ही मोदी सरकार से यह मांग किया है कि इजरायल को हथियारों के निर्यात पर फौरन रोक लगाई जाए और शांति प्रक्रिया की हिमायत की जाए ।

## ऋषि महर्षियों की तपो स्थली आमी हुआ गुलजार

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। यद्यपि नवरात्र पर्व मे अमीर से लेकर गरीब के घर मां की जयकारे व घंटे की टंकार से भारत का कोना-कोना गूंजता रहता है। सहर से लेकर गांव तक हर जगह दुर्गा पाठ व दुगार्जी की आरती सहज सुनाई देती है ।देवी मंदिरों मे तो भक्तो का तांता लगा रहता है।आज ऐसे मन्दिर के विषय मे बात करते हैं जो सभीं इक्यावन शक्तिपीठों की उत्पत्ति स्थल मानी जाती है ।यही राजा दक्ष प्रजापति ने यज्ञ किया जिसमे मां सति अपमानित समझ अग्नि कुण्ड मे कुदकर आत्म दाह कर लिया ।यह पावन स्थल बिहार राज्य की राजधानी पटना से 40 किलोमीटर दूर छपरा पटना मुख्य सडक मार्ग के सटे आमी मे स्थित है ।फोरलेन से जाने पर हराजी मोड से द्वारा जाने के रास्ते मे यह तपो भूमि स्थित है ।रेलमार्ग से जाने के लिए छपरा सोनपुर रेलखंड से दिघवारा रेलवे स्टेशन से जाया जा सकता है ।दिघवारा से मन्दिर की दूरी महज 3 किमी है ।दुर्गा पूजा मे यहां दर्शन का विशेष महत्व है ।ऐसा माना जाता है कि मार्कण्डेय पुरान से उधृत दुर्गा सप्तशती मे वर्णित राजा सूरथ और वैश्य की कहानी यहां से जुडी है ।इसी स्थल पर दोनो ने गंगा तट पर मां अम्बिका के मिट्टी की पिण्डी स्थापित के घनघोर तपस्या व उस पिण्डी की पूजा अर्चना की जिसके फल स्वरुप दुर्गा देवी को आमी मे प्रकट होना परा और दोनों को मनोवांछित फल देने के बाद दुर्गा देवी ने कहा कि जो मनुष्य आप दोनों के द्वारा स्थापित इस पिण्डी का दर्शन करेंगे और चैत्र तथा आश्विन मे यहां आकर संपूर्ण पाठ करेंगे उसके समस्त मनोकामना पूर्ण होगी ।तभी से वह मिट्टी की पिण्डी आज तक विराजमान है ।इस बात की पुष्टि स्वयम मंदिर के पूजेरी गणेश तिवारी,जितेन्द्र तिवारी,शिवकुमार तिवारी उर्फ भोला बाबा,भीम तिवारी,लक्ष्मीश्वर तिवारी,मनोज तिवारी गुड्डा तिवारी,मुन्ना तिवारी,राजकुमार तिवारी, प्रोफेसर बिमलेश तिवारी,जीपू बाबा आदि सभी आमी मंदिर के पूजारी करते हैं।

धन,बल व विद्या के रुप मे विराजमान मां अम्बिका भवानी के मिट्टी की पिण्डी का प्रादुर्भाव आदिकाल से से इसकी पुष्टि विज्ञान भीं कर चुका है ।आज आमी मन्दिर के पूजेरी गणेश तिवारी ने बताया की मां अम्बिका भवानी के मिट्टी की पिण्डी आदि मानव के विकास काल की है।

भारतीय पुरातत्व विभाग नें अम्बिका भवानी के मिट्टी की जांच करी तो बताया कि यह मिट्टी आदि कालीन है ।यह स्थल इतना पवित्र व जागृत है की यहां सभीं तरह की सिद्धि प्रदान करने वाली सिद्धिदात्री मां अम्बिका देवी विराजमान हैं ।यहीं से 51 शक्तिपीठ की उत्पत्ति हुई थी ।आमी मे ही राजा सूरथ और वैश्य ने मिट्टी की प्रतिमा स्थापित कर नित्य पूजा कर तपस्या शुरू किया।

## गैर संचारी रोगों पर आशाओं को दिया जा रहा है पाँच दिवसीय अवासीय प्रशिक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।गैर संचारी रोगों के नियंत्रण जाँच का दायरा बढ़ाने, एवं प्रचार - प्रसार करने को लेकर जिले के चनपटिया एवं मझौलिया प्रखण्ड के 30-30 चयनित आशाओं को पाँच दिवसीय अवासीय प्रशिक्षण गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी की अध्यक्षता में हुई। मौके पर डॉ अंसारी ने कहा की सीबीएसी एवं फैमली फोल्डर मोबाईल ऐप्प के द्वारा प्रशिक्षण कराया गया है ताकि गैर संचारी रोगों के नियंत्रण जाँच का दायरा बढ़ाने, एवं प्रचार -प्रसार करने को लेकर निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया की पश्चिमी चम्पारण जिला का स्थान एनसीडी स्क्रीनिंग में पुरे बिहार में बेहतर है। गैर संचारी रोग से ग्रस्त लोगों को समय से इलाज कराने के जागरूक करने के उद्देश्य से अधिकृत सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके लिए प्रखंडवार आशा कार्यकताओं का सूची तैयार कर 30-30 आशा का ग्रुप बनाया है। एक ग्रुप को पांच दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और यह आवासीय प्रशिक्षण है। जिसमें प्रशिक्षु आशा कार्यकताओं को रहने के साथ नाश्ता व भोजन पानी का भी व्यवस्था की गई है ।प्रशिक्षण के बाद अपने पोषक क्षेत्र में लोगों के बीच फैलाएंगी जागरूकता प्रशिक्षक अजय कुमार ने बताया कि डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर तेजी से समाज में फैल रहा है। जिसका मूल कारण जानकारी का अभाव के साथ ही खान पान का गलत आदत सामने आया है। गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी ने बताया की लोगों को इसके बारे में जागरूक करने के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए आशा कार्यकताओं को ट्रेंड किया जा रहा है। जो प्रशिक्षण लेने के बाद अपने अपने पोषक क्षेत्र में लोगों को जागरूक कर गैर संचारी रोग से बचने के लिए जागरूक करने का काम करेगी ।मौके पर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लौरिया प्रभारी डा. दिलिप कुमार, डा. आई.हक, डा. रौशन कुमार, राहुल कुमार अस्पताल प्रबंधक तथा ब्रजेश तिवारी, निरीक्षण कन्हैया कुमार एवं डटा ऑपरेटर देवराज उपस्थित थें।

# भारतीय संस्कृति का एक हिस्सा बन चुका है गरबा : राजेश फैशन

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा । रोटरी सारण के तत्वाधान में रविवार को रात्रि नवरात्रा के अवसर पर दांडिया नाईट का आयोजन जन्नत पैलेस में किया गया ' जिसमें शहर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों में भी हिस्सा लिया ' बता दें कि दांडिया नाइट, जिसे गुजरात में गरबा के नाम से भी जाना जाता है ' भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। यह विशेष रूप से नवरात्री के त्योहार के दौरान मनाया जाता है, जब देवी दुर्गा की पूजा की जाती है। इस अवसर पर महिला एवं पुरुषों द्वारा दांडिया खेलते हैं, जिसमें रंगीन कपड़े पहनकर गरबा करते हैं।

दांडिया नाईट की खासियत, इसकी जीवंतता और उत्साह है। इस समारोह में संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होती हैं, जो हमें एक अद्वितीय अनुभव का एहसास दिलाता हैं। दांडिया की स्टिक का इस्तेमाल करते हुए लोग रिदम के साथ नृत्य करते हैं, जिससे एक सामूहिक ऊर्जा का संचार होता है।

इस त्योहार में परिवार, मित्र और विभिन्न समुदाय के लोग मिलकर भाग लेते हैं, जो सामाजिक बंधनों को और मजबूत बनाता है। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजती हैं, जो इस अवसर की सुंदरता को चार चांद लगाती है। शहर के जन्नत पैलेस में आयोजित दांडिया नाईट में

शहर के महिलाओं, दांडिया प्रेमियों, गणमान्य लोगों के अलावा बड़ी संख्या में पत्रकारों ने हिस्सा लिया, और जमकर दांडिया नाईट में गरबा का आनंद उठाया ' इस अवसर पर राजेश फैशन ने कहा कि दांडिय की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जो भारतीय संस्कृति का एक हिस्सा बन चुका है ' उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की परंपरा को बनाए रखने के लिए आज हम लोग दांडिया नाईट में शामिल हुए हैं, शहर के महिलाओं के अलावा पत्रकारों ने इसमें शामिल होकर गरबा को रोचक बना दिया ' राजेश फैशन अपने संबोधन में कहा कि यह न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का भी हिस्सा है।

दांडिया नाईट एक ऐसा पर्व है,जो भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को दशार्ता है। यह हर साल एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिससे लोग अपनी संस्कृति से जुड़ते हैं और उसे सेलिब्रेट करते हैं। इस अवसर पर दांडिया नाईट महिला पुरस्कार अनु जायसवाल, बेस्ट दांडिया कपल का पुरस्काररकेश कुमार एवं अंकित राज तो तथा बेस्ट दांडिया चाईल्ड पुरस्कार संस्कृति आदि को प्रदान किया गया ' कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने किया ' जबकि आगत अतिथियों का स्वागत सह कार्यक्रम के संयोजक राजेश गोल्ड ने किया ' धन्यवाद ज्ञापन रोटरी सारण के संस्थापक अध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया ' समारोह में सुनील कुमार सिंह, शैलेश कुमार, सोहन कुमार गुप्ता, अजय कुमार, राजेश कुमार, राजीव जायसवाल, चंद्रकांत द्विवेदी, डॉ. मदन प्रसाद, महेश कुमार गुप्ता, अजय प्रसाद, विजय चौधरी, डॉ रवि कुमार गुप्ता, संजीव कुमार विपुल, विजय ब्याहुत, अशोक कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, बासुकी गुप्ता एवं अनुज पांडेय आदि थे।

# रानी के विवाद के कारण सुर्खियों में है रामनगर का राजघराना

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। राजघराने की रानी तकरीबन 32 वर्षों बाद अपने हक हकुक और विरासत की दावेदारी को लेकर राज दरबार लौटी हैं । पुलिस अभिरक्षा में महारानी को राजदरबार ले जाया गया लेकिन राजा संजय विक्रम शाह अब रानी सरिता शाह को राजमहल में रखने को तैयार नहीं हैं।

बताया जा रहा है की नेपाल सीमा पर स्थित बगहा के रामनगर राज दरबार में राजा और रानी के बीच का विवाद गहराता जा रहा है। तकरीबन 40 वर्ष पूर्व रामनगर राजघराने के बड़े राजा संजय विक्रम शाह की शादी उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की राजकुमारी सरिता शाह के साथ हुई जिसके बाद राजा रानी के बीच 2 बेटे व 2 बेटियों ने जन्म लिया इसी बीच आपसी मतभेद और नीजी संबंधों में आईं खटास के बाद सरिता शाह और संजय विक्रम शाह की राहें जुदा हों गईं ।उसी बीच सरिता रानी पर इधर उधर रहने समेत कई आरोप लगाकर संजय राजा ने दूसरी शादी कर ली, क्योंकि सरिता शाह ने राजा संजय विक्रम शाह पर उनके साथ मारपीट कर हवेली से बेदखल करने का आरोप लगाएं, बाद में संजय ने सरिता को कोर्ट के जरिये तलाक देने की अर्जी लगाई, फिर मामला सक्षम न्यायालय में चला गया और कोर्ट नें तत्काल तलाक पर रोक लगाकर सरिता शाह को मासिक खर्च देने के आदेश संजय विक्रम शाह को दिये लिहाजा रानी को उनका मेंटिनेन्स देते चले आ रहें राजा ने दोनों बेटों और बेटियों की पढ़ाई लिखाई और परवरीश के साथ शादी विवाह तक बाप होने का फर्ज बखूबी निभाया ।

संजय राजा की मानें तो इन सब के बीच सरिता शाह ने कभी मुड़कर भी नहीं देखा हालांकि 2017 में वो कुछ दिनों के लिए राजघराने में जरूर आईं और जमींनें बेची यहां तक की कई खजानों की हेरा फेरी करती रहीं ।इधर एक बार फिर रानी सरिता अपने हक-हकूक और संपत्ति की रक्षा करने का हवाला देकर राजघराने में स्थाई तौर पर रहने आईं हैं । दरअसल रामनगर राज में करीब 32 वर्ष पूर्व महारानी खुद बच्चों कों छोड़कर चली गईं थीं । जिसके बाद दो बेटे और दो बेटियों की परवरिश और शादी तक राजा ने अकेले किया ।

## मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सांसद को दिया आवेदन

प्रातः किरण संवाददाता



जलालपुर ।महाराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के पास जलालपुर के मुखिया सॉन्ग और तमाम यहां के ग्रामीण मिलकर जलालपुर प्रखंड के 132 /33 ग्रेड का निर्माण के लिए आवेदन दिया।

अलग-अलग लोगों का कहना था कि जलालपुर जिला छपरा से जलालपुर लगभग 2500 विद्युत उपभोक्ता हैं जिन्हें विद्युत आपूर्ति नहीं कर पाते हैं 33/11 केवी के चतरा फिटर से यह संभव नहीं हो पता 850 /55 नागरा और से है और नागरा जो बिजली खुराक है अमनौर ग्रिड से नहीं मिल पाता ।अमनौर ग्रेड के चतरा तक ही दूरी लगभग 55 किलोमीटर है अधिक दूरी करंट आने पर बिजली आपूर्ति नहीं हो पाती है बीच में कुछ खराब हो तो उसकी मरमत से बहुत समय लग जाता है इसलिए उपभोगता को हम लोग बिजली समय से नहीं दे पाते हैं , सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल से आग्रह किया लोग के जलालपुर में माधवपुर बंगरा गांव में ग्रेट लगने के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि पड़ा हुआ है उक्त ग्रेड का निर्माण से चतरा केवल 5 ' और नगर के 33 कम अगर यहां इस ग्रेट का निर्माण होता है तो दोनों जगह का बिजली आपूर्ति पूरी हो जाएगी सभी को कहना था कि 132 /33 ग्रेड का निर्माण अगर हो जाए तो पूरे जलालपुर और नागरा के बिजली की जो समस्या हैवो पुरा हो जायेगा सांसद जनार्दन सिंह की ने कहीं की इस बात को हम ऊपर तक ले जाएंगे और जितना जल्द हो सके इस पर हम काम करवाएंगे ऐसा उन्होंने कहा , अब बहुत ही जल्द बिजली की जो दिक्कतें हैं उससे भी छुटकारा मिल सकती है ।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस की अवैध बालू खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भोजपुर पुलिस अधीक्षक श्री राज ने अपने प्रसेवार्ता कर बताया किकोईलवर थानान्तर्गत अवैध बालू लदा 02 नाव (लोडर सहित) एवं 01 ट्रक बरामद एवं इसमें संलिप्त 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक, भोजपुर के निर्देश के आलोक में भोजपुर पुलिस की अवैध बालू खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सुबह से लेकर देर रात तक चलाए गए अभियान में, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 रंजीत कुमार सिंह, सहायक निदेशक, जिला खनन कार्यालय, भोजपुर राजेश कुमार कुशवाहा एवं प्रभारी थाना अध्यक्ष कोईलवर सुभाष कुमार मंडल साथ बीएमपी सशस्त्र बल के द्वारा सोन नदी के कचरा फैक्ट्री, कमालूचक, धनडीहा एवं बहियारा आदि इलाके में मोटर बोट से सघन छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें सोन नदी में धनडीहा गांव के पास नाव से अवैध बालू खनन एवं परिवहन करने में संलिप्त 02 नाव (लोडर सहित) एवं 01 ट्रक के साथ अवैध खनन करने वाले 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी के विरुद्ध कोईलवर थाना में अवैध बालू खनन एवं परिवहन में संलिप्त 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध बालू लदा नाव - 02 (लोडर सहित) अवैध बालू लदा- 01 ट्रक जप्त किया गया।

### वामदलों ने निकला एक जुटता मार्च रैली

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । इजराइल द्वारा पिछले एक साल से फिलिस्तीन पर हमले व बर्बर तबाही के खिलाफ वामदलों के राष्ट्रव्यापी फिलिस्तीनी एकजुटता दिवस के तहत आरा एकजुटता मार्च निकाला गया !यह मार्च युद्ध नहीं शांति के लिए निकाला गया !एकजुटता मार्च पूर्वी गुमटी से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए आरा रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचा वहां पहुंचने के बाद सभा में तब्दील हो गया। इस एकजुटता मार्च में भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य व अगिआंव के युवा विधायक शिवप्रकाश रंजन,राज्य कमेटी सदस्य सुधीर कुमार,आइसा राज्य सचिव शब्बीर कुमार,सीपीएम के जिला सचिव शिवकेश्वर राय,सीपीआई के जिला सचिव उत्तम गुप्ता,भाकपा-माले जिला कमेटी सदस्य अमित कुमार बंटी,निरंजन केसरी,अजय गांधी,सीपीआई के नेता एसएन शर्मा,चंद्रमा पासवान,हरिनाथ राम,संतविलास राम,रौशन कुशवाहा,रणधीर कुमार राणा,कुणाल सिंह,रामाशंकर प्रसाद,सुमन कुमार, अखिलेश गुप्ता,लव कुमार,नमी पासवान सहित कई लोग शामिल थे !

### परिजनों के साथ मारपीट मामले में दो को जेल

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र के बाद टोला से शराब पीकर दो भाइयों ने परिजनों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दोनों भाइयों को जेल भेज दिया । गिरफ्तार बलिराम सिंह व छोटू कुमार पिता स्व. राम सकल यादव बताया जाता है । थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों भाई अपने परिजन के साथ परिजनों के साथ मारपीट किया था। जो एक सप्ताह पूर्व शराब पीकर बलिराम सिंह अपनी पत्नी से मारपीट किया था। मारपीट की सूचना पर पुलिस बाद टोला पहुंच दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### बोलेरो सवार दो लोग जिंदा कारतूस व खोखा के साथ गिरफ्तार

मनीगाछी(दरभंगा)। नेहरा थाना पुलिस ने 6 अक्टूबर की देर शाम गश्ती के दौरान जगदीशपुर गांव के पुलिया के निकट 2 जिन्दा कारतूस एवं तीन खोखा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों लोग अपनी बोलेरो पर बैठे थे। ए एस आई मनोज कुमार राम के नेतृत्व में गश्ती में लगे पुलिस बल के जवानों ने संदेह के आधार पर दोनों से पूछताछ कर तलाशी ली तो उसके पास से दो जिंदा कारतूस एवं तीन खोखा बरामद किए गए। ऐसा समझा जाता है कि गश्ती दल को देखकर इन लोगों द्वारा अन्य हथियार ऐसी जगह छिपा दिया ।

# बिहार के बालू माफिया ने यूपी से मंगवाया हथियार

## 2 पिस्टल और 154 जिंदा कारतूस के साथ तस्कर को गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



आरा:बालू माफिया को सप्लाई के लिए पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से हथियार और कारतूस बिहार में लाया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर भोजपुर पुलिस ने इसे बरामद कर लिया। वही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी हथियार तस्कर को दबोचा है।

इस बात की जानकारी भोजपुर पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को दी। भोजपुर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भोजपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से हथियार और जिंदा कारतूस लाकर हथियार तस्कर भोजपुर में बालू माफिया को सप्लाई करने आ रहा है। जिसके बाद भोजपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में आरा नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी के साथ एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। भारी मात्रा में जिंदा कारतूस और पिस्टल के साथ एक तस्कर को दबोचा गया। हथियार तस्कर की पहचान उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के सरपतजहा थाना अंतर्गत लल्लू चौहान का बेटा मंजीत चौहान के रूप में हुई है।

पुलिस की पूछताछ में हथियार तस्कर ने बताया कि उसे यह हथियार भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत छपरा गांव निवासी कृष्ण मुरारी सिंह के पुत्र दुर्गेश सिंह को सप्लाई करना था। भोजपुर पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने बताया कि तस्कर के पास से 154 जिंदा कारतूस और 2 पिस्टल बरामद किया गया है। इस मामले में ऐसे कई लोगों का नाम सामने आ रहा है जिसकी जांच में पुलिस जुटी है।

# वरिष्ठ नागरिकों, कलाकारों, पत्रकारों समेत परीक्षार्थियों को मिले रेलवे रिजर्वेशन में छूट: सुदामा प्रसाद

**आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने रेलवे के पार्लियामेंट्री कमिटी की पहली बैठक में जिले सहित देश के रेलवे के कई मुद्दे पर उठाई आवाज**

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । आरा सासंद सुदामा प्रसाद ने आज रेलवे के पार्लियामेंट्री कमिटी की पहली बैठक में शामिल हुए। वे 26 सितंबर 24 को कमिटी के सदस्य चुने गए थे। उन्होंने आज देश सहित जिले के रेलवे से जुड़े कई मुद्दों को कमिटी बैठक में रखी। जिसमे मुख्य रूप से कोरोना काल से बन्द सभी ट्रेनों को चालू करने, जेनरल बोगी व थ्री टायर की संख्या बढ़ाने और कोरोना महामारी के नाम पर बंद किया गया वरिष्ठ नागरिकों - कलाकारों, पत्रकारों परिक्षर्थियों - छात्र छात्राओं के लिए कनशेषन टिकट शुरू करने तथा पूर्वी रेलवे गुमटी आरा के निमार्णाधीन फुट ओवर ब्रीज को शीघ्र पूरा करने की मांग रखी। उन्होंने सभी ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर बन्द पड़े पानी के नलों को शीघ्र चालू करने,शौचालय की साफ सफाई, प्रतिक्षलयों की सफाई, यात्री शेडो का निर्माण व मरम्मती का भी मुद्दा को उठाया।

उन्होंने आरा रेलवे स्टेशन पर निमार्धीन लिफ्टों, नवनिर्मित वाशिंग पीट का उद्घघाटन व रेलवे कैंपस में निर्मित वीर शहीद बाबू कुंअर सिंह की मूर्ति का चेहरा की दिशा रेलवे स्टेशन की तरफ करके जल्द लोकार्पण करने की मांग को मजबूती से बैठक में रखा।

# शारदीय नवरात्र पर 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का पांचवा दिन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड के कारीसाथ गांव के शिव देवी हनुमत धाम में शारदीय नवरात्र के अवसर पर 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज के शिष्य व ब्रह्मपुर धाम के पिठाधीश्वर आचार्य डॉ धर्मेंद्र जी महाराज के द्वारा भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है।

रविवार को आयोजित कथा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह शामिल हुई। उन्होंने भगवान की पूजा अर्चना करने के साथ आरती किया।इस आयोजन में कारीसाथ सहित अगल-बगल के गांव के सैकड़ों महिला व पुरुष भक्तों की भीड़ कथा सुनने को उमड़ रही है। चौथे दिन श्रीमद्भागवत कथा में भगवान राम से जुड़े प्रसंगों का वर्णन हुआ और भव्य झांकी भी निकाली गई। भगवान श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान जी, शिव-पार्वती व राधा कृष्ण के रूप में बच्चों ने झांकी के माध्यम से अद्भुत प्रस्तुति दी। पांचवें दिन शिव पार्वती विवाह का प्रसंग होगा। नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह ने कहा कि भगवान राम और कृष्ण का अनुसरण पूरे सनातनियों को करना चाहिए।

क्योंकि रामायण हमें आदर्श के साथ जीवन जीने का तरीका सिखाती है और श्रीमद् भागवत महापुराण सिखाता है कि मरने से पहले क्या कर्म करें जिससे मुक्ति का मार्ग सुगम हो सके। भगवान राम मयार्दा पुरुषोत्तम है जो मयार्दा, करुणा, दया, सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग बताते हैं। और भगवान श्री कृष्णा हमें मित्रता, विनम्रता, कर्म, धैर्य, आत्मसम्मान सच्चाई व कूटनीति सीखाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा गांव गांव में सनातन प्रेमियों के लिए श्रीमद्भागवत कथा व रामायण पाठ का आयोजन कराया जाएगा।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा लगातार भोजपुर जिले में बाढ़ से प्रभावित लोगों के बीच हो रहा राहत सामग्री का वितरण

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भोजपुर जिला इकाई के द्वारा लगातार भोजपुर जिले में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद राहत सामग्री पहुंच कर की जा रही है।इसी कड़ी में दिनांक 6 अक्टूबर को आरा प्रखंड के दरियापुर गांव के दलित टोले में कल 60 परिवारों को तथा आज दिनांक 7 अक्टूबर को आरा प्रखंड के ही सिन्हा घाट बांध के पास अल्पसंख्यक बस्ती एवं दलित बस्ती तथा कुछ कुछ दिव्यांग जनों के साथ-साथ कुल 40 परिवारों को खाद्यान्न के साथ-साथ जीवन निर्वाह करने वाली कुछ आवश्यक वस्तुओं का यथा कपड़े बर्तन बाल्टी तार्पोलिन सीट साबुन आदि का राहत सामग्री के रूप में वितरण किया गया।

दिनांक 6 अक्टूबर के राहत सामग्री कार्यक्रम का नेतृत्व सचिव डॉ विभा कुमारी एवं आज दिनांक 7 अक्टूबर के राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व रेडक्रॉस आपदा प्रबंधन समिति के विजय मेहता ने किया जिनके साथ रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वयंसेवक प्रभात मिश्रा , संजय कुमार मिश्रा,राजेश सिंह, सूरज कुमार आदि मौजूद रहे।

जैसे-जैसे बाढ़ का पानी कम हो रहा है लोग फिर से सामान्य जीवन में अपने आप को लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं ऐसी स्थिति में रेड क्रॉस के द्वारा दी गई मदद भी उनको राहत पहुंचा रही है भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भोजपुर जिला इकाई निरंतर इस प्रयास में लगी हुई है कि अधिक से अधिक लोगों को सामान्य परिस्थितियों में लाने में सहयोग किया जा सके।

दिनांक 27 सितंबर से शुरू किए गए राहत अभियान में विभिन्न स्थानों पर विस्थापित अभी तक लगभग 700 परिवारों को मदद पहुंचाई जा चुकी है और लगातार प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा जा सके और उनकी मदद की जा सके। इसी संदर्भ में कुछ अन्य स्थानों को भी चिन्हित किया जा रहा है जिनको आगे सहयोग किया जा सके

# 5 दिवसीय श्री कृष्ण लीला महोत्सव 22 अक्टूबर से भव्य श्रीकृष्ण लीला का होगा आयोजन:प्रेम पंकज

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। श्री कृष्ण लीला समिति की बैठक अध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन की अध्यक्षता में स्थानीय होटल के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से अगामी 22 अक्टूबर से आयोजित होने वाली छः दिवसीय श्री कृष्ण लीला महोत्सव की चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन ने जानकारी देते हुए कहा कि पिछले वर्ष श्री कृष्ण लीला का सफल आयोजन के पश्चात पुनः इस वर्ष में हम लोग कृष्ण लीला का आयोजन करने जा रहे हैं। प्रसिद्ध लीला मंडली वैष्णो कला मंच के द्वारा 22 अक्टूबर को शोभा यात्रा एवं 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक कृष्ण लीला का मंचन होगा । भक्तों के बैठने के लिए बड़ी व्यवस्था बड़ा मंच और भव्य डेकोरेशन एवं भव्य भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि इस बार शहर से ही नहीं, बल्कि गांव से भी लोग लीला देखने पहुंचेंगे। कृष्ण लीला के प्रचार प्रसर हेतु हम लोग बड़े पैमाने पर प्रचार गाड़ी भी निकलेंगे। संचालन आदित्य विजय जैन ने किया।इस मौके पर सभी लोगों ने प्रेम पंकज उर्फ ललन को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात श्री कृष्ण लीला समिति का अध्यक्ष चुना। बैठक में चैम्बर ऑफ कॉमर्स के महासचिव आदित्य विजय जैन, अधिवक्ता सुरेश प्रसाद, जितेंद्र ब्याहुत, सोना लाल, विशाल सिंह, आकाश सोनी, अमित पांडेय, राजीव रंजन, अभिषेक चौरसिया, सन्नी शाहाबादी, मदन प्रसाद, शंभू प्रसाद, आलोक अंजन उर्फ छोटे, आदित्य सिंह आदि, राजवीर, राहुल चौरसिया, राजीव पासवान, डॉ. जितेंद्र कुमार, महेन्द्र, मुन्ना महतो, टुनटुन, भीम जी, श्रीकांत, अंकित कुशवाहा, मुन्नू सिंह, दीपू साह, अभय श्रीवास्तव, ललन जी, प्रयाग यादव, सम्राट सक्सेना, लल्लू कुमार, बम ओझा, राहुल सिंह, रणजीत सिंह समेत अन्य लोग थे।

# ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में भव्य गरबा सह डांडिया की धूम के साथ हुआ नव दुर्गा, वैष्णो देवी तथा रामलीला कथा का मंचन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन स्कन्दमाता के आगमन के साथ ही स्थानीय ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय ने अपने बामपाली स्थित विशाल प्रांगण में भव्य डांडिया नृत्य का आयोजन किया जिसमें विद्यालय के प्री नर्सरी से कक्षा आठ तक के सभी छात्र छात्राओं तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने पारम्परिक परिधानों में सुसज्जित हो भाग लिया । कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक डॉ. आदित्य बिजय जैन तथा प्राचार्या डॉ. सीपी जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर मंत्रोंच्चार के बीच माता विंध्यवासिनी की पूजा अर्चना से हुई। रामायण के संक्षिप्त चित्रण को नर्सरी से लेकर कक्षा तीन तक के छात्र छात्राओं द्वारा मंच से अद्भुत संगीतमय नाट्य प्रस्तुति कर दिखाया गया। कक्षा चार से कक्षा आठ तक के छात्र छात्राओं ने माता वैष्णव देवी - श्री राम के प्रसंग को इस कदर प्रस्तुत किया जैसे लगता हो कि वास्तव में प्रभु श्री राम और माता वैष्णव देवी के बीच वार्ता चल रही हो। माता वैष्णव देवी की तीन पिण्डियाँ और बाबा भैरव नाथ का भी अद्भुत मंचन इन बच्चों के द्वारा किया गया। प्री प्राईमारी और प्राईमारी के बच्चों की प्रस्तुति में प्रखर रूंगटा तथा आदित्य ने जहां प्रभु राम की भूमिका निभायी वहीं माता सीता की भूमिका में रहीं अदिति कुमारी। लक्ष्मण तथा हनुमान बने जयंत और दिव्याँशु तथा रावण की भूमिका मे रहे आर्णव शर्मा। राम लीला मंचन में विभिन्न रूप धारण किये अन्य छात्र छात्राओं के नाम हैं हनिका सारावागी, हर्ष, अंकिता,काव्या, सिया,माही, देवांशी, कारणवीर इत्यादि। माता वैष्णव देवि-राम प्रसंग की अद्भुत प्रस्तुति में भाग लिया कक्षा पांच से आठ तक के छात्र छात्राओं ने। माता वैष्णव देवी की भूमिका निभायी ख्वाइश ने और प्रभु राम की भूमिका में दिखे रजत शिखर। कुल चार प्रस्तुतियों में, राम लीला मंचन, वैष्णव देवी एक्ट, गरबा- डांडिया ग्रुप डांस और नव दुर्गा प्रस्तुति हुई। वैष्णव देवी एक्ट में ख्वाइश और राजत शिखर के साथ साथ भैरव नाथ बने अक्ष सिंह तोमर। इस एक्ट के अन्य प्रतिभागियों के नाम हैं भारती सिंह, राज नंदिनी, मानसी, परिणिता, अराध्या, प्रियाँशि, शिवम, अनमोल, आयुष, रिशु इत्यादि। गर्बा- डांडिया ग्रुप में भाग लिया राजवीर, रिया,अक्षत, आकृति, आयुष राज, सौम्या, आदित्य पाठक, वैष्णवी, कनक, पल्लवी, खुशी, अनय, आदर्श, कुशाग्र ओझा, साक्षी,आर्शी, मोक्षिता, आदर्श, ऋषव, श्रेया,अनुराग, तथा अखिल ने। नव दुर्गा प्रस्तुति हुई आरुषी, अमीशी, त्रिशू, सौम्या जलान, नियति, अदिति, सावी, दर्शिका, आयुष,सुधाकर, अंकुर, अंशुमान, अंश के द्वारा । सभी के उत्साह ने विद्यालय परिसर में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार किया ।

# चित्रगुप्त पूजा की तैयारी को लेकर किया गया बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

आरा ।स्थानीय नवीन विद्यालय शीतल टोला में एक बैठक किया गया जिसमें चित्रगुप्त पूजा तैयारी को लेकर बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के बुद्धिजीवी पत्रकार कलाकार को हमेशा हर साल सम्मानित किया जाता है और इस साल भी लोगों को सम्मानित किया जाएगा

बैठक में आगामी चित्रगुप्त पूजनोत्सव 2024 के आयोजन पर विचार विमर्श उपरोक्त उपस्थित सम्मानित सदस्यों के साथ किया गया। जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से पूजनोत्सव 2024 को धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया।

कार्यक्रम के संबंध में भी विचार विमर्श करते हुए तय किया गया कि सिलाई मशीन वितरण, सम्मानित कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्वीज प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम भी हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित किया जाएगा।बैठक की अध्यक्षता डा० ब्रजेश कुमार ने तथा धन्यवाद ज्ञापन वरीय अधिवक्ता सह नोटरी पदाधिकारी श्री गजाधर प्रसाद ने दिया। बैठक के आयोजन के लिए डा० सुधीर जी, सूरज जी को सबने बधाई दी।

उक्त अवसर पर तारकेश्वर शरण सिन्हा, डा० बालाजी, शंकर प्रसाद, निर्मल सुधीर सिन्हा, यमुना प्रसाद, संतोष सहाय, अनिकेत श्रीवास्तव, डा० रमेश कर्ण, आनन्द मोहन सिन्हा एवं अन्य चित्रांश समिति के सदस्यगण उपस्थित रहें।चित्रांश समितिह्न शीतल टोला, आरा भोजपुर द्वारा भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा के लिए वर्ष 2024 में निम्नांकित व्यक्तियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें डॉ० आशुतोष कुमार अजय श्रीवास्तव , डॉ० विवेक राज दिलीप कुमार डॉ० लोकेश कुमार, राकेश कुमार सिन्हा डा० प्रशांत कुमार गुप्ता शिक्षा ,ब्रज नंदन सहाय समाज सेवा डा० दीपक प्रकाश वर्द्धन अमित कुमार बंटी शशांक जैन,सरोज सिंह गजाधर प्रसाद रेणु कुमारी सरिता कुमारी आदि लोगों के नाम शामिल हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद सह बजरंग दल ने प्रशासन से की नवरात्रि में मांस-मछली एवं अंडे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता



रक्सौल। शारदीय नवरात्र के पवित्र अवसर पर पूरे रक्सौल नगर परिषद क्षेत्र में मीट मछली और अंडा आदि की दुकानों को बंद करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद सह राष्ट्रीय बजरंग दल, रक्सौल नगर इकाई के कार्यकताओं के द्वारा रक्सौल अनुमंडल पदाधिकारी शिवाक्षी दीक्षित, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार एवं कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया कि पूजा के दौरान मांसाहारी दुकानों को पूर्ण रूप से बंद किया जाए, ताकि भक्तजन शुद्ध और पवित्र माहौल में पूजा कर सके। विभाग प्रमुख दिग्विजय पार्थ ने बताया कि जब पूजा पंडाल में डीजे बंद कराया जा सकता है तो इन मांसाहारी दुकानों को बंद करने में क्या परेशानी है।

सनातन धर्म और इससे जुड़े आस्था को मजाक उड़ाते हुए पूरे नगर परिषद क्षेत्र में खुलेआम मांस, मछली और अंडा बेचा जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। वरीय कार्यकर्ता अरुण कुमार ने बताया कि हम लोग सरकार और यहां के प्रशासन से मांग करते हैं कि सनातन धर्म के इस महान पर्व के पवित्रता को ध्यान में रखते हुए कुछ दिनों के लिए इन दुकानों को बंद करने का कष्ट किया जाए। इस ज्ञापन पत्र को देने में राजेश कुमार, सतीश कुमार, मुकेश कुमार, पंकज गिरी, संदीप कुमार आदि कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा।

# अनुमंडल स्तरीय दुर्गा पूजा में विधि व्यस्था को लेकर एसडीएम ने की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) दुगार्पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर स्थानीय नगर परिषद के सभागार भवन में सोमवार को एसडीएम और डीएसपी ने संयुक्त रूप से बैठक की।

बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न नगर परिषद,नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी, प्रमुख, बीडीओ,सीओ, थानाध्यक्ष के अलावें पूजा समिति के लोगों ने भाग लिया। बैठक में एसडीएम अनिल बसाक ने पूजा समिति के अध्यक्ष, लाइसेंसधारी व पूजा समिति से जुड़े लोगों से डीजे नहीं बजाने,निर्धारित अवधि के बाद साउंड नहीं बजाने, जुलूस शांतिपूर्ण निकालने को लेकर चर्चा किया। उन्होंने पंडाल में सीसीटीवी लगाने,वीडियो ग्राफी,ड्रोन कैमरा,अग्निशामक यंत्र लगाने, सभी वालेंटियर का परिचय पत्र के संबंध में भी निर्देशित किया।

किसी भी तरह के अफवाह व बहकावे में नहीं आने और असामाजिक तत्वों के संबंध में वहां तैनात अधिकारियों व वरीय अधिकारियों को सूचना देने को कहा ।

एसडीपीओ कुमार संजय ने कानून हाथ में नहीं लेने की हिदायत दी। बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती रहेगी। जो सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी जो असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। अशांति फैलाने के प्रयास करने पर प्रशासन सख्ती से निपटेगा। इसके अलावे एसडीएम व एसडीपीओ ने उपस्थित अधिकारियों से भी दुगार्पूजा को लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार, सूर्यपुरा थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी, नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार , नटवार थानाध्यक्ष अजीत कुमार,दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार, कछवा थानाध्यक्ष मितेश कुमार,सेमरा ओपी थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह , बिक्रमगंज सीओ रजत कुमार वर्णवाल समेत सभी विभागों के अधिकारी और पूजा समिति के लोग उपस्थित थे।

### उदवंतनगर थाना अन्तर्गत चोरी की ट्रैक्टर और हथियारों के साथ आरोपी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर । पुलिस अधीक्षक श्री राज ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि दिनांक-06.10.2024 को समय करीब 21:30 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उदवंतनगर थानान्तर्गत ग्राम दर्शन छपरा में सरोज यादव नाम का व्यक्ति चोरी के ट्रैक्टर एवं अवैध हथियार अपने घर में रखा हुआ है, जो किसी बडी घटना को अजांम देने के फिराक में है।उक्त आसूचना का सत्यापन, अवैध आग्नेयास्त्र एवं चोरी के ट्रैक्टर की बरामदगी तथा अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष उदवंतनगर थाना के नेतृत्व में प्र०पु०अ०नि० अमर कुमार सिंह, उदवंतनगर थाना एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम दर्शन छपरा पहुँच कर सरोज यादव पिता महेश सिंह के घर पर पहुँच कर त्वरित कार्रवाई करते हुए सरोज यादव की कमरे की तलासी ली गई। तलासी के क्रम में एक स्टील के बक्सा के अंदर 02 देशी कटटा, 01 पिस्टल, 01 मैगजीन एवं 07 जिंदा कारतुस तथा चोरी का स्वराज ट्रैक्टर बरामद किया गया। इस संबंध में उदवंतनगर थाना कांड सं0-444/2024, दिनांक-07.10.2024 धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया हैं।

# आरा में मां मालती बजाज शोरूम का दूसरा ब्रांच का हुआ उद्घाटन



**वर्ल्ड का पहला सीएनजी स्कूटी का शुभ आरंभ,ग्राहकों के लिए बुकिंग हुई शुरू**

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । आरा शहर के धरहरा स्थित मां मालती बजाज शोरूम का दूसरा ब्रांच का उद्घाटन विधवत रूप से पूजा पाठ कर किया गया।इस अवसर पर दूसरा ब्रांच का उद्घाटन समाजसेवी हाकीम प्रसाद और शोरूम के मालिक संजीव गुप्ता के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। उद्घाटन के उपरांत समाजसेवी हकीम प्रसाद ने कहा कि मेरे छोटे भाई संजीव गुप्ता को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं कि उनके द्वारा गाड़ी के शोरूम में बेहतर कार्य करते हुए आज दूसरा ब्रांच का उद्घाटन किया गया है। बजाज की गाड़ी सबसे मजबूत और ज्यादा माइलेज देने वाली गाड़ी होती है। आरा शहर में अब बजाज शोरूम का दूसरा शोरूम खुलने के बाद भोजपुर की जनता को काफी सहूलियत मिलेगी। वही बजाज शोरूम के मालिक संजीव गुप्ता के द्वारा बताया गया है कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर मेरे मां मालती बजाज शोरूम का दूसरा ब्रांच का शुभारंभ हुआ है। बजाज के द्वारा एनएस 400 मोटरसाइकिल और चेतक का इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी का लॉन्चिंग किया गया है। आम जनता की सहूलियत को देखते हुए बजाज के द्वारा वर्ल्ड का पहला सीएनजी स्कूटी का भी शुभ आरंभ किया गया है। बजाज कंपनी का रीजनल मैनेजर तौफीक सर ने बताया कि यह गाड़ी जो है वर्ल्ड में अपने आप का एक अद्भुत गाड़ी है।जिस तरह से हमारा चेतक गाड़ी,टीवी चेतक आज स्टील बॉडी में जिसको हम लोग बोलते हैं लाइफ सेफ गाड़ी वह सफल हुआ है।पूरे देश में वह गाड़ी जो है हमारा सीएनजी आने के बाद और धूम मच जाएगा।इस दौरान रीजनल मैनेजर टॉफिक आलम, एसएम अंसुमन,रामलीला समिति अध्यक्ष सोनू राय,डॉक्टर केडिया,डॉक्टर जीवेश कुमार,पंकज प्रभाकर,गोपाल प्रसाद,मनोज कुमार निराला,बीजेपी अध्यक्ष दुर्गा राज,मुखिया संघ अध्यक्ष हरेंद्र यादव,मंजीत कुमार,वार्ड पार्षद जितेंद्र,वार्ड पार्षद अंकित कुमार वर्मा समेत कई लोग उपस्थित हुए थे।

# अन्याय के खिलाफ संघर्ष के मैदान में पुनः उतरेंगे : संयुक्त किसान मोर्चा

बक्सर/पटना, प्रातः किरण। जुल्मी बक्सर जिला प्रशासन के जोर- जुल्म, अत्याचार और दर्जनों झूठे मुकदमों में फंसा कर चौसा के क्रांतिकारी किसानों का मनोबल नहीं तोड़ा जा सकता। चौसा किसान आंदोलन के नेता राम प्रवेश सिंह को झूठे मुकदमों में फंसा कर गिरफ्तार करने से आंदोलन कमजोर नहीं होगा। चौसा के किसान पुलिस दमन की एवं जिला प्रशासन के अमानवीय और घोर अन्याय के खिलाफ संघर्ष के मैदान में पुनः उतरेंगे। उक्त बातें संयुक्त किसान मोर्चा बिहार की ओर से प्रेस बयान जारी कर भारतीय किसान यूनियन के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार, बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह, ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा के रामायण सिंह, भारतीय किसान मजदूर विकास संगठन के अनिल कुमार सिंह, प्रभावित किसान खेतिहर संघर्ष मोर्चा चौसा के लाल साहेब उपाध्याय, एन ए पी एम के आशीष रंजन, नेशन फॉर फार्मर के गोपाल कृष्ण, उत्तर बिहार संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष प्रो आनंद किशोर, स्वामी सहजानंद सरस्वती विचार मंच के बैजनाथ शर्मा, कैमूर किसान यूनियन के अभिमन्यु सिंह, किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के पशुपति सिंह, जागता किसान मंच के नरेश यादव, कमलेश सिंह आदि थे।

# राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिहं के नेतृत्व में राजद का एक टिम जिला पदाधिकारी से मिला

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिहं जी के नेतृत्व में राजद के एक टिम जिला पदाधिकारी भोजपुर से मिला पुरे बड़हरा विधानसभा में बाढ़ प्रभावित सुची में कटे नाम जोडने और प्रभावित सुची में नया नाम जोडने के संबंध में मनोज सिंह ने कहा पूरे इलाका में बहुत जगह बाढ़ के चलते रास्ता प्रभावित है और खराब हो गया गांव में जल्द से जल्द उन रास्ता को बनवाया जाए बहुत से प्रभावित लोग सूची से नाम कट गया है प्रशासन की गलती से उसको जल्द से जल्द जोड़ा जाए और बहुत से जगह नया प्रभावित लोगों का नाम नहीं जुड़ा है उन लोगों का भी नाम जोड़ा जाए पहले जो प्रभावित सूची में नाम था वह भी बहुत लोगों का कट गया है उन लोगों का जल्द जोड़ा जाए कई पंचायत का नाम बाढ़ प्रभावित में छठ गया है रिपोर्ट मगाकर उनलोगों का भी वह पंचायत भी बाढ़ प्रभावित घोषणा होना चाहिए जिलाधिकारी महोदय ने अस्वासन दिया कि जितने लोगो का नाम सूची से कटा हैं उन सभी लोगों का लिस्ट जिला आपदा कार्यालय में जमा करवाइये उन सभी का नाम जोड़वाने का काम करेंगे। सिस्ट मंडल टीम में शामिल हुए अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनोद चन्द्रवंशी , सीपी चक्रवर्ती ,प्रिन्स ठाकुर, अनिल यादव,आकाश पासवान,लक्ष्मण सिंह आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कुर्था पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) । अरवल पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश पर दशहरा पर्व के दौरान चलाए जा रहे हैं छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाने के पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाकर दो वारंटी को गिरफ्तार किया इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अरवल एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं हमारे अभियान के तहत थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी संजय शर्मा के पुत्र अभयानंद कुमार व बारा फरीदपुर गांव निवासी वासुदेव भगत के पुत्र राम किशोर भगत को गिरफ्तार किया गया दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था। इस मौके पर थानाध्यक्ष के अलावा पीएसआई शमशेर आलम समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### उत्पाद विभाग पुलिस एवं एलटीएएफ छापेमारी में 8150 लीटर जावा महुआ अर्ध निर्मित शराब नष्ट



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव एवं पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश के आलोक में किंजर थाना अंतर्गत झुनाठी, किंजर मुसहरी बारा माइल में ड्रोन की सहायता से उत्पाद विभाग की टीम एवं अछळत्र पुलिस थाना द्वारा संयुक्त छापेमारी की गई जिसमें-8150 लीटर जावा महुआ अर्ध निर्मित शराब एवं 20 लीटर चुलाई शराब घटनास्थल पर नष्ट किया गया । उत्पाद विभाग द्वारा ब्रेथ एनालाइजर जांच अभियान के तहत 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार एवं एक व्यक्ति किया गया जिन्हें जुमार्ना हेतु अग्रतार कार्रवाई के लिए विशेष उत्पाद न्यायालय जहानाबाद भेज दिया गया एवं एक व्यक्ति निप्पू कुमार ग्राम कोडरा थाना पालीगंज जिला पटना को 50 लीटर शराब एवं एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर कार्रवाई हेतु विशेष उत्पाद न्यायालय जहानाबाद भेजा गया

### सोशल मीडिया पर आर्म्स के साथ फोटो वायरल करने के मामले में पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार



प्रातः किरण संवाददात

शेरघाटी।गुरुआ थाना अंतर्गत सोशल मीडिया पर आर्म्स के साथ फोटो व वीडियो वायरल करने के मामले में गया एसएसपी के द्वारा संज्ञान लेते हुए शेरघाटी एएसपी के निर्देश देते हुए त्वरिक कार्रवाई करते हुए, गुरुआ थाना एवं शेरघाटी थान के संयुक्त करवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। एएसपी शैलेश सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया गुरुआ थाना अंतर्गत नौडीहा गाँव के दो युवकों द्वारा सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ बीते 6 अक्टूबर को वायरल हुआ था,इसके बाद गया पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुए गुरुआ थाना में 321/24 में मुकदमा दर्ज किया गया।छानबीन करते हुए दो युवक को।गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार युवक के पहचान अनुज कुमार एवं बजेन्द्र कुमार उर्फ भोला कुमार के रूप में किया गया। वही अनुज के निशानदेही पर एक ईंट भट्ठे से पिस्टल बरामद किया गया। वहीं उक्त मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। इधर एएसपी ने बताया कि त्योहार के समय में सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है, यदि त्योहार के दौरान शरारती तत्वों के खिलाफ पुलिस की कड़ी नजर है।वैसे व्यक्ति कतई नहीं वक्त से जाएंगे जो आपसे

# अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा सहरसा स्टेशन

## उपलब्ध होंगी उन्नत यात्री सुविधाएं

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का किया जा रहा है पुनर्विकास

प्रातः किरण संवाददाता



हाजीपुर। रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया गया है । इस प्रयास के तहत एक बड़े कदम के रूप में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है ।स्टेशन पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को संरक्षा, बेहतर एवं सुखद यात्रा अनुभव तथा उन्नत यात्री सुविधाएं प्रदान करना है । स्टेशन पुनर्विकास परियोजना के तहत पूर्व मध्य रेल के 97 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य विभिन्न चरणों में है ।इनमें समस्तीपुर मंडल का सहरसा स्टेशन भी शामिल है। सहरसा स्टेशन का पुनर्विकास कार्य लगभग 41 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है । पुनर्विकास से संबंधित कार्य पूरा होने के बाद सरहसा स्टेशन पर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधा से सुसज्जित करते हुए सहरसा स्टेशन के नए भवन में आकर्षक फसाड लगाए जाएंगे । एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर सुगम आवागमन हेतु 12 मीटर चौड़ा पैदल ऊपरी पुल (एफओबी) का प्रावधान किया जाएगा जो लिफ्ट और एस्केलेटर से युक्त होगा । सभी श्रेणी के प्रतीक्षालयों में पर्याप्त यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी । लगभग 4770 स्क्वायर मीटर में पार्किंग एरिया का निर्माण किया जाएगा साथ ही सकुर्लेटिंग एरिया का विकास भी किया जाएगा।

स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान के लिए प्रवेश और निकास द्वार ऐसे होंगे, जिससे यात्रियों को भीड़-भाड़ का सामना नहीं करना पड़े ।

दिव्यांग अनुकूल शौचालय के निर्माण के साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं का प्रावधान किया जाएगा । इससे आम यात्रियों के साथ वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से लाभान्वित होंगे । आने वाले दिनों में स्टेशन को पूरी तरह से हाईटेक लुक देते हुए यात्रियों को सभी सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी । स्टेशन भवन का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा ।

# दुर्गा पूजा को लेकर थाना अध्यक्ष ने पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ की बैठक

## शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने को लेकर दिए कई आवश्यक निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) । स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को कुर्था थानायक्ष सुरेंद्र कुमार व प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी के अध्यक्षता में दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई बैठक के दौरान पूजा कमेटी के आयोजकों से उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण व सवहार्थ वातावरण में पूजा संपन्न कारण साथ ही उन्होंने कहा कि दुगार्पूजा के अवसर पर अरवल पुलिस सभी अरवल वासियों से अपील करती है दुगार्पूजा त्योहार शांति और सद्भाव के साथ मनायें एवं सामाजिक/साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनायें रखें। पंडाल भ्रमण के दौरान अभिभावक ये प्रयास करें कि अपने बच्चों के पॉकेट में एक पर्ची रखें, जिसपर बच्चों के नाम, अभिभावक का नाम, पता लिखा रहना चाहिए।दुगार्पूजा भ्रमण के दौरान कीमती सामानों एवं आभूषणों का प्रयोग न करें यदि किसी बच्चा/बुजुर्ग की गुमशुदगी का पता चले, तो इसी सूचना नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष (6203972567) या डायल 112 को दें यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु आमजन से अपील है कि पंडाल भ्रमण के दौरान हर संभव प्रयास करें कि वाहन का प्रयोग न के बराबर करें।

किसी भी प्रकार से समाज को ठेस पहुँचाने वाले आपत्तिजनक टिप्पणी न करें, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़े। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना/फोटो/वीडियो पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर शेयर करने से बचें।सोशल मीडिया पर बनाये गए ग्रुप्स के सभी ग्रुप एडमिन अपने-अपने ग्रुप में इस तरह की पोस्ट न होने दें। पुलिस की सोशल मीडिया टीम 247 सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध नियमानुकुल कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दे एवं किसी भी अफवाह पर तुरंत अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें किसी भी अप्रिय घटना या प्रयास या असामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना देने हेतु संबंधित थाना अथवा डायल 112 से संपर्क करें।

## संविदा कर्मी एवं जनप्रतिनिधियों को विगत वर्षो का लंबित मानदेय भुगतान करें प्रशासन व सरकार: किरण देव यादव

प्रातः किरण संवाददात

खगड़िया। देश बचाओ अभियान के बैनर तले संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव के अध्यक्षता में अशोक बैंक्विट हॉल में सामाजिक कार्यकताओं का बैठक की गई।बैठक में श्री यादव ने जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री से दशहरा दीपावली छठ पर्व के मध्य नजर विभिन्न कर्मियों एवं स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों का विगत वर्षों से लंबित मानदेय जल्द भुगतान करने की मांग किया। श्री यादव ने कहा कि पंच सरपंच, वार्ड सदस्य, मुखिया, समिति, प्रमुख, जिला पार्षद, आशा ममता फेसीलेटर, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, रसोईया कर्मी , सफाई कर्मी, संविदा कर्मी का 1 से 2 साल तक का मानदेय लंबित है। सफाई कर्मी भुखमरी के कगार पर हैं। पर्व त्यौहार में भी मानदेय भुगतान नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। आखिर कैसे कर्मी पर्व त्यौहार मनाएंगे? घर में नै छै राशन हो नीतीश जी, केना सुनियो तोर भाषण हो नीतिश जी, केना मनैवै पर्व त्यौहार हो नीतीश जी, केना हाथ पर हाथ रखिके बैठल छहो आसन हो नीतीश जी, केना चलतों तोर सुशासन हो नीतीश जी,,, गाना चरितार्थ हो रही है।त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि महासंघ के जिला संयोजक किरण देव यादव ने कहा कि बाढ़ राहत, फसल क्षतिपूर्ति, पशु चारा , लंबित मानदेय भुगतान, वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन 6000 मासिक करने, की मांग को लेकर तथा जमीन सर्वे, स्मार्ट मीटर, बाढ के पूर्व बाढ़ के दौरान बाढ़ के बाद के सरकारी एवं प्रशासनिक फिसड्डी व्यवस्था के खिलाफ 19 अक्टूबर को जिलाधिकारी का आक्रोषपूर्ण घेराव धरना प्रदर्शन सभा किया जाएगा।

बैठक में देश बचाओ अभियान के संयोजक मधुबाला, महासचिव उमेश ठाकुर, सचिव धर्मेंद्र कुमार, सुभाष जोशी, सफाई कर्मी, दिलखुश कुमार, वशिष्ठ कुमार, श्री राम कुमार, संजय कुमार, हरि गुप्ता, आदि थे।

# बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन ने की बैठक

## नई तकनीक के साथ फोटोग्राफी करने पर दिया जोर



### अरवल जिला फोटोग्राफर संघ की कमेटी की हुई गठन

प्रातः किरण संवाददात

कुर्था (अरवल) से संजय सोनार की रिपोर्ट। कुर्था, बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन की अरवल इकाई की बैठक डाक बंगला कुर्था में हुई। जिसकी अध्यक्षता बिहार फोटोग्राफी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ने की बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हम लोगों के कार्यों को कल का दर्जा दे ताकि हम लोग अपने कार्य को बखूबी निर्वहन कर सके साथी उन्होंने कहा कि विगत दिनों पूर्णिया में हुई बैठक के दौरान हम लोगों ने फोटोग्राफर को कल की दर्जा देने की मांग को लेकर वहां के स्थानीय बिधायक लेसी सिंह को एक ज्ञापन भी सोपे था जिसमें हमने मांग रखा था कि फोटोग्राफरों को कला का दर्जा दिया जाए साथ ही कला संस्कृति मंच के द्वारा हम लोगों के बेहतर कार्य पर समय-समय पर सम्मानित करें।

साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के तर्ज पर हमलोगों को भी सरकार कोई वैसी योजना चलाईं जिससे हम लोग भी अपने व्यवसाय को डेवलप कर सकें उक्त बैठक में अरवल जिले के संगठन का गठन किया गया जिसमे बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन के अरवल जिलाध्यक्ष के पद पर सौरभ कुमार खत्री को चुना गया जबकि सचिन के पद पर कुंदन कुमार को मनोनीत किया गया वहीं कोषाध्यक्ष के पद पर अक्षय कुमार चुने गए इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश क्या लाभ है जहानाबाद जिला अध्यक्ष विकास कुमार सचिन पप्पू कुमार कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार इसके अलावा अरवल व जहानाबाद जिले के फोटोग्राफर संघ के कई अधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## रूस यूक्रेन सहित कई देशों के बिदेशी श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजो की आत्मा की शांति के लिए देवघाट में किया पिंडदान व तर्पण



प्रातः किरण संवाददात

गया।गया भारतीय संस्कृति की सनातन धर्म के प्रति आस्था जताते हुए करीब 160 संसदीय विदेशियों की दल ने सामूहिक रूप से गया जी में फल्गु नदी के तट पर स्थित देव घाट पर अपने. मृत माता-पिता सहित पूर्वजों के आत्मा के शांति के लिए पिंडदान व तर्पण किया ये विदेशी श्रद्धालु रूस यूक्रेन सहित विभिन्न देशों से श्राद्ध का क्रम कांड करने पहुंचे हैं गयापाल पंडा समाज के कटरयार परिवार द्वारा कर्मकांड संपन्न किया गया पडा अरविंद लाल कटरयार बताते हैं कि यह विदेशी इस्कॉन मंदिर के श्रद्धालु है और प्रभुपाद यानि श्री कृष्ण के प्रति आशा व्यक्त करते हैं ये विदेशी होते हुए भी हर वक्त भगवान श्री कृष्ण का स्मरण करते रहते हैं और सनातन धर्म के प्रति आस्था रखते हैं !

## वित्तीय समावेशन एवं सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत निधि का हस्तांतरण



प्रातः किरण संवाददात

गया ।गया जिला में मंत्री ग्रामीण विकास विभाग श्रवण कुमार की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जीविका के माध्यम से संचालित वित्तीय समावेशन एवं सतत जीविकोपार्जन योजना जीविकोपार्जन संवर्धन हेतु निधियों का हस्तांतरण जिला पदाधिकारी, गया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 18,24,49,000/- की राशि का डमी चेक जीविका दीदियों को सौंपा गया है ।जो जिले के ग्राम संगठनों और स्वयं सहायता समूहों को उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रोत्साहित करेगा। इसके साथ ही सतत जीविकोपार्जन योजना ग्रामीण और शहरी के तहत 835 लाभार्थियों के व्यवसाय विकास के लिए कुल 3,39,54,000/- तीन करोड़ उन्तालीस लाख चौवन हजार रुपये का डमी चेक भी सौंपा गया है। यह निधि योजना अंतर्गत चयनित निर्धन परिवारों के लाभार्थियों के जीवीकोपार्जन एवं परिसंपत्ति निर्माण दी गई है। वित्तीय समावेशन अंतर्गत 205 ग्राम संगठनों को कुल 5,42,10,000/- पाँच करोड़ बयालीस लाख दस हजार रुपये की सामुदायिक निवेश निधि सी आइ एफ का हस्तांतरण किया गया है। इसके साथ ही, 2028 स्वयं सहायता समूहों सी एच जी एस को नकद शाख ऋण सी सी एल के रूप में 12,82,39,000/- बारह करोड़ बयासी लाख उनचालीस हजार रुपये का हस्तांतरण किया गया है। वित्तीय सहायता गया जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दी गई है। यह पहल समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगी।

# जदयू पार्टी के मिशन 225 के लिए बूथ स्तर तक मजबूत करना है: चंदन सिंह



### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए को 225 सीट जीतने का लक्ष्य दिया है

प्रातः किरण संवाददाता

गया। जिला जदयू कार्यकारणी की एक दिवसीय बैठक केंदुई स्थित निजी होटल में जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद के अध्यक्षता में आयोजित किया गया, मंच संचालन जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने किया है। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मुख्यालय स्थापना प्रभारी चंदन कुमार सिंह, प्रमंडल प्रभारी अरुण कुशवाहा शामिल हुए हैं। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए चंदन सिंह ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए को 225 सीट जीतने का लक्ष्य दिया है। सिंह ने कहा की पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से कहा की नीतीश कुमार आपके बदौलत 2025 में 225 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है और 2025 में गया की 10 की 10 सीट एनडीए की झोली में आएगी। एक एक कार्यकर्ता को मजबूती के साथ बूथ पर खड़ा रहने की आवश्यकता है। प्रमंडल प्रभारी अरुण कुशवाहा ने कहा की गया जिला का संगठन मजबूती से काम कर रही है। एक एक कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के किए गए कार्यों को लेकर पंचायत स्तर पर, बूथ स्तर पर बताने की जरूरत है। सभी साथियों से कहा पार्टी को मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर पर वार्ड स्तर पर बूथ स्तर बैठक करके संगठन को मजबूत करना है।

मनोरमा देवी ने कहा की उपचुनाव में एनडीए गया की दोनों सीट जीतेगी। और 2025 में भारी बहुमत से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनेंगे।इस बैठक में पूर्व मंत्री अभिराम शर्मा, पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव, महानगर अध्यक्ष राजू वर्णवाल, सोनम दास, चंदन यादव,अरविंद सिंह, देवरानी देवी ,विधानसभा प्रभारी राजू सिंह, धनंजय शर्मा, कमलेश कुमार दिवाकर, डा0 मधु जी, अरुण राव, दयानंद विश्वकर्मा, अजीत शर्मा, डा0 शंकर चौधरी, जितेंद्र दास, पूनम कुशवाहा, सतीश पटेल, संजय कुमार, बृजनंदन प्रसाद, एवं पार्टी के सभी जिला के पदाधिकारी, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं सभी प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे।

## सांसद विवेक ठाकुर ने चलाया सदस्यता अभियान

प्रातः किरण संवाददाता



गया।भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी सदस्यता अभियान को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। सांसद ने आज गोविंदपुर विधानसभा के विभिन्न हिस्सों में सदस्यता अभियान चलाया है। इस दौरान सांसद ने पार्टी कार्यकताओं के साथ क्षेत्र के रूपो, सलैया, शेखोदोरा आश्रम राजेंद्र हॉल,खरसड़ी इस कार्यक्रम का मंच संचालन मुन्ना शर्मा ने किया।इत्यादि इलाकों में जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई है।

सांसद विवेक ठाकुर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा की भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री ने विकसित भारत का संकल्प लिए है तो मैं भी उन्ही के संकल्पों के साथ विकसित नवादा का संकल्प लिया हूं।यह पार्टी वर्तमान में पूरे देश में अपना सर्वव्यापी और समावेशी स्वरूप बनाने में सफल रही है। आमजन में भाजपा के लिए स्वतः स्फूर्त भाव से सम्मान है।

इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, जिला महामंत्री विजय पांडे, मीडिया प्रभारी नंदकिशोर चौरसिया,जिला उपध्यक्ष प्रताप रंजन,जितेंद्र पासवान,भोली सिंह,जिला मंत्री नीतू गुप्ता,जिला पार्षद पंकज सिंह,अजीत यादव,भाजपा नेता रंजीत यादव,रवि गुप्ता, जितेंद्र बबलू, रालोसप के विनय कुशवाह, कोआकोल मंडल अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद सिंह, रोह मंडल अध्यक्ष शेलेंदर सिंह,अशोक सिंह,निहाल गौतम, कृष्णकांत कुमार, हिमांशु कुमार, अमन सिंह, रोहित कुमार, समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

# शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज में दक्षिण बिहार के केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षा पीठ के एमएड प्रशिक्षुओं का इंटर्नशिप हुआ संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता



गया । पिछले माह सितंबर से दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षापीठ के एम एड प्रशिक्षुओं का इंटर्नशिप कार्यक्रम शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया में आज समापन हो गया है। प्राचार्य गया कॉलेज डा सतीश सिंह चंद्र के दिशानिर्देश पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। । इस मौके पर एम एड इंटर्न्स एवं बीएड प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए विभाग अध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षा पीठ के द्वारा एम एड के प्रशिक्षुओं के इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया का चयन किया जाना अपने आप में गौरव की बात है। एम एड प्रशिक्षुओं की प्रशंसा करते हुए डॉक्टर धीरज ने कहा कि इस दौरान इनके द्वारा इन दो हफ़्तों में नियमित रूप से कक्षा कक्ष में पठन-पाठन के अलावा और विभिन्न प्रकार के सह शैक्षणिक गतिविधियों का भी आयोजन बी एड के विधार्थियों के बीच किया गया जिसमें प्रमुख रूप से कला आधारित शिक्षण पर कार्यशाला पाठ सहायक सामग्री के निर्माण पर कार्यशाला बैडमिंटन प्रतियोगिता एवं शोध पत्र लेखन पर कार्यशाला एवम ई बुक्स के संग्रह पर कार्यशाला रही। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप एक ऐसा धरातल है जिस पर हम कक्षा कक्ष में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप देने का प्रयास करते हैं। शिक्षण अधिगम के मार्ग में आने वाले कठिनाइयों से परिचित होने का स्वर्णिम अवसर है इंटर्नशिप। प्रशिक्षु जीवन का महापर्व है इंटर्नशिप। इस मौके पर दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षा पीठ की सह प्राध्यापिका डॉक्टर रिंकी ने कहा शिक्षाशास्त्र विभाग से प्राप्त सहयोग के लिए मैं विभाग के प्रति आभार प्रकट करती हूं एवं भविष्य में भी ऐसे पारस्परिक सहयोग की अपेक्षा रखती हूं।उन्होंने कहा कि शिक्षण एक चुनौतीपूर्ण पेसा है और इस पेशे में आने वाले लोगों का मैं सम्मान करती हूं।

# बिहार प्रदेश के बरनवाल वैश्य महासभा के द्वारा 20 अक्टूबर को महाधरना प्रदर्शन करने का निर्णय

प्रातः किरण संवाददाता



गया।पटना के गर्दनीबाग में आगामी 20 अक्टूबर 2024 को महाधरना प्रदर्शन के परिपेक्ष्य में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बिहार के गया जिले के चंडी स्थान, बांके बाजार और रानीगंज में बिहार प्रदेश के बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ है। इस बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों के सहमति से बरनवाल जाति को बिहार तथा केंद्र में ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए एक दिवसीय महाधरना को सफल बनाने हेतु एक बैठक आहूत की गई है। 20 अक्टूबर 24 को महाधरना प्रदर्शन में हजारों-हजार की संख्या में पूरे बिहार में घूम घूम कर लोगों को जागृत करने का काम किया जा रहा है।इस बैठक में राजू बरनवाल जी ने कहा कि हमारी संख्या बिहार में मात्र 12 लाख है वैश्य समाज 122 जातियों में सिर्फ 21 जातियों के साथ बरनवाल समाज की आबादी जोड़कर 30 लाख बताया गया है जो हम लोगों के साथ एक जघन्य अपराध है

वैश्य समाज को छोटे-छोटे जाति में बांट कर कमजोर करने का काम किया गया है हर पाटीर्यां अपने वोट बैंक के लिए हम लोगों का इस्तेमाल करती है परंतु बरनवाल जाति को न तो बिहार में न ही भारत में ओबीसी का दर्जा दिया जाता है। इसी परिपेक्ष्य में आगामी 29 दिसंबर 2024 को पटना के मिलर हाई स्कूल में 50 हजार से 60 हजार लोगों के साथ राजनीतिक सम्मेलन को सफल बनाने के लिए राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल पूरे बिहार झारखंड का भ्रमण कर समाज के हजारों साथियों को पटना में प्रायोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुरजोर मेहनत कर रहे हैं । बरनवाल ने बताया कि बिहार में छोटी-छोटी जातियां जिनकी संख्या नगण्य हैं उन जातियों को नाम के साथ ओबीसी में आरक्षण दे दिया गया है यह हम लोगों के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है इसी को देखते हुए बरनवाल जाति को बिहार तथा केंद्र में ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए आगामी 20 अक्टूबर 24 को एक दिवसीय पटना के गर्दनीबाग में महाधरना का आयोजन किया जा रहा है। बरनवाल ने समाज लोगों को भरोसा दिलाया कि इस कार्यक्रम की सफलता से बिहार सरकार और केंद्र सरकार का ध्यान बरनवाल समाज के प्रति सहानुभूति के साथ हम लोगों को ओबीसी का दर्जा हासिल हो पाएगा। इस बैठक में वरीय बच्चू बरनवाल , विनोद बरनवाल , सविनय , महेंद्र बरनवाल , प्रमोद बरनवाल जितेंद्र बरनवाल , बैजनाथ बरनवाल , रोहित बरनवाल , सुजीत बरनवाल, उमा बाबू, बबलू, बालवीर चंद्र ,मनोज बरनवाल , प्रदीप कुमार बरनवाल , महामंत्री अशोक बरनवाल , विनोद देव , जयशंकर बरनवाल , संजय बरनवाल , पंकज बरनवाल , कौशल बरनवाल , डॉ विनोद बरनवाल सहित सैकडों सम्मानित समाज के बरनवाल लोगों की मौजूदगी रही।

## कलेर राजद प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सांसद को कराया अवगत



अरवल। कलेर राजद प्रतिनिधि मंडल ने जहानाबाद सांसद सुरेंद्र यादव के आवास पर पहुंचकर प्रखंड क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराया इस मौके पर कलेर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह ने बताया मेहंदिया सोन नहर पर नए पुल निर्माण की मांग किया गया है, मधुश्रवां जाने वाली जयबिगहा में सड़क मरम्मत करने की मांग किया गया , उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने क्षेत्र में हो रही विभिन्न समस्याओं को लेकर सांसद जी को अवगत कराया गया है मौके पर सांसद ने सभी समस्याओं को लेकर आश्वासन दिया है इस मौके पर जयपुर पंचायत मुखिया राजदेव पासवान, राजद नेता इमरान खान, माला यादव,

## सप्ताह में कम से कम एक दिन कॉटन वस्त्रों का प्रयोग शरीर की त्वचा के लिए आवश्यक: गोपाल पटवा

प्रातः किरण संवाददाता



गया।वर्ल्ड कॉटन डे विश्व कपास दिवस के अवसर पर गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बनाकर कल्याण संघ ने ग्राम निर्माण मंडल खड़ी ग्राम उद्योग समिति से कॉटन रुमाल की खरीदारी कर सांकेतिक रूप से सूती वस्त्रो का समर्थन करते हुए कहा कपास के रूई से निर्मित सुती धागा प्राकृतिक फाइबर है। प्राकृतिक ने हमें कॉटन के रूप में उपयुक्त नायाब चीज दिया है। इसके इस्तेमाल से हमारे शरीर की त्वचा में कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है और यह बहुत ही आराम देह होता है। आर्थिक लाभ के लिए कपास में मिलावट कर धागा का निर्माण किया जा रहा है जो मानव शरीर के लिए हानिकारक है। मशीनीकरण के दौर में हैंडलूम द्वारा निर्मित सूती वस्त्र आज भी भारतीय संस्कृति और परंपरा के तहत सप्ताह में काम से कम 01 एक दिन सूती वस्त्र का इस्तेमाल का संकल्प सभी भारतीयों को लेना चाहिए। हैंडलूम निर्मित सूती कपड़े के प्रयोग से किसानों को कपास का उचित समर्थन मूल्य मिलेगा। बुनकरों को बढ़ावा मिलेगा , स्वदेशी प्राकृतिक सुती कॉटन वस्त्र को बढ़ावा मिलेगा और बुनकर आत्मनिर्भर होंगे।अप्राकृतिक फाइबर से निर्मित वस्त्रों का कम से कम इस्तेमाल करने से ही कॉटन को बढ़ावा मिलेगा।

इंग्लैंड वर्सेस पाकिस्तान टेस्टः

## अब्दुल्लाह शफीक ने खत्म किया 10 पारी का सूखा, टेस्ट क्रिकेट में लगाया 5वां शतक



**मुल्तान, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद के बाद ओपनर अब्दुल्लाह शफीक ने शतक जड़ा। इस शतक के साथ उन्होंने 10 पारी का सूखा खत्म किया। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका 5वां शतक है। इससे पहले उन्होंने जुलाई 2023 में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। श्रीलंका के खिलाफ 201 रन की पारी खेलने के बाद अब्दुल्लाह शफीक 10 में से 7 पारी में दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर पाए थे। मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिसंबर 2023 में उन्होंने 62 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा अगस्त 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने 37 रन बनाए थे। वह 10 में 3 पारियों में डक पर आउट हुए थे।

## गोल्फ खेलने के लिए जेम्स एंडरसन ने छोड़ा टीम का साथ पाकिस्तान के खिलाफ अंग्रेज गेंदबाजों का हुआ बुरा हाल

**मुल्तान, एजेंसी।** इंग्लैंड के गेंदबाजी सलाहकार जेम्स एंडरसन के पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज की तैयारियों को छोड़कर



गोल्फ टूर्नामेंट के लिए जाने के फैसले ने लोगों को चौंका दिया है। जुलाई में रिटायरमेंट के बाद 42 वर्षीय एंडरसन को इंग्लैंड का रेड-बॉल गेंदबाजी मेंटर नियुक्त किया गया। हालांकि, मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ सोमवार (7 अक्टूबर) को होने वाले पहले टेस्ट से पहले वह इंग्लैंड की प्री-सीरीज तैयारियों का हिस्सा नहीं थे। वे प्रो-एम गोल्फ टूर्नामेंट अल्फ्रेड डनहिल लिंक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए स्कॉटलैंड गए थे। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण में विदेश में खेलने का अनुभव नहीं है।

## भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को हराने का नतीजा, सनत जयसूर्या बने श्रीलंका के प्रमुख कोच

**कोलंबो, एजेंसी।** सनत जयसूर्या को 2026 टी-20 विश्व कप तक श्रीलंकाई पुरुष टीम का प्रमुख कोच बनाया गया है।



श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अंतरिम कोच जयसूर्या की अगवाई में टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें स्थाई कोच बनाने का फैसला किया है। एसएलसी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, 'श्रीलंका क्रिकेट की एग्जेक्यूटिव कमेटी ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन को आधार मानते हुए ये निर्णय लिया है। जयसूर्या के अंतरिम कोच रहते हुए टीम ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की है। पिछले कुछ महीने में जयसूर्या की कोचिंग में श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के एकदिवसीय सीरीज जीती, उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में 10 साल बाद टेस्ट में जीत हासिल की और फिर अभी भी न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराते हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। जयसूर्या का ये पहला कोचिंग अनुभव है। इससे पहले जयसूर्या श्रीलंकाई टीम के साथ मुख्य चयनकर्ता के तौर भी कार्यभार संभाल चुके हैं। प्रमुख कोच के तौर पर जयसूर्या का पहली परीक्षा दंबुला और पल्लेकेले में होने वाले वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज में होगा।

# भारत की स्टार जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने किया संन्यास का एलान

- फ्यूचर प्लान भी शेयर किया
- ओलंपिक में भाग लेने वाली पहली महिला जिमनास्ट
- भविष्य में कोच की भूमिका निभा सकती हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला जिमनास्ट दीपा करमाकर ने सोमवार को अपने फैंस को निराश कर दिया। उन्होंने आज सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा की। इतना ही नहीं दीपा ने भविष्य में कोच या मेंटर की भूमिका निभाने के संकेत दिए हैं। दीपा करमाकर ने अपनी पोस्ट में लिखा, बहुत विचार करने के बाद मैंने जिम्नास्टिक से संन्यास लेने का फैसला लिया है। यह निर्णय मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन अब सही समय लगता है।

जिमनास्टिक मेरे जीवन का एक बड़ा हिस्सा रहा है और मैं इसके लिए आभारी हूं। उन्होंने लिखा, मुझे पांच साल की दीपा याद है, जिसे बताया ÷या था कि सपाट पैरों के कारण वह कभी जिमनास्ट नहीं बन सकती। आज मुझे अपनी उपलब्धियों को देखकर गर्व होता है। विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना, मेडल जीतना, रियो ओलंपिक में प्रोडुनोवा वॉल्ट का प्रदर्शन करना मेरे करियर का सबसे यादगार पल रहा है।

आज उस छोटी सी दीपा को देखकर मुझे बहुत खुशी होती है, क्योंकि उसमें सपने देखने का साहस था। त्रिपुरा की दीपा ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला जिमनास्ट बनीं थीं। उन्होंने 2016 में रियो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। हालांकि, वह मेडल जीतने से चूक गई थीं। वह फाइनल में चौथे स्थान पर रही थीं। दीपा ब्रॉन्ज मेडल जीतने से सिर्फ 0.15 अंक कम थीं।

इंग्लैंड वर्सेस पाकिस्तान टेस्टः

## शान मसूद ने 1524 दिन बाद ठोका टेस्ट शतक

**मुल्तान, एजेंसी।** टेस्ट क्रिकेट में शान मसूद के शतक का इंतजार आखिरकार थम गया. इंग्लैंड के खिलाफ मुल्तान टेस्ट में शतक जड़कर उन्होंने अपने इंतजार का सिलसिला तोड़ा. टेस्ट में शान मसूद ने आखिरी बार शतक साल 2020 में लगाया था. 5 अगस्त 2020 को इंग्लैंड के खिलाफ जमाए उस शतक के बाद अब अपने इंतजार को भी उन्होंने इंग्लैंड की टीम के खिलाफ ही खत्म किया है. टेस्ट में 1524 दिन बाद जो शतक शान मसूद ने लगाया है वो इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा और उनके टेस्ट करियर का 5वां शतक है.



### 10 साल बाद पाक बल्लेबाज का इतना तेज शतक

शान मसूद के इंग्लैंड के खिलाफ मुल्तान टेस्ट में जमाए शतक की सबसे खास बात ये रही कि इसकी स्क्रिप्ट उन्होंने काफी तेजी से लिखी. मुल्तान में कप्तानी पारी को खेलने के दौरान शान मसूद का स्ट्राइक रेट हमेशा बेहतर स्थिति में रहा, जिसका असर पाकिस्तान के स्कोर बोर्ड पर भी देखने मिल रहा है. टेस्ट क्रिकेट में 10 साल बाद ऐसा देखने को मिला है जब किसी पाकिस्तानी बल्लेबाज ने इतनी तेजी से शतक जड़ा है.

## टी-20 में सुरेश रैना के छक्कों का यह रिकॉर्ड टूटा, सूर्यकुमार चौथे नंबर पर पहुंचे; जानिए कहां हैं रोहित-कोहली

**ग्वालियर, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने 3 मैचों की टी20आई सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को ग्वालियर में 7 विकेट से हरा दिया और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए 19.5 ओवर में 127 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने 11.5 ओवर में 3 विकेट पर 132 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। इस मैच में सूर्यकुमार की कप्तानी लाजवाब रही तो वहीं उनकी बल्लेबाजी भी बेहतरीन रही। हालांकि उन्होंने छोटी पारी खेली, लेकिन इस दौरान उन्होंने ताबड़तोड़ शॉट्स लगाए और सुरेश रैना के एक बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ने में सफल रहे।

### सुरेश रैना से आगे निकले सूर्यकुमार यादव

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ग्वालियर में 14 गेंदों पर 3 छक्के और 2 चौकों की मदद से 29 रन की पारी खेली और एक बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। इन 3



छक्कों की मदद से सूर्यकुमार यादव टी20 क्रिकेट में छक्के लगाने के मामले में सुरेश रैना से आगे निकल गए। टी20 क्रिकेट में अब सूर्यकुमार के 328 छक्के हो गए जबकि रैना ने 325 छक्के लगाए थे। सूर्या अब टी20 प्रारूप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे स्थान पर आ गए जबकि रैना पांचवें नंबर पर चले गए। वहीं रोहित शर्मा 525 छक्कों के साथ पहले तो वहीं विराट कोहली 416 छक्के लगाकर दूसरे नंबर पर हैं।

### टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय

525 - रोहित शर्मा
416 - विराट कोहली
338 - एमएस धोनी
328 - सूर्यकुमार यादव
325 - सुरेश रैना
311 - केएल राहुल
302 - संजू सैमसन

सूर्या ने बांग्लादेश के खिलाफ 29 रन की पारी 207.14 की स्ट्राइक रेट के साथ खेली। उन्होंने भारत की तरफ से टी20आई में 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट के साथ 12वीं बार 25 या उससे ज्यादा रन बनाने का कमाल किया है। उनके बाद ऐसा 8 बार हार्दिक पांड्या ने किया है जबकि रोहित शर्मा और युवराज सिंह ने 7-7 बार ये कमाल किया था।

12 बार -सूर्यकुमार यादव
8 बार - हार्दिक पांड्या
7 बार - रोहित शर्मा
7 बार - युवराज सिंह
6 बार - दिनेश कार्तिक
4 बार - यशस्वी जायसवाल

## हरमनप्रीत कौर की फिटनेस पर स्मृति मंधाना ने दिया अपडेट

**पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच में लगी चोट**

**दुबई, एजेंसी।** 2024 महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत के दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर खेल समाप्त होने से ठीक पहले अपना संतुलन खोने और गर्दन में चोट लगने के कारण 29 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गई जिससे कई लोग चिंतित हो गए। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में हरमनप्रीत की जगह उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि चिकित्सा दल भारतीय कप्तान की गर्दन की चोट की जांच कर रहा है। स्मृति ने कहा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, चिकित्सक इसकी जांच कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह ठीक होंगी। अरुंधति रेड्डी के करियर के सर्वश्रेष्ठ 3-19 के स्पेल की बदौलत पाकिस्तान को 105/8 पर रोकने के बाद भारत से उम्मीद थी कि वह अपने नेट रन रेट को बढ़ाने के इरादे से झटके में पीछा पूरा कर लेगा, जो न्यूजीलैंड से 58 रन की हार के कारण काफी प्रभावित हुआ। लेकिन पाकिस्तान की अनुशासित गेंदबाजी के कारण भारत पावर-प्ले में केवल 25/1 रन ही बना सका और जोखिम लेने की कभी भी तत्परता नहीं दिखाई।



स्मृति ने स्वीकार किया कि भारत जिस तरह से पीछा करने के लिए आगे बढ़ा था, उसमें सुधार हो सकता था, अब उनका नेट रन रेट -1.217 है। पाकिस्तान का रन रेट और स्थिति हार के बाद भी बेहतर है। मंधाना ने कहा, हमने इसके बारे में सोचा (नेट रन रेट बढ़ाने के बारे में), लेकिन मैं और शेफाली गेंद को टाइम नहीं कर सके। इसलिए हम ऐसी स्थिति में नहीं पहुंचना चाहते थे जहां हम गेम का पीछा कर रहे हों, लेकिन ह्त्रक्र निश्चित रूप से हमारे दिमाग में है। यह गेम हमें कुछ गति देगा और उम्मीद है कि हम इस टूर्नामेंट में आगे बढ़ सकते हैं।

बैडमिंटनः

## पेरिस ओलंपिक की निराशा के बाद वापसी करेंगे पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन

**आर्कटिक ओपन में लेंगे हिस्सा**

**वंता (फिनलैंड), एजेंसी।** सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस ड्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और



कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया। दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया।

पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहे भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे। सिंधू और सेन का ओलंपिक के बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा। इन दोनों ने इस बीच अपने खेल का मूल्यांकन करने और उसमें आवश्यक सुधार करने पर ध्यान दिया। सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस ड्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया। दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया। आर्कटिक ओपन में सिंधू का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली से जबकि ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में हारने वाले सेन का डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू अगर पहली बाधा पर कर लेती हैं तो अगले दौर में उनका सामना 2022 की जूनियर विश्व चैंपियन 18 वर्षीय जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाज़ाकी से हो सकता है जिससे वह इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन में हार गई थी।

## मयंक यादव 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से क्यों नहीं कर पाए गेंदबाजी, आकाश चोपड़ा ने बताया कारण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के नए स्पीड स्टार मयंक यादव ने ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ अपने इंटरनेशनल टी20 क्रिकेट करियर का आगाज किया। इस मैच में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन उनकी एक भी गेंद 150 की स्पीड को पार नहीं कर पाई। इस मैच के बाद खुद मयंक ने भी कहा था कि वो अपनी स्पीड की बजाए अपनी लाइन व लेंथ पर ज्यादा ध्यान दे रहे थे। वहीं मयंक इस मैच में 150 की स्पीड की रफ्तार से आगे क्यों नहीं जा पाए इसके बारे में पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने बताया।

**मयंक ने क्यों 150 की स्पीड से नहीं की गेंदबाजी** – आकाश चोपड़ा का मानना है कि युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे नहीं बढ़ना चाहते थे क्योंकि वह चोट से उबरकर वापसी कर रहे थे। आईपीएल 2024 सीजन के दौरान अपनी तेज रफ्तार से प्रभावित करने वाले मयंक पिछले 4 महीनों से चोट के कारण बाहर थे और इस दौरान उन्होंने कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट भी नहीं खेला। दिल्ली के इस तेज गेंदबाज को इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए सीधे भारतीय टीम में



शामिल कर लिया गया। मयंक ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत शानदार अंदाज में की और उनका पहला ओवर मेडन रहा था। इसके बाद वे एक विकेट लेने में सफल रहे और अपने 4 ओवरों में 21 रन देकर 1 विकेट लिया जिससे भारत आराम से मैच जीत गया। हालांकि हर कोई इस तेज गेंदबाज को लगातार 150 से ऊपर की गति से गेंदबाजी करते हुए देखना चाहता था, लेकिन उन्होंने खुद पर ज्यादा जोर नहीं डालने का फैसला किया था और उनकी सबसे तेज गेंद 149 के करीब रही। अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए, चोपड़ा ने कहा कि मयंक क्रिकेट में वापसी करने पर अपने शरीर पर ध्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मयंक यादव ने अपना पहला ओवर मेडन फेंका ङ्क मयंक 'गतिमान' यादव। उन्होंने चार महीने से क्रिकेट नहीं खेला था। वे चोट के बाद वापस आ रहे थे अपने पहले इंटरनेशनल मैच में वो थोड़े नर्वस भी थे। हालांकि उन्होंने अच्छी शुरुआत की और सीधी लाइन में गेंदबाजी करने की कोशिश की। वह 150-160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंचने की कोशिश नहीं कर रहे थे, क्योंकि उनका ध्यान शरीर पर ज्यादा था। इसमें कोई शक नहीं है कि इस गेंदबाज के पास काफी गति है। उन्हें पूरी तरह से लय में आने में थोड़ा समय लगेगा और मुझे उम्मीद है कि टीम इंडिया उन्हें मौका देगी।

## पार्थिव पटेल ने बताई एबी डिविलियर्स की क्या थी कमजोरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के एबी डिविलियर्स दुनिया के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। अपने करियर के दौरान हर गेंदबाज डिविलियर्स से खौफ खाता है। वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 31 गेंदों पर शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके नाम ही है। वह वनडे में 9 बार 75 या उससे कम गेंदों पर शतक लगा चुके हैं। आईपीएल में भी उन्होंने आरसीबी के लिए कई यागदार पारियां खेली हैं। इस बीच पार्थिव पटेल से डिविलियर्स की कमजोरी पूछी गई।

**क्या है एबी डिविलियर्स की कमजोरी** – आईपीएल में भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल एबी डिविलियर्स के साथ काफी खेले हैं। पार्थिव से एक इंटरव्यू में पूछा गया कि वानखेड़े स्टेडियम जैसी आसान विकट हो तो डिविलियर्स की कोई कमजोरी है। इसके जवाब में पार्थिव ने हाथ हिलाकर मना करते हुए कहा, कोई तरीका नहीं है, खाली उसके बोल सकते हैं कि फाइनल मैच या नॉकआउट मैच है। तो फिर कुछ हो सकता है।



**साउथ अफ्रीका का चोक करने का इतिहास** – एबी डिविलियर्स ही नहीं बल्कि साउथ अफ्रीका की पूरी टीम का इतिहास चोक करने का रहा है। नॉकआउट या फाइनल जैसे मैच में टीम लगभग फेल ही रहती है। डिविलियर्स ने दो बार आईपीएल का फाइनल खेला है। 2011 में उन्होंने 12 गेंद पर 18 रन बनाए थे तो 2016 में 6 गेंद पर सिर्फ 5 रन बना सके। दोनों मैचों में आरसीबी को हार मिली थी। अपने इंटरनेशनल करियर में डिविलियर्स एक बार भी आईसीसी इवेंट का फाइनल नहीं खेल पाए।

**ss नॉकआउट मैच में गिर जाता है औसत** – एबी डिविलियर्स ने अपने इंटरनेशनल करियर में 48 की औसत से रन बनाए हैं। नॉकआउट मैच की बात करें तो उन्होंने करियर में 9 नॉकआउट मैच में हिस्सा लिया है। टी20 के दो नॉकआउट मैच में 5.5 की औसत से उन्होंने 11 रन बनाए हैं। ओवरऑल 9 नॉकआउट मैच में उनका औसत 38 का है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरएसएस नेताओं से मिलना एडीजीपी साहब को पड़ा भारी, सरकार ने रिपोर्ट मिलते ही कर दिया तबादला

**तिरुअनंतपुरम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेताओं से मिलने पर केरल सरकार ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एमआर अजित कुमार का तबादला कर दिया है। उनको राज्य की कानून-व्यवस्था संबंधी जिम्मेदारी से हटाकर सशस्त्र पुलिस बटालियन में तैनात किया गया है। खुफिया एडीजीपी मनोज अब्राहम को कानून-व्यवस्था का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य के पुलिस प्रमुख के नेतृत्व वाली एक विशेष टीम द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट की जांच के बाद यह निर्णय लिया। संघ नेताओं से मिलने के कारण अजित कुमार विपक्षी कांग्रेस और सत्तारूढ़ एलडीएफ के घटक दल भाकपा के निशाने पर थे। कहा जा रहा है कि अजित कुमार ने दिसंबर 2023 में त्रिशूर में संघ के शिविर के दौरान आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले से मुलाकात की थी। कुछ महीने पहले तिरुअनंतपुरम में राम माधव से मुलाकात करने की बात भी कही जा रही है। भाकपा के राज्य सचिव बिनाय विश्वम ने सरकार के फैसले का स्वागत किया है।

### हिमाचल के ऊना में पद्रवियों ने वंदे भारत ट्रेन पर किया पथराव, 4 डिब्बों को नुकसान

**उना, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर उपद्रवी तत्वों की ओर से पथराव किए जाने की घटना सामने आई है। यह घटना तब हुई जब ट्रेन अंब-अंदौरा स्टेशन से नई दिल्ली जा रही थी। इस हमले में वंदे भारत ट्रेन के चार डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि इस हमले में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। पथराव शनिवार अपराह्न लगभग सवा एक बजे बसाल गांव के समीप हुआ।

अज्ञात लोगों ने डिब्बों की खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। हमले के दौरान ट्रेन में बैठे यात्री खुद को बचाने के लिए सीटों के नीचे छिप गए। ट्रेन के चार डिब्बों ई-1, ई-2, सी-7 और सी-10 को नुकसान पहुंचने की जानकारी है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रेलवे पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। दोषियों को पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

हमले के तुरंत बाद लॉको पायलट ने तुरंत मामले की सूचना अंबाला डिवीजन को दी, जिसके बाद रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) और ऊना रेलवे पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस और आरपीएफ की टीमें घटनास्थल के आसपास के गांवों में जाकर लोगों से पूछताछ की। अभी तक पत्थरबाजों का सुराग नहीं मिल पाया है। रेलवे पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना के पीछे की वजह जानने की कोशिश कर रही है। सुरक्षा के लिहाज से कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि वंदे भारत ट्रेन हफ्ते में छह दिन चलती है। यह देश की सबसे तेज ट्रेनों में से एक है। घटना के बावजूद यात्री बिना किसी बाधा के अपनी यात्रा जारी रख सके। इस हमले में दो कोच के शीशे टूट गए और दो अन्य कोचों पर निशान पड़ गए। हाल ही में इटावा के पास मवेशी के टकरा जाने से अयोध्या-दिल्ली वंदे भारत ट्रेन लगभग तीन घंटे तक रुकी रही थी।

### शिमला में अब होटल में गोमांस का विवाद, कश्मीर के कर्मचारियों पर आरोप, गौशाला में माफी मंगवाई

**शिमला, एजेंसी।** शिमला के संजौली में मस्जिद विवाद के बीच एक निजी होटल में गोमांस (बीफ) लाने का मामला सामने आया है। होटल में काम करने वाले मुस्लिम समुदाय के दो कर्मचारियों पर ये आरोप लगे हैं। होटल में कार्यरत हिन्दू कर्मचारियों को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने इस पर आपत्ति जताई। इस बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा भी हुआ। मामला पुलिस के पास पहुंचा और पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई। हालांकि पुलिस को तफ्तीश में होटल में बीफ के इस्तेमाल का कोई प्रमाण नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि होटल में किसी भी प्रकार का कुछ संदिग्ध नहीं मिला है, लेकिन फिर भी पुलिस द्वारा होटल की रसोई का जरूरी सामान जांच के लिए एफएसएल भेजा जा रहा है, ताकि वास्तविकता का पता चल सके। इस घटनाक्रम को लेकर सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है।

# किंगमेकर बनने के मूड में पीडीपी, कांग्रेस-एनसी संग जाने को तैयार

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान खत्म होने के बाद सरकार बनाने के लिए गठबंधन की कोशिशें तेज हो गई हैं। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलेगा। मगर, भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर रखने के लिए समान विचारधारा वाले दलों और व्यक्तियों के लिए दरवाजे खुले हैं। वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि एनसी और कांग्रेस मिलकर सरकार बनाते दिख रहे हैं। अगर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी ) हमसे जुड़ने के लिए तैयार है, ये बेहद अच्छी बात है। दरअसल, एग्जिट पोल सामने आने के बाद पीडीपी नेता जुहैब यूसुफ मीर ने कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए वे एनसी और कांग्रेस के साथ गठबंधन करने को तैयार हैं।

पीडीपी लीडर के इस बयान को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें बधाई हो। उनकी सोच अच्छी है, हम सभी एक राह पर हैं। उन्होंने कहा, नफरत को हमें खत्म करना है और जम्मू-कश्मीर को इकट्?ठा रखना है। मालूम हो कि शनिवार को आए ज्यादातर एग्जिट पोल में कहा गया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर सकती है। भाजपा को 2014 के विधानसभा चुनाव में मिली 25 सीट की तुलना में इस बार थोड़ा अधिक सीट मिलने की उम्मीद है। पीडीपी को





इस बार 10 से भी कम सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। पीडीपी को 10 साल पहले हुए चुनाव में 28 सीट मिली थीं।

5 विधायकों को मनोनित करने पर मचा हंगामा

उपराज्यपाल की ओर से 5 विधायकों के संभावित मनोनयन पर कर्रा ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की मूल अवधारणा के विपरीत और लोगों के जनादेश को विफल करने के लिए चुनाव परिणामों में हेराफेरी के बराबर होगा। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी और भाजपा को उसके मंसूबों में सफल नहीं होने देगी, हालांकि वह सरकार गठन के लिए दावा करने के करीब भी नहीं होगी।' शहरी स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव पर कांग्रेस की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष कर्रा ने कहा कि इस पर अंतिम निर्णय निर्वाचित सरकार पर छोड़ दिया जाना चाहिए। पार्टी उम्मीदवारों ने कर्रा को बताया कि पुलिस और प्रशासन भाजपा का पक्षधर है और आरोप लगाया कि प्रशासन सत्तारूढ़ पार्टी के प्रत्याशियों की ओर से चुनावी कदाचार के खिलाफ कार्रवाई करने में ज्यादातर जगहों पर विफल रहा है।

फारूक अब्दुल्ला का भाजपा से गठबंधन करने से इनकार

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला कह चुके हैं कि उनकी पार्टी सरकार बनाने के लिए भाजपा से कोई गठबंधन नहीं करेगी। अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा, 'हम बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। चुनाव में जो मत हमें मिले हैं वे भाजपा के खिलाफ हैं। मुस्लिमों को वे मुश्किल में डालते हैं, उनकी दुकानों, मकानों, मस्जिदों और विद्यालयों पर बुलडोजर चलाते हैं। आप समझते हैं कि हम उनके साथ जाएंगे?' उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक भी मुस्लिम को प्रतिनिधित्व नहीं दिया और यहां तक केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। एनसी अध्यक्ष ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमारे लोग भाजपा के लिए मतदान नहीं करेंगे। अगर वे सोचते हैं कि सरकार बना लेंगे तो वह ख्याली दुनिया में हैं।'

# कांग्रेस जीती तो कौन बनेगा हरियाणा का मुख्यमंत्री, कुमारी शैलजा बोलीं- रेस में हूं लेकिन...

**चंडीगढ़, एजेंसी।** एग्जिट पोल के नतीजों ने हरियाणा में कांग्रेस को हरी झंडी दे दी है। कांग्रेस आलाकमान के लिए सबसे बड़ा सवाल मुख्यमंत्री पद को लेकर है कि चुनाव जीतने पर किसके सिर पर जीत का सेहरा पहनाया जाए। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने मुख्यमंत्री पद को लेकर कहा है कि वह हरियाणा के मुख्यमंत्री के पद को लेकर किसी तरह का कोई दावा पेश नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि आखिर मुझे दावा क्यों पेश करना चाहिए? सभी को इस तरह की मानसिकता से दूर रहना चाहिए की पद के लिए लोग दावा करते हैं। एग्जिट पोल के नतीजों पर शैलजा ने कहा कि मुझे विश्वास है कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी 60 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। लगभग सात एग्जिट पोल्स ने अनुमान लगाया है कि पार्टी बहुमत के साथ सत्ता में आएगी।

एनडीटीवी के साथ बात करते हुए कुमारी शैलजा ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पद को लेकर किसी भी प्रकार का कोई दावा नहीं करने वालीं। हालांकि मैं इस रेस में हूं लेकिन इस पद का चुनाव पारंपरिक दावेदारी के माध्यम से नहीं होगा। इस पद के लिए हमारे पास वरिष्ठता का एक स्तर है, जो जमीन पर कड़ी मेहनत करते हैं और पार्टी के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे लोगों पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी की हर राज्य ईकाइ में समूह होते हैं। इसलिए केवल हरियाणा या हमारी पार्टी के ऊपर सवाल



उठाना गलत है। हम सभी ने मिलकर जमीन पर इस चुनाव में कड़ी मेहनत की है।

**विधायकों की जगह आलाकमान ले मुख्यमंत्री पद का फैसला:** कुमारी शैलजा ने विधायकों के द्वारा मुख्यमंत्री चुनने की प्रक्रिया को गलत बताते हुए कहा कि मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। विधायक इसके लिए उत्तरदायी नहीं होने चाहिए। सांसद ने कहा कि अगर विधायकों के ऊपर यह फैसला छोड़ा जाता है तो इससे और अधिक गुटबाजी हो सकती है। इस गुटबाजी से बचने के लिए आलाकमान को ही यह फैसला लेना चाहिए कि जीत के बाद कौन मुख्यमंत्री बनेगा।

**मुझे सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त-कुमारी शैलजा:** कांग्रेस सांसद ने हरियाणा में अपनी स्वीकार्यता को लेकर कहा है कि हरियाणा मुझे एक मौका दे सकता है। मुझे हरियाणा के सभी वर्गों का समर्थन हासिल है, मुझे दलितों का भी समर्थन हासिल है। मुझे लगता है कि हमें एक वर्ग के प्रभुत्व की तरफ नहीं जाना चाहिए, यह उस वर्ग के लिए भी सही नहीं है। वह अलग-थलग पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रीय पार्टी को चीजों के प्रति अपना एक राजनीतिक दृष्टिकोण रखना चाहिए, किसी पद पर लोगों को चुनते समय हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि हम जनता को क्या दिखाना चाहते हैं या हम क्या करना चाहते हैं। इसके अलावा आलाकमान के शब्द अंतिम होते हैं वह जो फैसला लेंगे वह हम सभी को मंजूर होगा। दरअसल, हरियाणा कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर दावेदारी पहले ही शुरू हो गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और कुमारी शैलजा मुख्यमंत्री पद को लेकर अपनी इच्छा पहले ही जता चुक हैं।

एग्जिट पोल के नतीजों के अनुसार हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को अच्छी बढ़त मिलती हुई दिख रही है। भाजपा को इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ सकता है। मंगलवार 8 अक्टूबर को होने वाली मतगणना के बाद जम्मू-कश्मीर और हरियाणा को अगले पांच साल तक कौनसी पार्टी नेतृत्व देगी इसका फैसला हो जाएगा।

# इजरायल लिखी बस पर बवाल, ट्रैवल एजेंसी मालिक को बदलना पड़ा नाम



**कन्नड़, एजेंसी।** हिजबुल्लाह पर इजरायल के हमले और ईरान व फिलिस्तीन की टेंशन का असर भारत पर भी दिख रहा है। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में एक बस मालिक को अपनी ट्रैवल एजेंसी का नाम बदलना पड़ गया। असल में उसने अपनी बस पर ट्रैवल एजेंसी का नाम इजरायल ट्रैवल्स लिखवा रखा था। लेकिन सोशल मीडिया में हो रही आलोचना के बाद उसे यह नाम बदलना पड़ा। अब उसने इसका नाम जेरुसलम रखा है। इस ट्रैवल एजेंसी की बसें मूडबिडरी-किन्नीगोली-कती-मुल्की रूट पर चलती है। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर इसकी फोटो शेयर की थी। इन लोगों ने पुलिस से मांग की थी कि इसके खिलाफ केस दर्ज किया जाए।

बस मालिक लेस्टर कतील ने बताया कि उसने 12 साल तक इजरायल में काम किया है। इसीलिए उसने अपनी ट्रैवेल एजेंसी का नाम इजरायल के नाम पर रखा। उन्होंने बताया कि घर वापस लौटने से पहले मैंने इजरायल में अलग-अलग जगहों पर काम किया। जब मैंने अपनी ट्रैवेल एजेंसी शुरू की तो यह नाम रखने के बारे में सोचा था। तब मुझे बिल्कुल भी आइडिया नहीं था कि लोगों को इस पर ऑब्जेक्शन हो सकता है। मैंने तो एजेंसी का नाम सिर्फ इसलिए इजरायल रखा था क्योंकि उस देश ने मुझे रोजगार दिया था। आपत्ति जताने वाले लोगों का तर्क था कि अगर कोई फिलिस्तीन के समर्थन में तस्वीर लगाता है तो पुलिस केस करती है। ऐसे में इजरायल का समर्थन करने के लिए लेस्टर के खिलाफ केस क्यों नहीं होना चाहिए?

गौरतलब है कि कर्नाटक का दक्षिण कन्नड़ जिला सांप्रदायिक तनाव वाला है। जब लोगों ने सोशल मीडिया पर बस पर लिखे नाम पर सवाल उठाया तो इसे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। इसके बाद बस मालिक ने इसमें बदलाव करते हुए जेरुसलम नाम रखने का फैसला किया। उन्होंने कहाकि मुझे समझ नहीं आ रहा कि लोगों को 'इजरायल ट्रैवल्स' से दिक्कत क्या है? लेस्टर ने कहाकि पुलिस को कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन मैंने नाम इसलिए बदल लिया ताकि आगे चलकर कोई मुश्किल न हो।

# श्रीलंका में ईस्टर संडे आतंकी हमलों की जांच में आएगी तेजी: राष्ट्रपति अनुरा कुमार



**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिस्सानायके ने 2019 के ईस्टर रविवार के हमलों की जांच तेज करने का वादा किया है, पीड़ितों के परिवारों को न्याय दिलाने का वादा किया है। 2019 में ईस्टर रविवार को हुए हमलों में 270 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 11 भारतीय भी शामिल थे। बम विस्फोट स्थानीय इस्लामी चरमपंथी समूह नेशनल तौहीद जमात द्वारा आत्मघाती हमलावरों द्वारा किए गए थे, जो ISIS से जुड़ा था।

घटना के बाद से हजारों गिरफ्तारियां हुई हैं, लेकिन अभी तक कोई मुकदमा नहीं चला है। कटुवापिटिया में सेंट सेबस्टियन चर्च के दौरे के दौरान, राष्ट्रपति दिस्सानायके ने एक त्वरित और पारदर्शी जांच के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की त्रासदियां दोबारा नहीं होनी चाहिए और एक निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। श्रीलंका में कैथोलिक चर्च, जहां बौद्ध धर्म बहुसंख्यक धर्म है, ने चल रही जांचों पर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने उनकी आलोचना राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रयासों के रूप में की है जो उन प्रभावशाली लोगों को बचाने का प्रयास करते हैं जिन्होंने हमलों का आयोजन किया हो सकता है।

कैथोलिक चर्च के प्रमुख मैल्कम कार्डिनल रंजित अपनी चिंताओं को लेकर मुखर रहे हैं। 23 सितंबर को श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के रूप में पद ग्रहण करने के बाद, दिस्सानायके ने हमलों की जांच फिर से खोलने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्डिनल रंजित ने पिछले महीने कहा था कि नए राष्ट्रपति ने उन्हें आश्वस्त किया था कि ईस्टर रविवार के हमलों के बारे में सच्चाई सामने आएगी। पूर्व राष्ट्रपति गोताबाया राजपक्षे और रानिल विक्रमसिंघे पर जांच को संभालने के लिए आलोचना के साथ निशाना बनाया गया है।

# जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा से खुश पाक के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद, बोले- यह एक 'सकारात्मक कदम

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीदमहमूद कसूरी ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस्लामाबाद दौरे को 'सकारात्मक कदम करार देते हुए कहा कि इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। भारत ने 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाने वाले प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई जयशंकर द्वारा किये जाने की शुक्रवार को घोषणा की।

जयशंकर ने हालांकि पाकिस्तान के अपने दौरे के दौरान द्विपक्षीय वार्ता की संभावनाओं से इनकार किया। डॉन समाचार पत्र ने रविवार को कसूरी के हवाले से एक खबर में बताया, जयशंकर का दौरा बहुपक्षीय है लेकिन इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। जनरल परवेज मुशर्रफ की सरकार में 2002 से 2007 तक पाकिस्तान के विदेश मंत्री रहे कसूरी ने कहा कि दोनों देशों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, बातचीत फिर से शुरू करने से लोगों के बीच संपर्क बहाल करने में मदद मिलेगी और सड़क, रेल तथा हवाई संपर्क बहाल करने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, कसूरी ने सुझाव दिया कि पश्चिमी एशिया में भारी तनाव के समय पाकिस्तान और भारत को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता था। पश्चिमी एशिया में इजरायल, गाजा और लेबनान के लोगों को निशाना बना रहा है।



**पाकिस्तान में इमरान की पार्टी के प्रदर्शन से पहले सुरक्षा बढ़ाई:** उन्होंने कहा, अतीत में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के समय यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के राजदूत ने भूमिका निभाने का दावा किया था। कसूरी ने कहा कि दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं और उनके पास शक्तिशाली सेनाएं है, इसलिए क्षेत्र में तनाव कम करना उनके आपसी हित में है। समाचार पत्र ने पूर्व मंत्री के हवाले से कहा, इस स्थिति में दोनों देशों को जिम्मेदारी और समझदारी से काम करने की जरूरत है। यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिसमें क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत है। कसूरी ने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को देखते हुए भारत एक निम्न स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेज सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान-भारत संबंधों का अनुमान लगाना मुश्किल है और ये कभी भी बदल सकते हैं जैसा कि अतीत में कई मौकों पर हुआ है।

# हमले की बरसी पर गरजे इजरायली पीएम, कहा-हम रुकने वाले नहीं, खाई जीत की कसम

**येरूशलम, एजेंसी।** हमास द्वारा इजरायल की हमले को एक साल हो गए। युद्ध अभी भी लगातार जारी है, बल्कि और तेज होता जा रहा है। हमले की बरसी पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जीत की कसम खाई। साथ ही कहा कि उनके देश की सेना ने हमास के 7 अक्टूबर के हमले के बाद से हकीकत को पूरी तरह से बदल दिया। गाजा पट्टी और लेबनान में चल रही लड़ाई के बीच नेतन्याहू ने सेना से कहाकि इजरायल ही जीतेगा। इस बीच इजरायल अब ईरान पर भी हमला करने की फिराक में है। हिजबुल्लाह प्रमुख सैय्यद हसन नसरल्लाह और हमास चीफ इस्माइल हनियेह के मारे जाने के बाद से ईरान ने इजरायल पर 180 मिसाइलें दागी हैं।

बढ़ते संघर्ष में अमेरिका के शामिल होने का खतरा भी है। अमेरिका ने इजरायल को महत्वपूर्ण सैन्य और कूटनीतिक समर्थन प्रदान



किया है। साथ ही अमेरिका के सहयोगी अरब देशों के भी इसमें कूदने का खतरा है, जिनके यहां अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। सीरिया, इराक और यमन में ईरान के सहयोगी आतंकवादी समूह पहले ही इजरायल पर लंबी दूरी के हमलों में शामिल हो चुके हैं।

इजरायल ने बेरुत के दक्षिणी उपनगर में रविवार को हमले जारी रखे। यह हमले लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा हैं, जहां ईरान समर्थित इस ग्रुप का ठिकाना है। इजरायली सेना के मुताबिक उसने बेरुत में हिजबुल्लाह के आतंकी निशानों हथियार रखने की जगहों पर हमले किया है। इसमें यह भी कहा गया है कि उसने हिजबुल्लाह के इंटेलीजेंस हेडक्वॉर्टर पर भी हमला किया है।

वहीं, हिजबुल्लाह की तरफ से बताया गया है कि उसने हाइफा के दक्षिण में स्थित मिलिट्री बेस को निशाना बनाया है। इजरायल का यह तीसरा सबसे बड़ा शहर है जिस पर 'फादी 1' मिसाइल से हमला किया गया है। इजरायली मीडिया के मुताबिक देश के उत्तर में हमलों में 10 लोग घायल हुए हैं। वहीं, गाजा पट्टी में इजरायल ने एक मस्जिद पर हवाई हमला किया, जिसमें 26 लोग मारे गए। इस दौरान एक स्कूल पर असर पड़ा जहां लोगों ने पनाह ले रखी थी। इस बीच, इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया में नए सिरे से हवाई और जमीनी आक्रमण शुरू करने की घोषणा की। उसने कई तस्वीरें और वीडियो प्रसारित की हैं जिनमें इलाके की ओर जा रहे कई टैंक दिखाई दे रहे हैं। सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने जबालिया को घेर लिया है। युद्ध के दौरान, इजराइल ने वहां कई बड़े अभियान चलाए, लेकिन आतंकवादियों को फिर से संगठित होते देखा। इजरायल ने उत्तरी गाजा को खाली करने का भी ताजा आदेश जारी किया है जो युद्ध के शुरुआती हफ्तों में काफी हद तक खाली हो गया था, जब इजरायल ने उत्तरी गाजा की पूरी आबादी को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया था। ऐसा अनुमान है कि कठिन परिस्थितियों और बड़े पैमाने पर विनाश के बावजूद 3,00,000 लोग वहां रह रहे हैं। सेना ने इलाके में गिराए पर्चों में कहाकि हम युद्ध के नए चरण में हैं। इन इलाकों को खतरनाक युद्ध क्षेत्र माना जाता है। फलस्तीनी निवासियों ने उत्तरी गाजा में इजरायल की ओर से भारी बमबारी किये जाने की खबर दी है। निवासियों ने हवाई हमलों के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और अपने रिश्तेदारों के लिए शोक व्यक्त किया। इमाद अलारबिद ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि जबालिया में उनके घर पर हवाई हमले में उनके माता-पिता सहित परिवार के 12 सदस्य मारे गए। उत्तरी गाजा में अल जजीरा के संवाददाता अनस अल-शरीफ ने बताया कि जबालिया में एक घर पर बमबारी में उनका एक सहकर्मी हसन हम्द मारा गया।

फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन ताजा हमलों से गाजा में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या अब 42,000 के करीब पहुंच गयी है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने आम नागरिक और आतंकवादी हैं, लेकिन मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह हमला रविवार तड़के किया गया। इससे पहले इजरायल ने शनिवार को लेबनान में बमबारी करते हुए हिजबुल्ला और हमास, दोनों के लड़ाकों को निशाना बनाया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129